## आज का दिन

इसी दिन वर्ष 1974 में भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने वनडे इंटरनेशनल मैच के सफर की शुरूआत की थी। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहली बार 60 ओवर के प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। उस समय भारतीय टीम की कमान अजीत वाडेकर के हाथों में थी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 127 | रांची, सोमवार, 13 जुलाई 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com







# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ने पार्श्व गायिका जानकी अम्मा के निधन पर शोक जताया

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने पार्श्व गायिका एस जानकी अम्मा के निधन पर शोक प्रगट किया है। इनका कहना है कि जानकी अम्मा के निधन से संगीत ने एक महान हस्ती को खो दिया है, जिनकी असाधारण गायकी ने पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया। दक्षिण भारत की कोकिला के नाम से मशहूर एस. जानकी का 88 वर्ष की आयु में शनिवार को मैसूरु में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। उनका 20 से अधिक भाषाओं में 48 हजार से अधिक गीतों के साथ छह दशक का करियर रहा है। एस. जानकी ने हिंदी सिनेमा में कई सदाबहार गीत गाए हैं। उनके लोकप्रिय गीतों में बप्पी लाहिड़ी के साथ 'यार बिना चैन कहां रे', 'गोरी का साजन, साजन की गोरी', 'सुन रुबिया' और 'घायल घायल तूने मुझे कर दिया' शामिल हैं। 'नैनो में निंदिया है' और 'हसीनों का दस्तूर' भी उनके चुनिंदा हिंदी गानों में से हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने शोक संदेश में कहा कि उनका कालातीत संगीत हमेशा अनमोल रहेगा। उनके निधन से भारत ने एक संगीत की महान हस्ती को खो दिया है। उनकी असाधारण गायकी ने पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया। उनका गौरवशाली करियर छह दशकों से अधिक समय तक फैला रहा, जिसके दौरान उन्होंने हिंदी, ओडिया, तुलु, उर्दू, पंजाबी और बंगाली सहित लगभग 20 भारतीय भाषाओं में हजारों गीत रिकॉर्ड किए। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णनन ने जानकी अम्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी असाधारण आवाज ने भारतीय संगीत को समृद्ध किया और पीढ़ियों से अनगिनत दिलों को छुआ। उनके गीतों ने भाषाई और क्षेत्रीय सीमाओं को पार करते हुए संगीत की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से लाखों लोगों को एकजुट किया। एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत जगत और देश की कलात्मक विरासत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने शास्त्रीय, भक्ति और लोक संगीत रचनाओं में समान महारत दिखाई और हर शैली पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। भारतीय संगीत में उनके अपार योगदान के माध्यम से, उन्होंने एक ऐसी विरासत छोड़ी है जो कलाकारों और संगीत प्रेमियों को समान रूप से प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानकी अम्मा के निधन को संगीत और संस्कृति जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि विभिन्न भाषाओं में उनके गीत पीढ़ियों तक लोकप्रिय रहे। उन्होंने अद्वितीय गरिमा और बहुमुखी प्रतिभा के साथ हर भावना को आवाज दी। उनकी मधुर धुनें आने वाले वर्षों में भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करती रहेंगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अलौकिक आवाज वाली जानकीजी ने उन गीतों में जान फूंकी जो विभिन्न भाषाओं में कालजयी क्लासिक्स बन गए। हमारे देश की सबसे सम्मानित सांस्कृतिक हस्तियों में से एक उन्होंने संगीत जगत में एक अपूरणीय रिक्ति छोड़ दी है।

## भारत ने साइप्रस के जहाज पर ईरान के हमले की निंदा की



एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने ओमान के तट पर साइप्रस ध्वज वाले कंटेनर जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर हुए ईरानी हमले की निंदा की है। साथ ही वाणिज्यिक जहाजों पर बार-बार हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय जलक्षेत्र में सुरक्षित नौवहन बहाल करने के लिए तत्काल तनाव कम करने और राजनयिक समाधान तलाशने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि साइप्रस के जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। हमले के बाद 10 को बचा लिया गया है और एक लापता है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि हम आज सुबह ओमान के तट पर वाणिज्यिक पोत जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। पोत पर सवार 11 भारतीय नागरिकों में से 10 को अब तक बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक लापता बताया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है और चल रहे खोज एवं बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है। हम ओमान के अधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों की लगातार घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। हम तनाव को तत्काल कम करने और राजनयिक समाधान के लिए चल रही बातचीत को पूरा करने का अपना आह्वान दोहराते हैं ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल हो सके। क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए ।

## अमित शाह ने अहमदाबाद में 405 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन और शिलान्यास

एजेंसी



अहमदाबाद। शहर को हराभरा और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से अहमदाबाद महानगरपालिका द्वारा ह्यमिशन फाइव मिलियन ट्रीह्ल के तहत भव्य सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को साइंस सिटी के विज्ञान भवन में आयोजित मेगा कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 405 करोड़ की विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ह्यमिशन फाइव मिलियन ट्रीह्ल परियोजना के तहत शहर में हरित विकास को बढ़ावा देने वाले हेरिटेज पार्क और 101 ऑक्सीजन पार्क-अर्बन फॉरेस्ट का भी अमित शाह ने लोकार्पण किया। ग्रीन मोबिलिटी के तहत बीआरटीएस नेटवर्क में 80 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत की गई। इसके साथ ही एएमटीएस के बेड़े में भी 75 नई एसी बसें शामिल की गईं। कार्यक्रम के दौरान 60.68 करोड़ की लागत से निर्मित 188 आधुनिक सरकारी आवासों का भी ई-लोकार्पण किया गया। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने भाड़ज, बोपल और वाडज सहित विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि आज मैं अहमदाबाद शहर और गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों को हृदय से नमन और अभिनंदन करता हूं। गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में आज एक ही दिन में नागरिकों ने मिलकर 1 करोड़ 25 लाख से अधिक पौधे लगाने का भगीरथ कार्य किया है, जबकि अहमदाबाद शहर की तीनों लोकसभा सीटों में अलग से 50 लाख पौधे लगाने का महाअभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले जब उन्होंने बैठक में यह विचार रखा था, तब किसी ने स्पष्ट रूप से हां या ना नहीं कहा था, लेकिन आज जनता ने इसे साकार कर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे ह्यदेश में हरित आवरण बढ़ाने के लिए ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान का आह्वान किया है, ताकि लोग अपनी मां और धरती माता की स्मृति में एक-एक पौधा लगाएं। अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार के केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने सात वर्षों में 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा आज अत्यंत आवश्यक हो गई है। वाहनों के बढ़ते उपयोग से कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए शहरों में हरियाली बढ़ाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राम मंदिर के दान में अनियमितताओं पर जताई चिंता




एजेंसी

बेलगावी (कर्नाटक): राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ़र) की वार्षिक अखिल भारतीय प्रचारक बैठक रविवार को शहर में संपन्न हो गई. उत्तर कर्नाटक अभियान के संभागीय प्रमुख कृष्ण जोशी ने बताया कि इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सहित सभी लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर के दान में हुई गड़बड़ियों पर चिंता व्यक्त की है. शहर के अनगोल में जन कल्याण ट्रस्ट के संत मीरा स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय बैठक को लेकर संघ द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई. इस अवसर पर बोलते हुए कृष्ण जोशी ने कहा, 'बैठक में यह विश्वास जताया गया कि राम मंदिर तीर्थक्षेत्र न्यास (ट्रस्ट) के अनुरोध पर की जा रही एसआईटी और पुलिस जांच एक निर्णायक मोड़ पर पहुंचेगी. न्यास को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. इसके साथ ही यह उम्मीद जताई गई कि इस घटना से राम मंदिर के प्रति लोगों की भक्ति और गहरी आस्था प्रभावित नहीं होगी.' बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित कुल 226 प्रचारक उपस्थित थे. बैठक में मार्च 2026 के बाद संघ के विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए गए प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की गई. इस वर्ष देश भर में कुल 83 संघ शिक्षा वर्ग और 12 कार्यकर्ता विकास वर्ग संपन्न हुए, जिनमें कुल 18,842 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. कृष्ण जोशी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में शाखा संचालन, संघ की कार्यप्रणाली, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन (पारिवारिक शिक्षा), आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय शामिल थे. अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि शाखा स्तर पर कार्ययोजना को लागू करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. अगले सितंबर तक शाखाओं के अधिकतम विस्तार की योजना पर भी बात हुई. इसके साथ ही, शताब्दी वर्ष (सौवें साल) के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और तय किए गए बाकी कार्यक्रमों की योजना पर चर्चा हुई.

## अफगान कृषि मंत्री ने खाद्य सुरक्षा, फसल उत्पादकता और कृषि-व्यापार मुद्दों पर की चचा

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के कृषि, सिंचाई और पशुपालन मंत्री मौलवी अताउल्लाह ओमारी की 7 से 12 जुलाई तक छह दिनों की भारत यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने खाद्य सुरक्षा, बीज प्रणालियों और फसल उत्पादकता बढ़ाने पर चर्चा की। भारत ने अफगानिस्तान के कृषि क्षेत्र को जलवायु-अनुकूल और बायो-फोर्टिफाइड फसल किस्मों, टिकाऊ सिंचाई पद्धतियों, जल संचयन, वाटरशेड विकास और तकनीकी सहयोग के माध्यम से समर्थन देने का भी आश्वासन दिया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान अफगान मंत्री ने कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मौजूदा सहयोग की समीक्षा की और कृषि अनुसंधान, शिक्षा, क्षमता निर्माण तथा कृषि-व्यापार में नए रास्तों पर चर्चा की। इस बैठक में बीज प्रणालियों को मजबूत करने, फसल उत्पादकता बढ़ाने और किसानों के लिए टिकाऊ तकनीक उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

## हॉकी टीम की पूर्व कप्तानअसुंता लकड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों पर हॉकी कोच ने अपनी प्रतिक्रिया दी



रांचीः भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों पर पहली बार हॉकी कोच सुधीर गोल्ला ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. कोच सुधीर गोल्ला ने कहा कि बैड टच और यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोपों ने न केवल उनके पेशेवर करियर बल्कि उनके परिवार को भी गहरा मानसिक आघात पहुंचाया है.

**झारखंड हॉकी को दिलाए स्वर्ण पदक, लगातार की मेहनतः** सुधीर गोल्ला ने कहा कि वर्ष 2024 से 2026 तक उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ झारखंड हॉकी के लिए काम किया और इस दौरान राज्य को कई स्वर्ण पदक दिलाने में अपनी भूमिका निभाई. उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और झारखंड हॉकी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार मेहनत की. ऐसे समय में उन पर इस तरह के आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है.

**खिलाड़ियों ने कभी गलत व्यवहार की शिकायत नहीं की**

सुधीर गोल्ला ने खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए आरोपों पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ किसी प्रकार के गलत व्यवहार की शिकायत नहीं की थी. उन्होंने दावा किया कि खिलाड़ियों की ओर से केवल अतिरिक्त कोच की मांग राज्य सरकार के समक्ष रखी गई थी. अब उन पर बच्चों के साथ गलत व्यवहार और बैड टच जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह झूठे और निराधार हैं.

**निष्पक्ष जांच न हुई तो लेंगे कानूनी रास्ताः** सुधीर गोल्ला ने कहा कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती है तो वह आगे कानूनी विकल्पों पर भी विचार करेंगे. कोच सुधीर गोल्ला ने कहा कि वह अब तक आठ बार झारखंड टीम को विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लेकर जा चुके हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि उन्होंने कभी कोई गलत काम किया होता तो पहले ऐसी शिकायत क्यों सामने नहीं आई. उनका कहना है कि अचानक इस तरह के आरोप लगाना कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है. उन्होंने राज्य सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की ताकि सच्चाई सामने आ सके. मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद निवासी सुधीर ने कहा कि वह झारखंड के रहने वाले नहीं हैं और उन्हें ऐसा महसूस कराया जा रहा है कि बाहरी होने के कारण उन्हें बदनाम कर यहां से हटाने की कोशिश की जा रही है.

## अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में भारत ने सभी 5 स्वर्ण जीते

### संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान




एजेंसी

नई दिल्ली,। भारत ने 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (आईपीएचओ) में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी पांच स्वर्ण पदक जीत लिए। कोलंबिया के बुकारामांगा में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने चीन, कजाकिस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया और ताइवान के साथ संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 87 देशों के 381 छात्रों ने भाग लिया। स्वर्ण पदक विजेताओं में पुणे के कनिष्क जैन, इंदौर के ऋद्धेश अनंत बेंदाले, नई दिल्ली के ऋषित गर्ग, मुंबई के श्रेष्ठ सुरैया और अहमदाबाद के स्वरित जोशी शामिल हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) के राष्ट्रीय केंद्र होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई) ने भारतीय टीम को प्रशिक्षित और चयनित किया। एचबीसीएसई देश में राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम का नोडल केंद्र है और विज्ञान एवं गणित के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया, ओरिएंटेशन शिविरों और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है।

## पुणे के मोशी हादसे में 9 लोगों की मौत, मृतकों के परिजनों को 40 लाख रुपये की आर्थिक मदद

एजेंसी



मुंबई। पुणे जिले के मोशी इलाके में तीन मंजिला बिल्डिंग गिर जाने से हुए हादसे में 83 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन रविवार को पूरा हो गया है। आज सुबह तक नौ कर्मचारियों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल में भेज दिए गए हैं। हादसे में कुल 9 लोगों को बचा लिया गया है। इस घटना में मृतक कर्मचारियों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से ४० लाख रुपये की मदद घोषित की गई है। पिंपरी-चिंचवड़ के मोशी में 'वेस्ट टू एनर्जी' प्रोजेक्ट में ८ जुलाई को करीब दो बजे जमा किए गए कचरे के ढेर के पास तीन मंजिला एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग ढह गई थी। हादसे के समय बिल्डिंग में कुल २३ कर्मचारी कार्यरत थे, लेकिन हादसे की भनक लगते ही पांच कर्मचारी भाग कर बिल्डिंग से निकल गए थे, जबकि १८ कर्मचारी घटनास्थल पर बिल्डिंग के मलबे में अटक गए थे। इस घटना की सूचना मिलने पर पिंपरी नगर निगम की टीम, नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम, भारतीय सेना की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर करीब 83 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रविवार को सुबह तक नौ कर्मचारियों के शव बाहर निकाले गए। इस दौरान कुल नौ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इन सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, इनमें से सभी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी ने रविवार को मीडिया को बताया कि घटनास्थल पर करीब 83 घंटे बाद तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन आखिरकार आज सुबह पूरा हो गया है और इस हादसे में नौ कर्मचारियों की मौत हुई है। यह ऑपरेशन बड़ी मात्रा में मशीनरी, डॉग स्क्वॉड, लाइव डिटेक्टर, साउंड डिटेक्टर के साथ-साथ पोकलेन और डंपर की मदद से पूरा किया गया है। मौके पर फंसे कर्मचारियों को ढूंढने के लिए मॉडर्न इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया गया। बिल्डिंग के कंक्रीट वाले हिस्से को तोडकर अंदर पहुंचने के लिए एक स्पेशल ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे ऑपरेशन में करीब 90 लोगों ने हिस्सा लिया। हालांकि, सभी लापता लोगों को जिंदा बाहर निकालने की कोशिशें आखिरकार नाकाम रहीं। इस हादसे में कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है और इलाके में दुख फैल गया है। मुंबई नगर निगम की टीम की पूरी संवेदना मृतक परिवारों के साथ हैं। आयुक्त विजय सूर्यवंशी ने कहा कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# महर्षि परमहंस कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान के बारे मे किया चर्चा

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100वे वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




रामगढ़। महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन हुहुवा कोठार रामगढ़ झारखंड में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामगढ़ के द्वारा राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया इस कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल सिंह के द्वारा किया गया सरस्वती वंदना नेहा, निकिता, खुशबू और सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया और इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जी आर चौरिया के द्वारा किया गया जिसमें आज के विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार गुप्ता वरिष्ठ शिक्षक, नगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रामगढ़ ने अपने भाषण में भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी सफल होगा जब देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है। भारत के विकास की परिकल्पना केवल सरकारों की योजनाओं से नहीं, बल्कि जन-जन के सहयोग और सहभागिता से साकार होगी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्र बहादुर सिंह पूर्व प्रचारक रांची विभाग, कार्यवाहक वर्तमान सह जिला संघ संचालक रामगढ़ जिला ने कहा कि युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास देश की प्रगति के प्रमुख आधार हैं। देश का विकास तभी संभव है जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे अंत में देशवासियों से अपील की गई कि वे राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण करें इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर मुकेश कुमार पोद्दार के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के विभागाध्य डॉ नील कमल सिन्हा,असिस्टेंट प्रोफेसर चंचला कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर जया झा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेश महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर अबोध चन्द्र महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश्वर मुण्डा, असिस्टेंट प्रोफेसर पूनम सिंह एवं नॉन शिक्षकेत्तर कर्मचारी शमशेर आलम, आदित्य प्रियदर्शी विनीत पोद्दार, सुजाता कुमारी के साथ बी एड सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे ।

## फ्लोरेंस एक्सीलेंस छात्रवृत्ति परीक्षा में सम्मिलित हुए 256 छात्र छात्राएं



रांचीः ईरबा स्थित फ्लोरेंस एवं जे. ए. रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स मे हाजी एहसान अंसारी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति योजना में नामांकन हेतु 256 छात्रों ने शांतिपूर्ण छात्रवृत्ति परीक्षा लिखे जिसमें बी एम एल टी, डी एम एल टी, ओटी, ईसीजी, ओप्थाल्मिक, क्रिटिकल केयर (आई सी यू), रेडियो इमेजिंग, एनेस्थीसिया एवं ड्रेसर के पाठ्यक्रम तथा फार्मेसी के बी० फार्म एवं डी० फार्म के पाठ्यक्रम शामिल है इस छात्रवृत्ति योजना मे सफल छात्रों को संस्थान के द्वारा छात्रवृत्ति दे कर पारामेडिकल एवं फार्मेसी का पढाई करवाने में सहायता किया जाएगा परीक्षा परिणाम 15 जुलाई को आयेगा। छात्रवृत्ति परीक्षा को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्थान के सचिव जीनत कौशर के नेतृत्व में डॉ नजनीन कौशर , डॉ शाहीन कौशर,डॉ मनोज , आशुतोष ,शकील परवेज,कलाम, पवन ,मंजर, रचना कुमारी, मजहर, अजय कुमार,गुलाम मुस्तफा, आदित्य कुमार, फौजिया, विकास कुमार,शबाना, आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## आदिवासी छात्र संघ केन्द्रीय समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक ट्राइबल हॉस्टल मोराबादी में सम्पन्न



रांचीः आज आदिवासी छात्र संघ केन्द्रीय समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक ट्राइबल हॉस्टल मोराबादी में सम्पन्न हुई।बैठक में 8 जुलाई में हुई महाधिवेशन कार्यक्रम की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति की घोषणा की गई। आगामी 9 अगस्त 2026 का विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रममोराबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय हेमन्त सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री माननीय चमरा लिंडा जी होंगे। समीक्षात्मक बैठक में सरना कोड लागू कराने तथा परिसीमन का विरोध किया गया। कार्यक्रम में धर्म और जाति से ऊपर उठकर आदिवासीयत की एकता के लिए, लोग भाग लेंगे। आदिवासी छात्र संघ का गठन इसी उद्देश्य से किया गया था। विश्व आदिवासी दिवस के दिन हमारे आदिवासी भाई बहन हजारों हजार की संख्या मे अपनी पारम्परिक वेश-भूषा में उपस्थित होंगे तथा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बैठक में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि जबतक देश में अंग्रेजों ने आदिवासियों की जनगणना आदिवासी पहचान के साथ किया लेकिन स्वतंत्र भारत में एक षड्यंत्र के तहत 1961 ई० में कांग्रेस की सरकार अपनी मनुवादी सोच के तहत किसी और जनगणना में आदिवासियों की जनसंख्या को घटाने का काम किया है। इसका प्रभाव आरक्षण और परिसीमन पर भी देखने को मिल रहा है।सरना कोड लेने के लिए आदिवासी छात्र संघ पुरजोर आंदोलन करेगा। आज की बैठक में 8 जुलाई का महाधिवेशन में आए सभी सहभागियों को धन्यवाद दिया गया।

# द ब्लैकबोर्ड के प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए राज्य के मेधावी छात्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




रांची। डंगरा टोली स्थित अग्रणी शिक्षण संस्थान द ब्लैकबोर्ड में झारखंड बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रदीप नरसरिया थे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा, विनय सिंह एवं संस्थान के सभी शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बना दिया। इस वर्ष झारखंड बोर्ड परीक्षा में द ब्लैकबोर्ड ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए राज्य की मेरिट सूची में अपना दबदबा कायम रखा। संस्थान के 10 विद्यार्थियों ने राज्य के टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया, जबकि 20 विद्यार्थियों ने राज्य की टॉप-15 मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। इसके अतिरिक्त 59 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। समारोह में राज्य के टॉपर्स एवं अन्य मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र तथा 51000 रुपये प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट टीवी, ,स्मार्ट वॉच साइकिल सहित कई आकर्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## जेसीआई रांची 'वन टीम विजन' के तहत सुकुरहुटू गौशाला में 12 जुलाई 2026 (रविवार) को गौ सेवा और वृक्षारोपण का कार्यक्रम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




रांची। जेसीआई रांची 'वन टीम विजन' के अंतर्गत 12 जुलाई 2026 (रविवार) को एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रगौ सेवा से पुण्य, वृक्षारोपण से भविष्यर के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।यह गरिमामयी कार्यक्रम सुकुरहुटू, कांके स्थित गौशाला न्यास में आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और जीव सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को दो मुख्य सत्रों में विभाजित किया गया है:गौ सेवा कार्यक्रम , जहाँ उपस्थित सदस्य गौवंश की सेवा और देखरेख किये।वृक्षारोपण कार्यक्रम: प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसके तहत प्रकृति को हरा-भरा बनाने और धरती को समृद्ध करने के लिए पौधे लगाए गए।संस्था के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है, 'गौ सेवा करें, पुण्य के भागी बनें। एक पौधा लगाएं, धरती को मुस्कुराएं।' जीव सेवा और पर्यावरण की सुरक्षा ही हमारी आने वाली पीढ़ी का वास्तविक भविष्य तय करेगी।इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी सीए अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर जेसी सीएस अमन पोद्दार, जेसी सीए दीपक पटेल, जेसी सीए रवि कांत सामोता और को-प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जेसी शुभम हेतमसरिया सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई थी।

## अषाढ़ी पूजा अखड़ा एवं देवी मड़ई में पारंपरिक, विधि-विधान से पूजा सम्पन्न



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांची। रविवार को बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के तत्वाधान आयोजित आषाढ़ी पूजा मौजा के पाहन श्री बिरसा मुंडा एवं बुद्धिजीवी श्री चिलगु उराँव के नेतृत्व में अषाढ़ी पूजा अखड़ा एवं देवी मड़ई में पारंपरिक, विधि-विधान पूजा पद्धति एवं रीति रिवाज के साथ बकरा एवं मुर्गो की बलि के देकर पूजा सम्पन्न किया । कार्यक्रम के पाहन श्री बिरसा मुंडा एवं बुद्धिजीवी श्री चिलगु उराँव ने कहा कि आषाढ़ी पूजा आदिवासियों के जीवन मे बहुत महत्वपूर्ण अंग है! पुरा जीवन कृषि पर निर्भर है, गाँव मे अच्छी बारिश , गाँव के खुशहाली, सुख-शान्ति, दुख -रोग से निरोग , समृद्धि की कामना, सामुहिक एकरूपता के साथ देवी मड़ई से मन्नत मांगा । समिति के अध्यक्ष श्री अनिल उराँव ने कहा कि आदिवासी समाज मे आषाढ़ी पूजा की परंपरा सदियों से चली आ रही जो कि और यह पूजा आज भी आदिवासी समाज में पूरे विधिविधान, पूजा पद्धति, परंपरागत एवं हर्षोल्लास के साथ आषाढ़ माह चढ़ने के बाद पूरे राज्य में यह पूजा मनाया जाता है। इस पूजा में उन्नत कृषि के संरक्षण संवर्धन, समयानुकूल पर्याप्त बारिश और फसलों के रोग विध्न आदि निवारण के लिए किया जाता है । इस पूजा में मुख्य रूप से एतवा मुंडा, सुरेश टोप्पो, जगनाथ उराँव, अजय उराँव, जितवा उराँव, गंगा कच्छप ,कृष्णा उराँव, ललित लिंडा, सुरेश बांडो, जय बांडो, राजा नायक, बसंती कुजूर, शांति उराँव, पुतुल कच्छप, लीला उराँव, मुनी उराँव तारा देवी, सहित गाँव के सभी लोग उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगें मुख्य अतिथि एवं आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा होगें विशिष्ट अतिथि

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



रॉचीः आज आदिवासी छात्र संघ केन्द्रीय समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक ट्राइबल हॉस्टल मोराबादी में सम्पन्न हुई।बैठक में 8 जुलाई में हुई महाधिवेशन कार्यक्रम की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति की घोषणा की गई। आगामी 9 अगस्त 2026 का विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रममोराबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय हेमन्त सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री माननीय चमरा लिंडा जी होंगे।समीक्षात्मक बैठक में सरना कोड लागू कराने तथा परिसीमन का विरोध किया गया। कार्यक्रम में धर्म और जाति से ऊपर उठकर आदिवासीयत की एकता के लिए, लोग भाग लेंगे। आदिवासी छात्र संघ का गठन इसी उद्देश्य से किया गया था। विश्व आदिवासी दिवस के दिन हमारे आदिवासी भाई बहन हजारों हजार की संख्या मे अपनी पारम्परिक वेश-भूषा में उपस्थित होंगे तथा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बैठक में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि जबतक देश में अंग्रेजों ने आदिवासियों की जनगणना आदिवासी पहचान के साथ किया लेकिन स्वतंत्र भारत में एक षड्यंत्र के तहत 1961 ई० में कांग्रेस की सरकार अपनी मनुवादी सोच के तहत किसी और जनगणना में आदिवासियों की जनसंख्या को घटाने का काम किया है। इसका प्रभाव आरक्षण और परिसीमन पर भी देखने को मिल रहा है।सरना कोड लेने के लिए आदिवासी छात्र संघ पुरजोर आंदोलन करेगा। आज की बैठक में 8 जुलाई का महाधिवेशन में आए सभी सहभागियों को धन्यवाद दिया गया। आज की बैठक में डा.सुशील कुमार मिंज,सतीश कुमार भगत, प्रो.सत्यनारायण उराँव, सुरेश टोप्पो, प्रो.अमित पातर मुण्डा, सुखदेव कच्छप, संदीप सिंह मुण्डा, संदीप भगत, आशीष उराँव, प्रियांशु टोप्पो, सुभाष उराँव,विजय उराँव, बासुदेव उराँव, सत्यलोक उराँव, मनीष भगत, अर्जुन उराँव, विकास उराँव, जतरू उराँव, प्रेम प्रकाश मिंज, महावीर उरांव, प्यारू उरांव सहित सैकड़ों छात्रगण उपस्थित थे।

## आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर वैचारिक संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन




रांची। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, रांची जिला इकाई के तत्वावधान में 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर वैचारिक संगोष्ठी सह काव्य गोष्ठी का आयोजन विद्यापति भवन, रांची में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष डॉ. राजश्री जयंती ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आत्मबोध ही व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास का मूल आधार है तथा भारतीय साहित्य मानवता, संस्कृति और राष्ट्रचेतना का सशक्त संवाहक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह ने भारतीय साहित्य की परंपरा एवं उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री डॉ. विजय प्रकाश ने आत्मबोध को विश्वकल्याण का आधार बताते हुए भारतीय चिंतन की वैश्विक उपयोगिता पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रशांत करण तथा सम्मानित अतिथि प्रदेश मंत्री इन्द्रजीत यादव एवं चंदन प्रजापति ने साहित्य की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय भूमिका पर सारगर्भित वक्तव्य दिए। संगोष्ठी के उपरांत आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ सुरेंद्र कौर नीलम , रेनू जा रेणुका, डॉ. ममता मनीष सिन्हा, असीत कुमार, रेणु बाला धार, ऋतुराज वर्षा, रूणा रश्मि 'दीप्त', स्मिता, संगीता वर्मा, विभा वर्मा, डॉ. अजय नन्दन, अनिरुद्ध साहू, निर्मला कर्ण ,करुणा सिंह कल्पना, प्रेम लता , सुधा कर्ण ,उमा सिंहा, सदानंद सिंह यादव, स्मिता पी, शालिनी नायक सहित अनेक कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य-पाठ किया। विशेष रूप से डॉ. ममता मनीष सिन्हा की ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन इंद्रजीत यादव ने किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज में संस्कार, संवेदना एवं राष्ट्रीय चेतना के संवर्धन का प्रभावी माध्यम है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सभी अतिथियों, साहित्यकारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध रूप से कोयला लदे चार मोटरसाइकिल, दो स्कूटर तथा करीब आधा टन कोयला जब्त



पुटकी। सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर फायर पैच माइंस स्थित सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग परियोजना में छापेमारी कर अवैध रूप से कोयला लदे चार मोटरसाइकिल, दो स्कूटर तथा करीब आधा टन कोयला जब्त किया। कार्रवाई के दौरान सीआईएसएफ के जवानों को देखते ही अवैध कोयला कारोबारी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। जब्त कोयला एवं वाहनों को बीसीसीएल के 407 वाहन से गोपालीचक कोयला डंप पहुंचाकर बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया। सीआईएसएफ जब्त वाहनों के आधार पर अवैध कोयला खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई में जुटी है। अभियान में सहायक कमांडेंट ब्रह्म नारायण प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सहित बड़ी संख्या में सीआईएसएफ के जवान मौजूद थे।

# हक और न्याय तक जारी रहेगा संघर्ष, जमशेदपुर में बोले लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




जमशेदपुरः लौह नगरी जमशेदपुर के भुंईयाडीह पार्क में विस्थापितों के हक, अधिकार और न्याय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विस्थापन संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू विशेष रूप से शामिल हुए। दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर पहुंचे हरिनाथ साहू ने विस्थापितों की समस्याओं को गहराई से समझा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने और पूरे जमशेदपुर जिला में व्यापक सदस्यता अभियान चलाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।जमशेदपुर। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि विस्थापितों को उनका वाजिब हक और न्याय दिलाना हमारी पार्टी की मुख्य प्राथमिकता है, जिसके लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर जमशेदपुर पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईंदू भूषण यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी, पिंकी कुमारी, श्वेता कुमारी, महानगर अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद गुप्ता और झुग्गी झोपड़ी संघर्ष समिति के संयोजक उदय कुमार सारंगी मौजूद रहे। इसके साथ ही ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ नेता हरिहर प्रसाद, विनय कुमार गुप्ता, सत्येंद्र साहू, संजय साहू, दीपक कुमार, चंडी चरण यादव, प्यारेलाल साहू, अमित कुमार और आर्यन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए आंदोलन को गति देने का संकल्प लिया।

## केजीबीवी टुंडी में इस्कॉन के नव प्रभु जी का प्रेरणादायी व्याख्यान, गीता के संदेशों से छात्राओं को किया प्रेरित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



टुंडी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), टुंडी में छात्राओं के नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन के भक्त नव प्रभु जी ने छात्राओं को श्रीमद्भगवद्गीता के अमूल्य उपदेशों से अवगत कराते हुए कर्मयोग, अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में नव प्रभु जी ने कहा कि मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने पर है, उसके फल पर नहीं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी स्वार्थ और फल की चिंता किए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, क्योंकि यह जीवन में आत्मविश्वास, धैर्य, सदाचार और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ व्याख्यान सुना तथा गीता के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अंत में छात्राओं के बीच श्रीमद्भगवद्गीता का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम प्रेरणादायी एवं मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

## 9 अगस्त को श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा मनाया जाएगा सावन सिंधारा उत्सव



रांची - श्री जीण माता प्रचार समिति रांची के कार्यसमिति सदस्यों सह आम सदस्यों की एक बैठक 12 जुलाई 2026 को मारवाड़ी भवन के दूसरे तल्ले में दोपहर 3.30 बजे बुलाई गई। इस बैठक में आगामी 9 अगस्त 2026 को स्थानीय मारवाड़ी भवन हरमू में माँ श्री जीण भवानी के सावन सिंधारा उत्सव को मनाने का निर्णय किया गया एवं इसकी तैयारी पर सदस्यों के साथ चर्चा-परिचर्चा हुई। समिति ने गायिका के लिए गुजरात की प्रसिद्ध गायिका दीदी आशा वैष्णव पुरुलिया की भजन गायिका दीदी शीतल कटारुका को बुलाने का निर्णय लिया गया। समिति ने माँ श्री जीण भवानी के सिंधारा उत्सव को विशाल रूप में मनाने के लिए, चौपठ योगिनी का कार्यक्रम तथा अन्य झांकी प्रस्तुत करने का भी फैसला लिया। इस बैठक में अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री विजय पालड़ीवाल, सचिव श्री नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष श्री बजरंग सोमानी, सह सचिव श्री प्रदीप शर्मा, संदीप अग्रवाल, संदीप शर्मा, सविता शर्मा, नेहा शर्मा, शीतल अग्रवाल, कविता सोमानी, सुनीता मित्तल, निधि विजयवर्गीय,एकता शर्मा, नेहा सिंघानिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

# पेपर लीक के विरोध में रांची में छात्रों की गूंज मैराथन, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की उठी मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** देशभर में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में रविवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से ₹छात्रों की गूंज₹ अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली की मांग को बुलंद किया।



मैराथन के दौरान प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और युवाओं के अधिकारों से जुड़े नारों के साथ अपनी आवाज उठाई। पूरे आयोजन में युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर गंभीर चिंता में है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार होने वाले पेपर लीक ने लाखों मेहनती छात्रों के सपनों को तोड़ा है। युवाओं के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और छात्रों की गूंज उसी अभियान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्रों को न्याय दिलाने और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान चीब ने कहा कि देश का युवा केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष, पारदर्शी और ईमानदार परीक्षा प्रणाली भी चाहता है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न होने दे। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने और अपने अधिकारों के लिए संगठित रहने का आह्वान किया।

अभियान के संयोजक कुमार राजा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक मैराथन दौड़ नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए शुरू किया गया जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि जब तक पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगती और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती, तब तक छात्रों की आवाज इसी तरह बुलंद होती रहेगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी भूपेंद्र मराबी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा ऊर्जा और प्रतिभा है। यदि भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठते रहेंगे तो यह देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से पेपर लीक पर प्रभावी नियंत्रण, दोषियों के खिलाफ त्वरित एवं कठोर कार्रवाई तथा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार लागू करने की मांग की।

कार्यक्रम में सांसद सुखदेव भगत, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, बिनय सिन्हा दीपू, सुमित शर्मा, जयवर्धन ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं ने भाग लेकर छात्रों के आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। मैराथन के समापन पर प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

## मिसिर गोंदा में पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुई आषाढ़ी पूजा, अच्छी वर्षा व समृद्धि की कामना

**रांची।** बिरसा विकास जन कल्याण समिति, मिसिर गोंदा (कांके रोड) के तत्वावधान में रविवार को आषाढ़ी पूजा पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर राज्य में सुख-समृद्धि, किसानों के लिए अच्छी वर्षा और बेहतर कृषि उत्पादन की कामना की। मौजा के पाहन बिरसा मुंडा और बुद्धिजीवी चिलगु उरांव के नेतृत्व में अखड़ा एवं देवी मड़ई में पूजा-अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार बकरा और मुर्गे की बलि अर्पित कर अच्छी वर्षा, समृद्ध कृषि, सुख-शांति, रोगमुक्त जीवन तथा ग्रामवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पाहन बिरसा मुंडा एवं चिलगु उरांव ने कहा कि आषाढ़ी पूजा आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और कृषि परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह प्रकृति के प्रति आस्था, सामुदायिक एकता और कृषि आधारित जीवनशैली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पूजा के माध्यम से पर्याप्त वर्षा, अच्छी फसल और गांव की समृद्धि की कामना की जाती है। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि आषाढ़ी पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है और आज भी राज्यभर में आदिवासी समाज इसे पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मनाता है। उन्होंने कहा कि यह पूजा अच्छी फसल, कृषि संरक्षण, समय पर वर्षा तथा फसलों को रोग और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने की कामना के लिए आयोजित की जाती है।

## पंडरा में स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा स्थायी बाजार, संजय सेठ और मेयर ने किया जगह चिन्हित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा क्षेत्र में सड़क किनारे दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से स्थायी बाजार की मांग कर रहे इन छोटे कारोबारियों को जल्द ही एक निश्चित स्थान मिल सकता है। इस दिशा में रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की मेयर रोशनी खलखो ने पंडरा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया और संभावित स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंडरा थाना के सामने तथा पंडरा पुल के बाद दाहिनी ओर स्थित खाली सरकारी जमीन का अवलोकन किया गया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ इस बात पर चर्चा हुई कि इस भूमि को विकसित कर स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक सुव्यवस्थित स्थायी बाजार बनाया जाए, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।

पंडरा के ओटीसी मैदान से लेकर फ्रेंड्स कॉलोनी तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स अपनी दुकानें लगाते हैं। स्थायी स्थान के अभाव में उन्हें आए दिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, अस्थायी व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को रक्षा राज्य मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद संजय सेठ पहले भी नगर परिषद की बैठक में प्रमुखता से उठा चुके हैं।

प्रस्तावित योजना के तहत केवल बाजार ही नहीं, बल्कि दैनिक मजदूरों के लिए शेड और स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे मजदूरों और छोटे कारोबारियों को एक ही स्थान पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

जनप्रतिनिधियों का मानना है कि स्थायी बाजार बनने से स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक कार्यस्थल मिलेगा, उनकी आजीविका अधिक सुरक्षित होगी और शहर की यातायात एवं बाजार व्यवस्था भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

निरीक्षण के दौरान वार्ड-32 के पार्षद संजय कुमार, वार्ड-33 की पार्षद पुष्पा टोप्पो, वार्ड-34 के पार्षद अजीत कच्छप के अलावा अशोक मुंडा, सुबेश पांडेय, देवन होंडा, सुशील कुमार और मनोज चौधरी सहित अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## रांची की पुत्रवधू कर्नाटक प्रदेश की चीफ पोस्टमास्टर जेनरल बनीं झारखंड का मान बढ़ाया

संवाददाता अरुण कुमार

**रांची।** एच ई सी धुर्वा रांची के पूर्व सिनियर मैनेजर ( मेकेनिकल इंजीनियर) शिव गोविन्द पांडेय की पुत्रवधू मति स्वाति पांडेय कर्नाटक प्रदेश का चीफ पोस्ट मास्टर जेनरल बनीं । 1997 बैच इंडियन पोस्टल सर्विसेज की आईपीओएस स्वाति पांडेय शिव गोविन्द पांडेय के आई पी एस पुत्र मधुकर पांडेय ( ऐडिस्नल डी जी पी ) मुंबई की पत्नी हैं ।ये सन 2018 से 2023 तक इंडिया पोस्ट मुंबई रिजीयन की पोस्ट मास्टर जेनरल रहीं जिनके कार्य काल 2023 में 500 करोड़ का पोस्टल रेवेन्यू प्राप्त हुआ जो उस समय पूरे देश का सर्वाधिक रेवेन्यू का रिकॉर्ड इनके नाम था । तदुपरांत 2024 में इनका प्रोमोशन चीफ पोस्ट मास्टर जेनरल के पद पर हुआ जब वे मुंबई में डेपुटेशन पर थी और उस अवधि की समाप्ति



के बाद इनको कर्नाटक प्रदेश में योगदान हेतु आदेश मिला जिसके आलोक में 10 जुलाई को बैंगलोर में चीफ पोस्ट मास्टर जेनरल कर्नाटक का पदभार ग्रहण किया। आरंभ से ही अध्ययनशील मेधावी व कुशाग्र बुद्धि की स्वाति पूना यूनिवर्सिटी से न केवल गोल्ड मेडल के साथ एम एस सी किया अपितु एम बी ए ( **HR & Rural Mafagemeft)** और **Advafced mafagemeft if public policy** आदि भी इनके नाम है। मुंबई कार्य की कालावधि में इनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों में से कुछ इस प्रकार हैं। (1) 116 वर्षों बाद मुंबई की पुरानी धरोहर जीपीओ का पुनरुद्धार एवं नवीकरण कराया (3) मुंबई शहर कभी नहीं सोता इस स्लोगन के अंतर्गत 60 पोस्ट आफिसों में 8 से 8 यानि 24 घंटे की नागरिक सेवा बहाल किया। (4 )समाज की गरीब पीड़ित शोषित , मेहतर ,मेड सर्वेंट और उससे भी आगे बढ़कर सेक्स वर्कर जो संकोचबस अपना खाता खुलवाने जेनरल पोस्टाफिसों में नहीं जातीं थीं ऐसी महिलाओं को ध्यान में रख एक पोस्ट आफिस कमाठीपुरा मुंबई 800008 में केवल महिलाओं के लिए खुलवाया जिसमे सभी कर्मचारी केवल महिलाएं हैं ताकि समाज की किसी भी स्तर की महिलाएं निः संकोच अपना खाता खुलवा सकें। मुंबई के डेपूटेशन काल में इनकी **lafdmrk** उपलब्धियां सुर्खियों में रहीं उदाहरणार्थ (1)एयर इंडिया एवियेसन एकेडमी के चेयर पर्सन के दायित्व में महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवेलपमेंट कंपनी **(MADC)** से मेमोरंडम आफ अंडरस्टैंडिंग **(MOU)** साइन कर कम समयावधि में अमरावती एयरपोर्ट का निर्माण एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस द्वारा उद्घाटन कराकर दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा फ्लाईंग ट्रेनिंग संस्थान स्थापित कराया जो अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। (2) नान्डे एयरपोर्ट को रिकार्ड टाईम 20 दिनों के अंदर पूरा कराया जिससे प्रभावित हो कर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने मराठी में प्रशंसा पत्र दिया। इसके अलावे सिरिडी एयरपोर्ट पर रात्रि लैंडिंग सुनिश्चित कराया।

## सिटीजन फोरम ने वार्ड पार्षदों से विकास कार्यों में देरी पर जताई चिंता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** रांची सिटीजन फोरम ने वार्ड पार्षदों से मुलाकात कर रविवार को विकास कार्यों में हो रही देरी पर चिंता जताई। फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम के तहत अब तक रांची नगर निगम के 53 में से 50 निर्वाचित वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्रों में जाकर इस तरह की मुलाकात की गई है। फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड छह की पार्षद मोनिका खलखो, वार्ड 18 की आशा गुप्ता और वार्ड 28 की रश्मि चौधरी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने कहा कि चुनाव हुए चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समिति, क्षेत्रीय समिति, वार्ड समिति, विषय समिति, तदर्थ समिति और संयुक्त समिति का गठन नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों को केवल फंड की कमी का हवाला देकर रोका जा रहा है, जबकि रांची नगर निगम के आय-व्यय और विभिन्न निधियों की अद्यतन स्थिति सार्वजनिक नहीं की गई है। वार्ड पार्षदों ने बताया कि दो बोर्ड बैठकें होने के बावजूद विकास योजनाएं आगे नहीं बढ़ सकी हैं। उनका कहना था कि निर्वाचित पार्षदों को अब तक मानदेय भी नहीं मिला है, जिससे झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुपालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड छह की पार्षद मोनिका खलखो ने सामुदायिक भवन के निर्माण और गिफ्ट डीड की भूमि का उपयोग कर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल में रेणुका तिवारी, आशीष जायसवाल, कुमार अभिषेक दुबे शामिल थे।

## MPW कर्मियों का बड़ा फैसला: 13 जुलाई से आंदोलन, श्रावणी मेला ड्यूटी का बहिष्कार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड **MPW** कर्मचारी संघ ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर 13 जुलाई 2026 (सोमवार) से राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो वे श्रावणी मेला प्रतिनियुक्ति-2026 का सामूहिक बहिष्कार करेंगे। इस आंदोलन को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का भी समर्थन प्राप्त है।

?संघ ने मांग कि है कि पिछले 18 वर्षों से कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकताओं (पुरुष) का सृजित पदों पर स्थायी समायोजन हो। खररउ द्वारा क्षेत्रीय व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए निकाली गई त्रुटिपूर्ण अधियाचना/विज्ञापन को तुरंत रद्द किया जाए। वर्ष 2016 से 2025 तक श्रावणी मेला ड्यूटी के बकाया ळअ/ऊअ भत्ते का अविलंब भुगतान हो और इस वर्ष ड्यूटी से पहले भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

### आंदोलन की रूपरेखा:

13 - 16 जुलाई: काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे।

17 - 20 जुलाई: मांगों से संबंधित संदेश तख्ती लगाकर विरोध करेंगे।

21 - 23 जुलाई: नियमित कार्य के साथ भूख हड़ताल।

24 - 25 जुलाई: जिलों में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन।

**27 जुलाई:** मांगें पूरी न होने पर नेपाल हाउस (रांची) स्थित स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेंब्रम ने कहा कि वर्षों की सेवा के बाद भी समायोजन न होने से कर्मियों में भारी आक्रोश है। सरकार से अपील है कि वे जल्द निर्णय लेकर आंदोलन की स्थिति को टालें।

## भाजपा ने कौशल विकास मिशन में अनियमितता का लगाया आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार की 'झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी' (जेएसडीएमएस) में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि ब्लैकलिस्ट की गई कंपनियों को नियमों के विपरीत अस्थायी रूप से काली सूची से हटाकर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अजय साह ने कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि अगस्त 2024 में तत्कालीन मिशन निदेशक ने स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी छह कंपनियों को फर्जी बैंक गारंटी देने का दोषी मानते हुए



अगस्त 2026 तक के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बावजूद वर्तमान मिशन निदेशक शैलेंद्र लाल ने अक्टूबर 2024 में इन कंपनियों को लोकहित का हवाला देते हुए काली सूची से हटाकर भुगतान करने का आदेश जारी किया। भाजपा का दावा है कि इस दौरान विभाग की ओर से लगभग 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। अजय साह ने आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में फर्जी बैंक गारंटी मामले में तत्कालीन अधिकारी विनय चौबे के जेल जाने के बाद इन्हीं कंपनियों को दोबारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। उनके अनुसार, लगभग दस महीने तक कंपनियों को काली सूची से बाहर रखकर भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से प्रतिबंधित कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अगस्त 2026 में ब्लैकलिस्ट की अवधि समाप्त होने के बाद इन्हीं कंपनियों को दोबारा भुगतान किए जाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी सवाल उठाया कि यदि फर्जी बैंक गारंटी मामले में एक विभाग के सचिव विनय चौबे के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है, तो श्रम विभाग के तत्कालीन और वर्तमान अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शैलेंद्र लाल, राजन श्रीवास्तव और विश्वरूप ठाकुर इस पूरे प्रकरण के प्रमुख जिम्मेदार हैं तथा उन्हें प्रभावशाली स्तर पर संरक्षण प्राप्त है। भाजपा ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो श्रम विभाग के वर्तमान और पूर्व सचिवों के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी सतीश सिन्हा भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### इनर व्हील क्लब ने बीमारियों के रोकथाम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया



**रामगढ़।** वर्षा ऋतु के दौरान जल जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब रामगढ़ के द्वारा एक स्वस्थ अभियान चलाया गया इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कुआं एवं नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस पहल का उद्देश्य बारिश के कारण जल से होने वाले संक्रमण दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप को कम करना है जिससे डेंगू मलेरिया टाइफाइड और हिजाब जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ।क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से विभिन्न स्थानों पर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और आम जब आम जनों को सफल साफ सफाई के प्रति जागरूक किया इनर व्हील क्लब प्रतिवर्ष ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करती है ताकि समाज को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान किया जा सके मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर, प्रियंका जैन, मधु अग्रवाल,रंजू अरोड़ा, नीरू साहनी, जसमीत सोनी, गुरबक्स सैनी आदि सदस्या मौजूद थी।

### डॉ. एस. राधाकृष्णन नर्सिंग कॉलेज को एएनएम एवं जीएनएम पाठ्यक्रम संचालन की मान्यता



**रामगढ़/रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की द्वितीय इकाई डॉ. एस. राधाकृष्णन नर्सिंग कॉलेज को एएनएम एवं जीएनएम पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु आवश्यक मान्यता प्राप्त होने पर पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ. संजय कुमार प्रभाकर ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सदस्यों बी.एड.एवं डी.एल.एड संकाय के सभी प्रशिक्षणार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशियाँ साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह मान्यता संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है तथा इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा ।महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री रितेश कुमार ने कहा कि एएनएम एवं जीएनएम पाठ्यक्रमों के संचालन से संस्थान स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी सशक्त पहचान स्थापित करेगा तथा समाज को कुशल एवं प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।मातृ संस्था के सचिव श्री मणिकांत सिन्हा ने इस पाठ्यक्रम को प्रारंभ कराने में अपने महत्वपूर्ण सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। वहीं महाविद्यालय के पूर्व सचिव मनीष कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए संस्थान की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम




**रामगढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 मानविकी के विद्यार्थियों ने सभा का सफल संचालन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रार्थना से की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व, जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न चुनौतियों तथा सतत विकास के लिए जनसंख्या संतुलन की आवश्यकता पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने जनसंख्या नियंत्रण एवं जागरूकता से जुड़े प्रेरक नारों का सामूहिक उद्घोष कर सभी को इस वैश्विक विषय पर संवेदनशील बनने का संदेश दिया ।गणित विषय के विद्यार्थियों ने जनसंख्या संबंधी आँकड़ों को आकर्षक **Visual Statistics Preseftatiof** के माध्यम से प्रस्तुत किया। विभिन्न ग्राफ, चार्ट एवं सांख्यिकीय तथ्यों के माध्यम से उन्होंने बढ़ती जनसंख्या के प्रभावों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया, जिसकी सभी ने सराहना की ।कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह का प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या केवल एक संख्या नहीं, बल्कि संसाधनों, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जुड़ी गंभीर चुनौती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने तथा समाज में जनसंख्या संतुलन के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया। इसी अवसर पर कक्षा 11 विज्ञान अल्फा एवं कक्षा 11 विज्ञान ब्रेवो के विद्यार्थियों के मध्य बढ़ती जनसंख्या : विकास के लिए चुनौती या अवसर विषय पर एक प्रभावशाली वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं विज्ञान अल्फा के गौरव चटर्जी, उज्जवल झा, अनन्या कृष्णा तथा अंजनी कुमारी ने भाग लिया। वहीं विपक्ष में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान ब्रेवो से ओम कुमार मिश्र, रूद्र कुमार,हाफिज अंसारी एवं दीप ज्योति ने भाग लिया। जीव विज्ञान शिक्षक रामदास डे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रभावशाली तर्कझवितर्क के द्वारा कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान अल्फा के विद्यार्थियों ने बाजी मारी ।प्रतिभागियों ने अपने तर्कों, तथ्यों एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से विषय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हुआ।

### अच्छे कर्मों से हम जीवन को सुखी और सम्पन्न बना सकते हैं : स्वामी गंगाधर

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा मुरहू में रविवार को विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में प्रवचन करते हुए ऋषिकेश आश्रम के स्वामी गंगाधर जी महाराज ने कहा कि देव दुर्लभ शरीर पाकर भी यदि मनुष्य भगवद्भक्ति, सत्संग - ध्यान नहीं करता तो दुःख में पड़ जायेगा। चौरासी लाख योनियों में पड़कर कीट पतंग पशु -पक्षी -कृमि बन कष्ट पायेगा। ईश्वर का विधान भगवत भजन है। उन्होंने कहा कि मानव योनि कर्म प्रधान है, अपने अच्छे कर्मों से हम जीवन को सुखी और सम्पन्न बना सकते हैं। माता शबरी ने मतंग ऋषि से युक्ति लेकर भक्ति की, जिससे प्रभु राम स्वयं दर्शन देने पहुंचे। भगवान बुद्ध को 550 जन्मों के पश्चात भगवत प्राप्ति हुई, मोक्ष मिला। संत मत सत्संग में ईर्ष्या खत्म कर प्रेम भाईचारा का मार्ग बताया गया है। भगवान शंकर और भस्मासुर की कथा सुनाकर, तथा राजा जनक अष्टावक्र मुनि के दृष्टांतों से सत्य और भक्ति के मार्ग को सरलतम शब्दों में बताया ।मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए, शुभ कर्म और संतोष से सुख मिलता है। लाहिड़ी बाबा, दिगंबर बाबा,राम बाबा, गोपाल बाबा ने भी कहा कि संतों द्वारा बताए मार्ग पर चलकर मंत्र जप करते रहने से कभी कोई बाधा परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में कोलकाता की मनीषा कटारिया एवं उनकी माता संतोष देवी अग्रवाल उपस्थित रहे और भंडारे का आयोजन किया।

# एसआईआर के द्वितीय चरण के तहत मतदाताओं से प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**नगर निगम क्षेत्र के नूरा,वार्ड नंबर 3 के मतदान केंद्र पहुंचकर उपायुक्त ने रक्फ़ प्रक्रिया का लिया जायजा**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमन्त सती रविवार 12 जुलाई को नगर निगम क्षेत्र के नूरा वार्ड नंबर 3 के मतदान केंद्र पहुंचे एवं संबंधित बीएलओ से रक्फ़ संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नगर आयुक्त श्री ओम प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। उपायुक्त ने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की समीक्षा की तथा स्वयं मतदाता केंद्र में बैठकर सामान्य नागरिकों द्वारा दिए जा रहे गणना प्रपत्र की जांच की। घर घर जाकर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के तहत उपायुक्त ने पुलिस लाइन में एक मतदाता दिनेश कुमार के घर जाकर इनके परिजनों के बात की तथा गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया को समझाया।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अपील**

उपायुक्त द्वारा रविवार को एसआईआर की प्रक्रिया की जांच के दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सम्पूर्ण झारखंड के साथ-साथ हजारीबाग जिले में भी एसआईआर (रक्फ़) का दूसरा चरण सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने जिले के तमाम मतदाताओं से इस महत्वपूर्ण और समयबद्ध प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर का यह दूसरा चरण 30 जून से शुरू हो चुका है और 29 जुलाई, 2026 तक जारी रहेगा। चूंकि यह पूरी प्रक्रिया समयबद्ध है, इसलिए 30 जुलाई तक इसे हर हाल में संपन्न किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

**प्रक्रिया के तहत तीन मुख्य कार्य किए जाने हैं:**

मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र (फॉर्म) का वितरण करना।

मतदाताओं द्वारा उस गणना प्रपत्र को सही-सही भरना और उसे वापस बीएलओ (इछड) को सौंपना। मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त होने के बाद बीएलओ द्वारा उसे डिजिटाइज (ऊ्३१ी) करना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चूंकि यह प्रक्रिया थोड़ी लंबी है, इसलिए सभी मतदाता अपने संबंधित बीएलओ से यथाशीघ्र संपर्क स्थापित करें। यदि किसी कारणवश किसी मतदाता को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे तुरंत प्रपत्र प्राप्त कर उसे भरकर अपने बीएलओ को वापस लौटाएं।

**नगर निगम क्षेत्र के लिए विशेष पहल**

शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की जा रही है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बीएलओ प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से लेकर रात 8:30 बजे तक समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) में उपस्थित रहेंगे। यदि किसी भी मतदाता को अपना गणना प्रपत्र जमा करना है या प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की समस्या या परेशानी आ रही है, तो वे शाम 5:30 बजे के बाद समाहरणालय पहुँच सकते हैं। समाहरणालय परिसर में एक सुविधा केंद्र (ली'स्त्र ऊेर') भी बनाया गया है, जहाँ से मतदाता अपने संबंधित बीएलओ का पता लगा सकते हैं। वहाँ संपर्क करके मतदाता अपना फॉर्म उसी समय (ळौल्ल ल्ला ळौशी) जमा कर सकते हैं, जिसे तुरंत ही डिजिटाइज भी कर दिया जाएगा। उपायुक्त हेमंत सती ने विशेषकर नगर निगम क्षेत्र के निवासियों और सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे इस तय समय का लाभ उठाएं, समाहरणालय आएं और अपना प्रपत्र जमा कर इस एसआईआर की प्रक्रिया से अनिवार्य रूप से जुड़ें।

# नवाबगंज रोड मे एक नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## हंगामे के बाद संचालक और कर्मी फरार, पुलिस मामले की जांच में जुटी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। शहर के नवाबगंज स्थित जीवन ज्योति नर्सिंग होम में बीती रात एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ बच्चेदानी के ऑपरेशन के दौरान पदमा प्रखंड के नीमडीह निवासी सुनीता देवी नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने नर्सिंग होम परिसर में जमकर हंगामा किया और प्रबंधन पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, सुनीता देवी को ऑपरेशन के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था में कोताही बरती गई, जिसके कारण उनकी स्थिति बिगड़ गई और अंततः उनकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन भड़क गए और अस्पताल में तोड़फोड़ व हंगामा शुरू कर दिया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नर्सिंग होम के संचालक और अन्य कर्मचारी मौके से फरार हो गए। हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में इस घटना के बाद से हड़कंप मचा हुआ है और अवैध नर्सिंग होम के संचालन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

# कार्मल चौक-पीटीसी मार्ग पर विशाल पेड़ गिरने से मची अफरा-तफरी; बाउंड्री और गाड़ियां क्षतिग्रस्त, वन विभाग ने शुरू किया रेस्क्यू

**दोपहर ढाई बजे अचानक भरभरा कर गिरा वन विभाग का पेड़; सी.एफ. ऑफिस के सहायक लिपिक सूर्य देव राम के क्वार्टर को पहुंचा नुकसान, टला बड़ा हादसा**

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक कार्मल चौक से पीटीसी चौक मार्ग पर कल दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वन विभाग परिसर के भीतर स्थित एक विशालकाय पेड़ अचानक भरभरा कर गिर गया। पेड़ की जद में आने से सरकारी क्वार्टर की बाउंड्री वॉल, मुख्य लोहे का गेट और वहां खड़ी गाड़ियाँ क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, दोपहर का समय होने के बावजूद किसी भी नागरिक या कर्मचारी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली है।1 'कल दोपहर ढाई बजे अचानक हुआ हादसा, बाल-बाल बची जान' 2 पेड़ की लकड़ियों को वन विभाग के हवाले करने की प्रक्रिया शुरू. घटना के वक्त मौके पर मौजूद क्वार्टर मालिक और वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक (सी.एफ.) कार्यालय में कार्यरत सहायक लिपिक सूर्य देव राम ने ग्राउंड जीरो पर रिपोर्टर को आपबीती सुनाई।सूर्य देव राम ने घटना का विवरण देते हुए कहा:र्यह घटना कल दोपहर तकरीबन 2:30 बजे की है, जब अचानक जोरदार आवाज के साथ वन विभाग का यह पुराना पेड़ गिर गया। पेड़ सीधे हमारे क्वार्टर के बाउंड्री वॉल और गेट पर जा गिरा, जिससे पूरी दीवार क्रैक हो गई है। परिसर में खड़ी गाड़ियाँ भी थोड़ा डैमेज हुई हैं और पानी की पाइपलाइन पूरी तरह टूट गई है। ईश्वर का शुक्र है कि उस वक्त पेड़ के ठीक नीचे कोई मौजूद नहीं था, वरना बहुत बड़ा अनर्थ हो जाता। हादसे के तुरंत बाद सुरक्षा और आवागमन को ध्यान में रखते हुए उच्चाधिकारियों को इसकी लिखित सूचना दी गई। सूर्य देव राम ने बताया कि वन विभाग की रेस्क्यू टीम को तुरंत सूचित किया गया, जिसके बाद विभाग के कर्मी आरी और कटर मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। फिलहाल, मार्ग और क्वार्टर परिसर को साफ करने के लिए पेड़ की डालियों और तनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने (कटिंग) का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# हजारीबाग नगर निगम अनाधिकृत एवं असुरक्षित होर्डिंग्स/यूनिपोल हटाने के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम

उज्जवल दुनियां संवाददाता

हजारीबाग। नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में बिना अनुमति स्थापित किए गए अनाधिकृत एवं असुरक्षित विज्ञापन होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य विज्ञापन संरचनाओं के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में नगर निगम ने 10 जुलाई को आम सूचना जारी करते हुए संबंधित व्यक्ति, फर्म एवं विज्ञापन एजेंसियों को 72 घंटे के भीतर सभी अवैध संरचनाएं स्वयं हटाने का निर्देश दिया है। नगर निगम ने बताया कि 08 जुलाई 2026 को आयोजित बोर्ड बैठक में यह जानकारी प्राप्त हुई कि पीटीसी चौक, भारत माता चौक, इमली कोठी, शिमला रेस्ट हाउस के सामने, झील के समीप तथा नगर निगम क्षेत्र के अन्य प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर सक्षम प्राधिकार की अनुमति, स्वीकृति एवं निगम में आवश्यक पंजीकरण के बिना बड़े पैमाने पर रात के अंधेरे में अवैध विज्ञापन होर्डिंग्स एवं यूनिपोल स्थापित किए गए हैं। इनमें से कई संरचनाएं सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए लगाई गई हैं, जिससे आम नागरिकों की जान-माल को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। नगर निगम के संज्ञान में यह भी आया है कि एक असुरक्षित एवं अनाधिकृत होर्डिंग संरचना की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो चुका है। ऐसे में भविष्य में किसी भी अप्रिय दुर्घटना की आशंका को देखते हुए तत्काल कार्रवाई आवश्यक हो गई है। इसके अतिरिक्त, इन अवैध विज्ञापन संरचनाओं के कारण नगर निगम को राजस्व की भी क्षति हो रही है। नगर निगम ने सभी संबंधित व्यक्ति, फर्म एवं विज्ञापन एजेंसियों को निर्देश दिया है कि सूचना प्राप्त होने की तिथि से 72 घंटे के भीतर अपने-अपने सभी अनाधिकृत होर्डिंग्स, यूनिपोल एवं अन्य विज्ञापन संरचनाओं को स्वयं हटाकर अनुपालन प्रतिवेदन नगर निगम के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि किसी पक्ष को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह निर्धारित अवधि के भीतर अपना कारण स्पष्ट करते हुए लिखित जवाब प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं किए जाने की स्थिति में नगर निगम अपने संसाधनों से सभी अवैध संरचनाओं को हटाकर एवं जब्त करेगा। साथ ही हटाने में होने वाले समस्त व्यय की वसूली संबंधित उत्तरदायी पक्ष से की जाएगी तथा प्रचलित विधि के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

# वार्ड की मूलभूत समस्याओं को लेकर सांसद से मिले समाजसेवी सह वार्ड प्रतिनिधि नीरज कुमार

**सड़क, नाली, सप्लाई पानी, बिजली, सामुदायिक भवन, लाइब्रेरी, हैंडपंप व डीप बोरिंग सहित कई विकास योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। समाजसेवी सह वार्ड प्रतिनिधि नीरज कुमार ने सांसद मनीष जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात कर अपने वार्ड की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं से सांसद को अवगत कराया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की। मुलाकात के दौरान नीरज कुमार ने वार्ड में जर्जर सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, जल निकासी के लिए नालियों के निर्माण, नियमित पेयजल एवं सप्लाई पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, बिजली व्यवस्था में सुधार, युवाओं के लिए सार्वजनिक लाइब्रेरी की स्थापना, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सामुदायिक भवन के निर्माण, विभिन्न मोहल्लों में नए हैंडपंप लगाने तथा पेयजल संकट से निपटने के लिए डीप बोरिंग कराने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध होंगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने नीरज कुमार द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और कहा कि जनहित से जुड़े कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद नीरज कुमार ने सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि वार्ड की प्रमुख समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी, जिससे आम लोगों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

# जनप्रतिनिधियों द्वारा मलकोको में 100 लाभुकों के बीच साड़ी, धोती व लूंगी का वितरण



बरही। बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम मलकोको में झारखंड सरकार कीनजनकल्याणकारी योजना के तहत जरूरतमंद लाभुकों के बीच साड़ी, धोती एवं लूंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीलर मो. जहूर की जन वितरण प्रणाली दुकान पर किया गया, जहां करीब 100 लाभुकों ने सरकारी योजना का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कैयूम, मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव सहित कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। अतिथियों की उपस्थिति में पात्र लाभुकों को साड़ी, धोती और लूंगी प्रदान की गई। वस्त्र मिलने पर लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित परिवारों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समय पर मिलना चाहिए। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कैयूम ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए सरकार की ऐसी योजनाएं काफी महत्वपूर्ण हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होना जरूरी है। मुखिया विजय यादव ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के सभी पात्र परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से जागरूक रहने और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी योजना का लाभ लेने में परेशानी होने पर पंचायत प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दें।

# बलियंद विद्यालय में चोरी: मिड डे मील का अनाज और बर्तन ले उड़े चोर, स्कूल में ही अंडे पकाकर खाए

कटकमसांड़ी। कटकमसांड़ी थाना क्षेत्र स्थित बलियंद विद्यालय में शनिवार की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर विद्यालय में रखे मिड डे मील (एमडीएम) का कच्चा अनाज एवं रसोई के बर्तन चोरी कर फरार हो गए। घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि चोरों ने विद्यालय परिसर में ही अंडे पकाकर खाए और उसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देकर आराम से निकल गए। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर काफी देर तक विद्यालय परिसर में मौजूद रहे। रविवार सुबह विद्यालय पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को दिए जाने की बात कही जा रही है।

# अगरिया फाउंडेशन का दो दिवसीय आदिवार्ता कार्यक्रम संपन्न, देशभर के कलाकार हुए सम्मानित

**लोक कला, जनजातीय परंपरा और प्रकृति संरक्षण हमारी साझा विरासत : डीएफओ**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



बरही। जवाहर घाट स्थित वन विश्रामागार में अगरिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कला एवं संस्कृति आधारित कार्यक्रम आदिवार्ता का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए चित्रकारों, कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकारों ने चित्रकला के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण और लोक संस्कृति का संदेश दिया। इस दौरान कलाकारों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) मौन प्रकाश ने कहा कि लोक कला, जनजातीय परंपराएं और प्रकृति संरक्षण हमारी साझा विरासत हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चित्रकला केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति कलाकार की संवेदनाओं की अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने कहा कि चित्रकला मन को शांत और एकाग्र करने का सबसे बेहतर माध्यम है। एक चित्रकार की चित्रकला स्वयं बोलती है। अपनी सभ्यता और संस्कृति को जानना तथा नई पीढ़ी को उससे परिचित कराना समय की आवश्यकता है। बच्चों में प्रकृति और संस्कृति के प्रति जुड़ाव विकसित करना बेहद जरूरी है। डीएफओ ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। विकास के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा भी उतनी ही जरूरी है। यदि पर्यावरण लगातार दूषित होता रहा तो इसका सबसे अधिक प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमेशा प्रकृति से जुड़ी रही है और मिट्टी तथा जंगल सुरक्षित रहेंगे, तभी मानव सभ्यता भी सुरक्षित रह सकेगी। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि प्रकृति का अपना एक संतुलन और चक्र है। यदि हम मिट्टी में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट डालेंगे तो उसका दुष्प्रभाव अंततः मानव जीवन पर ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें यह भी सोचना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को कैसी धरती सौंप रहे हैं।

## एक नजर

### प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पूर्व विधायक से मिले ,शोक व्यक्त किया



बड़कागांव।बड़कागांव भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की पत्नी मोलनी देवी की निधन पर बड़का गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोकनाथ महतो से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। इसके पूर्व बड़कागांव आगमन पर आदित्य साहू का विधायक रोशन लाल चौधरी, बड़कागांव मंडल शिव शंकर उर्फ. शिबू मेहता, उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, केरेडारी मंडल अध्यक्ष बालगोविंद सोनी, बेलतु मंडल अध्यक्ष शेर सिंह व अन्य बीजेपी कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनेश सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बाबला, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, डॉक्टर बालेश्वर महतो, मूलचंद साव, उमेश दांगी , उपेंद्र सिंह ,बद्री नारायण सिंह, खेमलाल महतो, प्रभु राणा ,नौशाद आलम, मेवालाल नाग, रामपति राम, संतोष कुमार शर्मा, कर्मचारी साव, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, भागीरथ ठाकुर ,अवध किशोर यादव, सत्यजीत विद्या अलंकार, अवध किशोर कुमार,श्रीकांत निराला , उदय मेहता, अनुज यादव के अलावा दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

### फोरेस्ट कॉलोनी में गिरा पेड़, बाल-बाल बचा परिवार



हजारीबाग। फोरेस्ट कॉलोनी में शनिवार को एक विशाल गुलमोहर का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि सरकारी आवास में रह रहे परिवार बाल-बाल बच गया। वनकर्मियों ने सरकारी आवास के समीप हुई घटना को लेकर जर्जर पेड़ों की छंटाई करने की मांग की है। शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे अचानक एक विशाल गुलमोहर का पेड़ गिर जाने से अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और सरकारी आवास में रह रहा परिवार बाल-बाल बच गया। सीएफ कार्यालय में सहायक लिपिक सूर्य देव राम ने बताया कि घटना के समय उनकी पत्नी बलिया देवी, पुत्री प्रभा कुमारी, बहू इशिका कुमारी और एक वर्षीय पोता घर में मौजूद थे। तेज आवाज सुनते ही सभी सुरक्षित बाहर निकल आये। पेड़ गिरने से मकान के आसपास क्षति हुई, लेकिन किसी को चोट नहीं लगी। उन्होंने कहा कि पेड़ कुछ फीट इधर-उधर गिरता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने परिसर में जर्जर और पुराने पेड़ों की नियमित जांच तथा समय पर छंटाई कराने की मांग की है।

### न्यायालय के आदेश पर सिमरकुरहा की 2.30 एकड़ भूमि का दिलाया गया कब्जा



पदमा। पदमा ओपी क्षेत्र के सिमरकुरहा गांव स्थित एक भूमि विवाद मामले में शनिवार को न्यायालय के निदेर्शानुसार निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की गई। माननीय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), हजारीबाग के आदेश के अनुपालन में न्यायालय के अधिकारी, पदमा अंचलाधिकारी, पदमा थाना पुलिस बल एवं स्थानीय लोगों की मौजूदगी में संबंधित पक्ष को भूमि का विधिवत कब्जा सौंपा गया। जानकारी के अनुसार, वाद संख्या 13/2023 से जुड़े मामले में मौजा सिमरकुरहा की खाता संख्या 13, प्लॉट संख्या 419, कुल 2.30 एकड़ भूमि का कब्जा न्यायालय के आदेश के तहत तुलसी गोप एवं अन्य के पक्ष में हस्तांतरित किया गया। न्यायालय के निर्देश पर यह निष्पादन कार्रवाई 10 एवं 11 जुलाई 2026 को संपन्न कराई गई। निष्पादन के उपरांत संबंधित भूमि की घेराबंदी कर दी गई है। साथ ही स्थल पर सूचना बोर्ड लगाकर बिना अनुमति प्रवेश पर रोक की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने आम लोगों से न्यायालय के आदेश का सम्मान करने तथा उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत प्रवेश या हस्तक्षेप नहीं करने की अपील की है।

### शाहपुर में घर के सामने खड़ी बोलेरो की चोरी,




कटकमसांडी। कटकमसांडी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में घर के सामने खड़ी बोलेरो वाहन की चोरी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम शाहपुर निवासी प्रिंस कुमार (पिता सुभाष प्रसाद) की बोलेरो (वाहन संख्या जेएच 02एक्यू 1044) को अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में चोरी कर लिया। बताया गया कि प्रिंस कुमार के बड़े भाई विकास कुमार जब अहले सुबह उठे तो घर के सामने खड़ी बोलेरो वहां नहीं मिली। इसके बाद परिवार के लोगों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चल सका। जब यह स्पष्ट हो गया कि गाड़ी रात में ही चोरी हो गई है, तब विकास कुमार ने कटकमसांडी थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी टोल प्लाजा पर वाहन संख्या भेजकर सतर्कता बढ़ा दी तथा सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू करवाई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी टोल गेट से उक्त वाहन के गुजरने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि मामले में कांड संख्या 113/26 दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 305 ( बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा वाहन की बरामदगी और चोरों की पहचान के लिए पुलिस लगातार छानबीन कर रही है। कटकमसांड़ी पुलिस प्रशासन आस-पास में लगे निजी सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस से जल्द से जल्द वाहन बरामद करने की मांग की है।

### 60 घंटे बाद खत्म हुआ आंदोलन, सीआरपीएफ जवान की मौत पर प्रशासन-ग्रामीणों में समझौता

चतरा। जिले के सिमरिया मुख्य मार्ग स्थित देल्हो घाटी में सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ जवान लक्ष्मण कुमार यादव की मौत के बाद पिछले करीब 60घंटे से जारी आंदोलन शनिवार देर रात समाप्त हो गया। रात करीब 12 बजे प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई वार्ता में महत्वपूर्ण समझौता हुआ, जिसके बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की गई। समझौते के तहत मृतक जवान के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। सिमरिया अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय ने भरोसा दिलाया कि सोमवार तक मुआवजा राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। मौके पर सिमरिया थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे। वार्ता में यह भी निर्णय लिया गया कि उच्च स्तरीय बैठक होने तक चतरा के सभी मार्ग से किसी भी भारी मालवाहक वाहन, विशेषकर कोयला वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। बिना प्रशासनिक निर्णय के भारी वाहनों को इस मार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सामान्य वाहनों के लिए मार्ग पर परिचालन शुरू कर दिया गया है।

# हजारीबागः 294 एकड़ के प्लॉट पर मालिकाना हक को लेकर छिड़ा भारी विवाद

संस्थान की पक्की बाउंड्री ढहाने पर बढ़ा तनाव, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में

अजय निराला/ उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। जिले के सदर प्रखंड और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुड़वा मौजा में एक विशाल भूखंड को लेकर पिछले कई वर्षों से सुलग रहा विवाद अब पूरी तरह भड़क उठा है। यहां खाता संख्या 2 और प्लॉट संख्या 632 के अंतर्गत आने वाली करोड़ों रुपये मूल्य की 24 एकड़ 52 डिसमिल जमीन पर मालिकाना हक को लेकर दशकों पुराने एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान और स्थानीय ग्रामीण किसान आमने-सामने आ गए हैं। संस्थान द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए पूर्व में किए गए तार के घेरे के स्थान पर पक्की बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा था, जिसे ग्रामीणों ने अदालती आदेश का उल्लंघन बताते हुए बलपूर्वक ढहा दिया। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव को देखते हुए सदर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार भारी पुलिस बल और अंचल के सरकारी अमीनों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर तत्काल प्रभाव से काम रुकवा दिया।

**जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए बना रहे थे दीवार, ग्रामीणों ने लेबरों को भगायाः फादर जेम्स**

विवाद के केंद्र में आए स्थानीय संस्थान के प्रमुख फादर जेम्स ने इस पूरी घटना को संस्थान की सुरक्षा पर बड़ा हमला करार दिया है। उन्होंने बताया कि इस परिसर में वर्ष 1954 से एक मिडिल स्कूल और 1958 से टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का निर्बाध संचालन हो रहा है। फादर जेम्स के अनुसार, लगभग 30 एकड़ का यह पूरा परिसर पिछले 70 वर्षों से अधिक समय से संस्थान के ही वैध अधीन और कब्जे में रहा है। उन्होंने कहा, 'विगत वर्षों में फंड की कमी के कारण इस संवेदनशील हिस्से में पक्की बाउंड्री नहीं हो सकी थी। चूकि इस इलाके में अक्सर जंगली हाथियों का भारी झुंड आता है, इसलिए बच्चों और संस्थान की सुरक्षा हेतु जब पक्की दीवार का काम शुरू किया गया, तो ग्रामीणों ने क्रूरता दिखाते हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया और मजदूरों के साथ गाली-गलौज कर उन्हें भगा दिया। हमारे पास बी.एन.एस.एस. की धारा 163 का आदेश, सीओ और पुलिस की अनुकूल रिपोर्ट है। विपक्षी जिस 24 एकड़ का दावा कर रहे हैं, उसका हमारे परिसर से कोई लेना-देना नहीं है.'।

**सीओ, एसी और डीसी को दिए 100 आवेदन, पर नहीं मिला इंसाफः इदरीस अंसारी**

दूसरी ओर, अपनी पैतृक कृषि भूमि को बचाने के लिए लामबंद ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे सखिया गांव निवासी इदरीस अंसारी ने संस्थान के दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए उसे भू-माफिया सरीखा कदम बताया। इदरीस अंसारी ने 1938 से अपने पूर्वजों के काबिज होने का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि सिविल कोर्ट के सेकंड एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज द्वारा पारित ह्यटाइटल अपील नंबर 24/76ह्ण के ऐतिहासिक जजमेंट के तहत यह 24.52 एकड़ जमीन जिबलाल महतो और नूर मोहम्मद आदि के नाम पर कानूनी रूप से स्वीकृत है। इसके अलावा वन विभाग ने भी 12 अगस्त 1965 को (ज्ञापांक 5227) इस भूमि को उनके पक्ष में रिलीज किया था। अंसारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'फादर जेम्स ने रातों-रात हमारे द्वारा घेरा गया तार चुरा लिया, जिसकी बात उन्होंने थाने में भी कबूल की थी। हमने अपनी जमीन की रक्षा के लिए ट्रेंच काटा था, पर ये लोग उस पर भी कब्जा कर रहे हैं। हमने न्याय के लिए डीसी, एसपी और सीओ को 100 से अधिक आवेदन दिए, लेकिन प्रशासन की चुप्पी के कारण आज हमें खुद अपनी जमीन बचाने सड़क पर उतरना पड़ा।'

**कुल रकबा 294 एकड़, वास्तविक लोकेशन की पहचान करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती**

मौके पर दोनों पक्षों के दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन करने के बाद सदर सीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि यह पूरा मामला बेहद पेचीदा और तकनीकी है। सीओ ने स्पष्ट किया कि जिस प्लॉट नंबर 632 पर यह पूरा विवाद केंद्रित है, उसका कुल रकबा 294 एकड़ का एक विशाल भूखंड है। ग्रामीणों के पास निसंदेह फॉरेस्ट विभाग द्वारा साढ़े चौबीस एकड़ जमीन रिलीज किए जाने के पुराने कागजात मौजूद हैं, लेकिन इतने बड़े रकबे में वह विशिष्ट साढ़े चौबीस एकड़ का टुकड़ा ठीक इसी स्थान पर है या कहीं और, इसका निर्धारण किया जाना अभी बाकी है। सीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए अंचल के सरकारी अमीन और फारेस्ट विभाग के अमीन को संयुक्त रूप से पूरे नक्शे की वैज्ञानिक पैमाइश करने का निर्देश दिया है। उन्होंने दोनों पक्षों को कड़ी चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन किसी अंतिम विधिक निष्कर्ष पर नहीं पहुंच जाता, तब तक कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का नया न्यूसेंस या अशांति उत्पन्न करने की कोशिश न की जाए, अन्यथा दोनों पक्षों पर सुसंगत धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### टीपीसी के नाम पर लेवी मांगने वाला अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, मोबाइल जब्त



बड़कागांव। बड़कागांव थाना पुलिस ने अपराध एवं उग्रवादी गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए थाना कांड संख्या 123/26, दिनांक 11.07.2026, धारा 308(3)/308(4)/61 भारतीय न्याय संहिता (इठर) एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त प्रवीण कुमार (उम्र लगभग 22 वर्ष), पिता तालेश्वर महतो, ग्राम कांडतरी, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त स्वयं को टीपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) संगठन से जुड़ा बताकर लोगों में भय का माहौल उत्पन्न करता था तथा टीपीसी के नाम पर लेवी (रंगदारी) की मांग करता था। इस संबंध में पुलिस को प्राप्त सूचना एवं अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने कांड में प्रयुक्त मोबाइल फोन को भी विधिवत जब्त कर लिया है। जब्त मोबाइल की तकनीकी जांच कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों एवं संभावित संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अनोखी पहलः अलपीटो पंचायत ने पेश की मानवता की मिसाल, संकट में आए परिवार की ग्रामीणों ने की आर्थिक मदद



विष्णुगढ़। प्रखंड क्षेत्र के अलपीटो गांव के ग्रामीणों ने संकट की घड़ी में एक बार फिर आपसी भाईचारे और मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। हाल ही में एक सड़क हादसे में गांव के एकमात्र कमाऊ सदस्य जीतू यादव की असामयिक मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और उनके सामने न सिर्फ आजीविका का, बल्कि मृतक के श्राद्धकर्म को संपन्न कराने का भी बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया। परिवार की इस दयनीय स्थिति को देखकर अलपीटो पंचायत के ग्रामीण तुरंत एकजुट हुए। ग्रामीणों ने बिना देर किए 55 हजार रुपये चंदा इकट्ठा किये और पीड़ित परिवार को सौंपकर उन्हें इस मुश्किल घड़ी में बड़ा संबल दिया। खुद प्रवासी मजदूर, फिर भी दिल है बड़ा - इस पहल की सबसे खास बात यह है कि अलपीटो पंचायत के अधिकांश लोग खुद प्रवासी मजदूर हैं, जो देश के अलग अलग राज्यों और शहरों में रहकर कड़ी मेहनत से अपने परिवार का पेट पालते हैं। अपनी सीमित आय के बावजूद संकट के समय इन ग्रामीणों का दिल हमेशा दूसरों की मदद के लिए खुला रहता है। अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा- ग्रामीणों द्वारा उठाया गया यह कदम आज के दौर में समाज के लिए एक बड़ा संदेश है। अलपीटो पंचायत की इस एकजुटता और संवेदनशीलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो बिना किसी सरकारी या बाहरी मदद के भी समाज मिलकर किसी भी पीड़ित परिवार को बिखरने से बचा सकता है। ग्रामीणों की यह सामूहिक पहल अब आसपास के अन्य गांवों और पंचायतों के लिए भी एक प्रेरणा बन गई है।

### विष्णुगढ़ः अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद उजड़े दुकानदारों का फूटा दर्द, पुनर्वास के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीन पर टिकीं नजरें

विष्णुगढ़। स्थानीय हॉस्पिटल चौक को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा चलाए गए बुलडोजर अभियान के बाद अब विस्थापित छोटे दुकानदारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दशकों से इस चौक पर दुकान चलाकर अपने परिवार का पेट पाल रहे दुकानदारों के सामने अब रोजी-रोटी का सवाल मुंह बाए खड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि वे सड़क को जाम मुक्त करने की प्रशासनिक कार्रवाई के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना किसी पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था या पुनर्वास के उन्हें उजाड़ देना सरासर नाइंसाफी है।

**राजनीतिक साजिश का आरोप, एक नेता के खिलाफ फूटा गुस्सा**

कार्रवाई के दौरान माहौल उस समय बेहद गरमा गया, जब प्रभावित दुकानदारों और कई सामाजिक कार्यकताओं का गुस्सा एक विशेष राजनीतिक दल के स्थानीय नेता पर फूट पड़ा। दुकानदारों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि इस पूरी कार्रवाई के पीछे उक्त नेता का हाथ है और दुर्भावना से प्रेरित होकर उनके पेट पर लात मारी गई है। इस बीच, अटल विचार मंच के नेता विपिन कुमार सिन्हा ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा को दे दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री सिन्हा के स्तर से इस समस्या का कोई न कोई सकारात्मक समाधान जरूर निकलेगा।

**कार्रवाई सही, लेकिन हमारे पुनर्वास का क्या?**

स्थानीय नागरिकों और प्रभावित दुकानदारों ने दो टूक शब्दों में कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त करना कतई गलत नहीं है, लेकिन प्रशासन को हमें उजाड़ने से पहले हमारी आजीविका और वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में सोचना चाहिए था। अब हम अपने बच्चों का पालन पोषण कैसे करेंगे? सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खाली जमीन बन सकती है सहारा - उजड़े दुकानदारों को दोबारा बसाने के लिए हॉस्पिटल चौक के पास एक व्यावहारिक विकल्प मौजूद है। सड़क से सटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खाली जमीन का उपयोग दुकानदारों के पुनर्वास के लिए किया जा सकता है। यदि सरकारी तंत्र थोड़ी इच्छाशक्ति दिखाए, तो इस जमीन पर व्यवस्थित दुकानों का निर्माण कराया जा सकता है। इससे एक तीर से दो निशाने साधे जा सकते हैं - उजाड़े गए परिवारों को तुरंत जीवकोपार्जन का साधन मिल जाएगा। इन दुकानों को आवंटित कर प्रशासन किराए के रूप में नियमित सरकारी राजस्व प्राप्त कर सकता है।

### सड़क से 10 फीट पीछे लगी फल-सब्जी दुकानों पर अचानक चलाया 'पॉकेट जेसीबी'; लाखों का नुकसान

हजारीबाग। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक और जिला सचिव अनिरुद्ध कुमार ने नगर निगम की मनमानी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हजारीबाग नगर निगम का अमानवीय और विरोधाभासी चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। नेताद्वय ने कहा कि पीटीसी चौक से लेकर मटवारी गांधी मैदान के समीप तक नगर निगम द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान विवादों के घेरे में आ गया है। इस अभियान के तहत नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी पूर्व सूचना या मुनादी के, अचानक तकरीबन 40 फल एवं सब्जी की गुमटियों और दुकानों को जेसीबी से पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। नेताओं ने कहा कि इस कार्रवाई की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जहां एक तरफ सड़क से 10 से 12 फीट अंदर स्थित गरीबों की दुकानों को बेरहमी से नष्ट किया गया, वहीं इसी मार्ग पर स्थित रसूखदार मॉल, विनायक होटल, फ्रंटियर होटल तथा नामचीन शिक्षण संस्थानों के बाहर मुख्य सड़क पर लगने वाले वाहनों के भारी जाम पर निगम प्रशासन पूरी तरह मेहरबान दिखा। इस एकतरफा कार्रवाई से आक्रोशित दुकानदारों का रो-रोकर बुरा हाल है ।

## हॉलीक्रॉस रोड का नाम बदलकर 'शहीद करमजीत सिंह बक्शी रोड' करने कि मांग को लेकर मेयर से मुलाकात

हजारीबाग के प्रमुख खेल मैदान का नाम भी स्वतंत्रता सेनानियों और खेल विभूतियों के नाम पर रखने की मांग

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। 'हो एंटरटेनमेंट' संस्था के सदस्यों ने हजारीबाग के मेयर अरविंद कुमार राणा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने शहर के प्रमुख स्थलों और मैदानों का नाम देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं खेल विभूतियों के नाम पर रखने का आग्रह किया। ?संस्था की ओर से चंदन सिंह, रोहित वर्मा एवं अन्य सदस्यों ने मेयर से विशेष अनुरोध किया कि हॉलीक्रॉस रोड का नाम बदलकर 'शहीद करमजीत सिंह बक्शी रोड' किया जाए और इसे गूगल मैप पर भी अपडेट कराया जाए। इसके साथ ही संस्था ने शहर के प्रमुख खेल मैदानों के नाम बदलने का प्रस्ताव भी मेयर के सामने रखाः संत कोलंबस कॉलेज मैदानः इसका नाम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम करने की मांग की गई। ?मिशन ग्राउंडः का नाम बदलकर मंगल पांडेयह्ननादिर अली मैदान करने का प्रस्ताव दिया गया। संस्था के सदस्यों का कहना है कि इन महान व्यक्तित्वों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण करने से हमारी नई पीढ़ी को उनके ऐतिहासिक योगदान और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलेगी। ?मेयर अरविंद कुमार राणा ने संस्था के प्रतिनिधियों की बातों को बेहद गंभीरता से सुना। उन्होंने सभी प्रस्तावों पर संज्ञान लेते हुए नियमानुसार उचित विचार करने और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। संस्था के सदस्यों ने आने वाले कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक पर भव्य कार्यक्रम करने और प्रातः काल में शोभा यात्रा निकालने की बात भी जिले के मेयर अरविंद राणा से की।

## 4वीं जूनियर एवं सब-जूनियर जिला तैराकी चैंपियनशिप 2026 सफलतापूर्वक संपन्न



हजारीबाग। जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में 4वीं जूनियर एवं सब-जूनियर जिला तैराकी चैंपियनशिप का सफल आयोजन रविवार को द अनंता बाय द हिल, कन्हरी, हजारीबाग स्थित स्विमिंग पूल परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा तैराकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कुल 90 तैराकों तथा बालिका वर्ग से 25 तैराकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु वर्गों एवं स्पधाओं में किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल थे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।पुरस्कार वितरण एवं पदक समारोह प्रातः 11:00 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धानंद सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ , विकास कुमार (वीभीयू), भैया अभिमन्यु प्रसाद, , शेफाली गुप्ता, अशोक कुमार, अनवर हुसैन, सत्यदेव सिंह (वॉलीबॉल), रौनक ग्रोवर, आर्कश, कपिल जैन, सुमित जायसवाल, डॉक्टर जितेंद्र आकाश अंकुल, राकेश गुप्ता ,रचित ग्रोवर, विकास कुमार, रंजन चौधरी(वीभीयू) सहित खेल एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। अन्य अतिथियों के द्वारा विजेता तैराकों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। तैराकी संघ के

## जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ,100 से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग द्वारा आज 12 जुलाई 2026 से 13 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ हजारीबाग स्टेडियम स्थित इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में भव्य समारोह के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 11:30 बजे उपायुक्त हेमन्त सती द्वारा किया गया। नगर आयुक्त एवं जिला खेल पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक जीवनशैली का भी आधार है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल युवाओं को नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखता है तथा उन्हें स्वस्थ, फिट एवं सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। दो दिनों तक आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष एवं महिला वर्गों में एकल (Singles) एवं युगल (Doubles) मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक वर्ग में विजेता को 5,000, उपविजेता को 2,500 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 1,500 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए यह भी घोषणा की कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता की सफलता के उपरांत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27, 28 एवं 29 अगस्त 2026 को प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रमंडल के सभी सात जिलों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

## सीआरपीएफ जवान की मौत पर उबाल, 45 घंटे से चतरा-हजारीबाग सड़क जाम

अनोखी पहलः अलपीटो पंचायत ने पेश की मानवता की मिसाल, संकट में आए परिवार की ग्रामीणों ने की आर्थिक मदद

====================
================

उज्जवल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। प्रखंड क्षेत्र के अलपीटो गांव के ग्रामीणों ने संकट की घड़ी में एक बार फिर आपसी भाईचारे और मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। हाल ही में एक सड़क हादसे में गांव के एकमात्र कमाऊ सदस्य जीतू यादव की असामयिक मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और उनके सामने न सिर्फ आजीविका का, बल्कि मृतक के श्राद्धकर्म को संपन्न कराने का भी बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया। परिवार की इस दयनीय स्थिति को देखकर अलपीटो पंचायत के ग्रामीण तुरंत एकजुट हुए। ग्रामीणों ने बिना देर किए 55 हजार रुपये चंदा इकट्ठा किये और पीड़ित परिवार को सौंपकर उन्हें इस मुश्किल घड़ी में बड़ा संबल दिया।

?खुद प्रवासी मजदूर, फिर भी दिल है बड़ा - ?इस पहल की सबसे खास बात यह है कि अलपीटो पंचायत के अधिकांश लोग खुद प्रवासी मजदूर हैं, जो देश के अलग अलग राज्यों और शहरों में रहकर कड़ी मेहनत से अपने परिवार का पेट पालते हैं। अपनी सीमित आय के बावजूद संकट के समय इन ग्रामीणों का

# 5 लाख की ब्राउन शुगर के साथ अंतर राज्यीय गिरोह के 3 तस्कर गिरफ्तार, आईफोन और बाइक जब्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता



चतरा। चतरा पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिद्धौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीराटांड, पेक्सा-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन अंतर-जिला तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 5 लाख मूल्य की कुल 25.67 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई है। इसके साथ ही पुलिस ने एक सफेद रंग का ढँङ्गल्ली 13 (क्टएक संख्या- 358439161311509 एवं 358439161882541) और तस्करी में प्रयुक्त दिल्ली पंजीकरण संख्या की एक काले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल (उछ्9रउए-1930) भी जब्त की है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को 11 जुलाई 2026 को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि तीन व्यक्ति पेक्सा-गिद्धौर मुख्य सड़क से अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर चौपारण की ओर भागने की फिराक में हैं। इस सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाउसाहेव, गिद्धौर अंचलाधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, सदर अंचल के विपिन कुमार और गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसने पीराटांड के समीप घेराबंदी कर तीनों अभियुक्तों को दबोच लिया। पुलिस की गिरफ्त में आए तस्करों की पहचान हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम-ताजपुर ब्लॉक मोड़ निवासी 19 वर्षीय शुभम कुमार पिता- सुरेश प्रसाद केशरी और 22 वर्षीय रौशन कुमार ,पिता- रंजीत साव के रूप में हुई है, जबकि तीसरा आरोपी बिहार के गया जिला अंतर्गत मोहनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम-मसौंधा का रहने वाला 20 वर्षीय सुमित कुमार पिता- रामोतार सिंह है। तलाशी के दौरान इनके पास से जब्त की गई 25.67 ग्राम ब्राउन शुगर तीन अलग-अलग पुड़ियों में मिली, जिसमें 10.77 ग्राम सफेद प्लास्टिक में, 4.13 ग्राम काले प्लास्टिक व सिल्वर फॉइल में और 10.77 ग्राम सफेद कागज में लिपटा हुआ था। इस मामले में गिद्धौर थाना में कांड सं०-80/26 दर्ज कर तस्करों के खिलाफ NDPS Act की धारा 17(b)/21(b)/22(b)/ 27(a)/28/29 के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है और तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजकर पुलिस पता लगाने के लिए अगशशवंशं छापेमारी कर रही है।

# सनातन संस्कृति की धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमसबों की जिम्मेदारी : मनीष जायसवाल

**पटेलनगर में सांसद मनीष जायसवाल व विधायक रोशन लाल चौधरी ने रखी श्रीश्री शिव शक्ति धाम की आधारशिला**

**भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ भूमिपूजन,अगले सावन से पहले नए मंदिर में विराजेंगे भोलेनाथ; एक वर्ष में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल के भुरकुंडा पटेलनगर स्थित श्रीश्री शिव शक्ति धाम के भव्य पुनर्निर्माण का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के माहौल में भूमिपूजन एवं शिलान्यास के साथ हुआ। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने संयुक्त रूप से मंदिर की आधारशिला रखकर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व यजमान उदय कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी आरती देवी ने आचार्य अशोक मिश्रा तथा पंडित वृजनंदन बैद्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भूमिपूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर निर्माण समिति की ओर से सांसद, विधायक सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा और उसके मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। मंदिर का निर्माण जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक जरूरी इसकी परंपराओं और संस्कारों को जीवंत बनाए रखना है, ताकि यह धरोहर आने वाले सौ वर्षों तक समाज का मार्गदर्शन करती रहे। उन्होंने मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने बताया कि श्रीश्री शिव शक्ति धाम का निर्माण कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। समिति का प्रयास है कि अगले सावन से पहले भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा नए मंदिर में स्थापित कर नियमित पूजा-अर्चना शुरू कर दी जाए। भूमिपूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राधेश्याम अग्रवाल, राजू चतुर्वेदी, राजीव जायसवाल, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, अनमोल सिंह, रामगोपाल अग्रवाल, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया, सचिव बिमल राय, सह सचिव सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, सह कोषाध्यक्ष विजय बंसल, उत्तम सिन्हा, निर्मल अग्रवाल, नरेश त्रेहन, सुशील अग्रवाल, मनोज शर्मा, मुन्ना अग्रवाल, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, विनय कुमार सिंह, एन.के. तिवारी, मुखिया व्यास पांडे, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष शौर्य प्रसाद कुशवाहा, सतीश मोहन मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, अमरेश सिंह, सुखदेव प्रसाद, कन्हैया सिंह यादव, राजन पांडे, राजेश शर्मा, राकेश शर्मा, रिंकू वर्णवाल, मनोज अग्रवाल विनोद सिंह, विनय चंद तिवारी, जितेंद्र पांडे, अवधेश सिंह, अशोक सिंह, योगेंद्र पाठक, देवेंद्र प्रसाद, विनोद दुबे, नवीन अग्रवाल, पुनीत सिंह, मुन्ना यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## टुंडी में सेवा सप्ताह के तहत विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने किया वृक्षारोपण, जियाजोरी में प्रस्तावित छात्रावास को लेकर जताई आपत्ति

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**टुंडी।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को टुंडी प्रखंड के बेजराबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण के बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभा को संबोधित करते हुए बजरंग दल के जिला गोरक्षा प्रमुख कृष्णा पंडित ने कहा कि प्रकृति एवं समाज की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा अनेक प्रकार की औषधियों का स्रोत भी हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल ने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाए रखने, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल के सेवा सप्ताह के तहत पूरे देश में करोड़ों वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में लगभग 5,000 पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। सभा के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने टुंडी प्रखंड के मौजा जियाजोरी स्थित लगभग 10 एकड़ गैरमजरूआ भूमि पर मुस्लिम छात्रों के लिए प्रस्तावित छात्रावास को लेकर भी आपत्ति जताई। वक्ताओं का कहना था कि उनके अनुसार इस क्षेत्र में मुस्लिम आबादी नहीं है, इसलिए प्रस्तावित छात्रावास के निर्माण पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। संगठन ने जिला प्रशासन से इस संबंध में निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की तथा कहा कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो स्थानीय लोग लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल, जिला सत्संग प्रमुख गणेश राय, जिला गोरक्षा प्रमुख कृष्णा पंडित, गोविंदपुर प्रखंड बजरंग दल सहसंयोजक संतोष गोप, नीरज जायसवाल, शिव शंकर ठाकुर, सुरेश तुरी, महेंद्र तुरी, खगेंद्र रजक, गंगाधर रजक, नागेश्वर पाण्डेय, केदार रजक, दिनेश रजक, उमेश पाण्डेय, दीपक रजक, मंटू कुमार रजक, लाल रजक, रश्मि देवी, लक्ष्मी कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 14वीं सीनियर पेंचक सिलाट नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, यश अग्रवाल ने जीता कांस्य पदक



**एग्यारकुंड।** मेघालय की राजधानी शिलांग स्थित जिम्नेजियम हॉल में 5 से 8 जुलाई 2026 तक आयोजित 14वीं सीनियर पेंचक सिलाट नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। देशभर के विभिन्न राज्यों एवं सर्विसेज टीमों के लगभग 1,500 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। झारखंड की ओर से 13 खिलाड़ियों ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इनमें यश अग्रवाल ने 70-75 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।प्रतियोगिता में झारखंड पेंचक सिलाट संघ की सचिव मिस डौली सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई, जबकि सूरज चिक बड़ाइक ने टीम कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। इस उपलब्धि पर झारखंड पेंचक सिलाट संघ के चीफ टेक्निकल डायरेक्टर एवं कोच श्री बिजय कुमार लिम्बु, अध्यक्ष किशोर मंत्री, शिफू बिस्वजीत कर्मकार, जमील अंसारी, किशन कुमार, दीपा कुमारी, जेना हेंब्रम, गुलाम अब्दुल कादिर सहित संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस संबंध में जानकारी शबनम मिंज ने दी।

## भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दी जीत की नई रणनीति, दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में संगठन हुआ और मजबूत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी बोकारो नगर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 11 से 12 जुलाई तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में आठ वैचारिक एवं संगठनात्मक सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को राष्ट्र निर्माण, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तीकरण और जनसेवा के मूल मंत्र दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विशाल गौतम ने की, जबकि संचालन युवा मोर्चा के महामंत्री लाल बाबू ने किया।उद्घाटन सत्र में जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र राज, जिला मंत्री अंजना सिंह, वरिष्ठ नेता विवेक सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तथा जिला प्रशिक्षण टोली के संयोजक संजय त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कार्यकताओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। दो दिनों में आयोजित आठ सत्रों में प्रशासनिक समन्वय एवं एसआईआर प्रक्रिया, सोशल मीडिया की प्रभावी भूमिका, पार्टी की वैचारिक नींव, संगठन की कार्यपद्धति, सांगठनिक विस्तार, अंत्योदय की अवधारणा तथा भाजपा के इतिहास, विकास यात्रा और भविष्य की रणनीति जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल संगठनात्मक जानकारी देना नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूत करना है। अंत में युवा मोर्चा महामंत्री लाल बाबू ने प्रशिक्षण वर्ग की समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में

## एसआईआर-2026 में बीएलओ सीता देवी का शानदार प्रदर्शन, 1410 मतदाताओं तक पहुंचकर बनीं प्रेरणा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत 35-बेरमो विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-338 की बीएलओ सीता देवी ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए अभियान में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने अपने मतदान केंद्र के सभी 1410 मतदाताओं के बीच 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण सुनिश्चित किया। इसके साथ ही गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का आंकड़ा 1000 के पार पहुंचाकर अभियान को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीता देवी के उल्लेखनीय कार्य की सराहना करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) मनोज कुमार ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर-2026 अभियान की सफलता में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सीता देवी ने जिस लगन, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है, वह अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी बीएलओ से इसी प्रकार समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने भी सभी बीएलओ से पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। जिला प्रशासन एसआईआर-2026 अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को प्रतिदिन सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन कर रहा है, ताकि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया जा सके।

## केजीबीवी टुंडी में इस्कॉन के नव प्रभु जी का प्रेरणादायी व्याख्यान, गीता के संदेशों से छात्राओं को किया प्रेरित



**टुंडी।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), टुंडी में छात्राओं के नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन के भक्त नव प्रभु जी ने छात्राओं को श्रीमद्भगवद्गीता के अमूल्य उपदेशों से अवगत कराते हुए कर्मयोग, अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में नव प्रभु जी ने कहा कि मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने पर है, उसके फल पर नहीं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी स्वार्थ और फल की चिंता किए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, क्योंकि यह जीवन में आत्मविश्वास, धैर्य, सदाचार और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ व्याख्यान सुना तथा गीता के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अंत में छात्राओं के बीच श्रीमद्भगवद्गीता का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# करियर मीडिया का मेयर संजीव सिंह एवं पूर्व सांसद पी एन सिंह ने किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धनबाद के 12वीं पास विद्यार्थियों को कैरियर मीडिया देगा सही मार्गदर्शन :गुलशन झा**



**धनबाद।** बैंक मोड़ स्थित शांति भवन के सेकंड फ्लोर में करियर मीडिया का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर धनबाद के मेयर संजीव सिंह, पूर्व सांसद पी.एन. सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्थान का उद्देश्य इंटरमीडिएट के बाद छात्रों को सही करियर चुनने और उच्च शिक्षा से जुड़ी सटीक जानकारी उपलब्ध कराना है।बैंक मोड़ स्थित करियर मीडिया के उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षाविद, अभिभावक और छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के संस्थापक ने बताया कि इंटरमीडिएट पास करने के बाद अधिकांश छात्र इस दुविधा में रहते हैं कि उन्हें किस विषय का चयन करना चाहिए, किस कॉलेज या संस्थान में प्रवेश लेना चाहिए और अपने करियर की दिशा कैसे तय करनी चाहिए। ऐसे छात्रों को सही मार्गदर्शन और करियर काउंसलिंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करियर मीडिया की शुरूआत की गई है।कार्यक्रम में मौजूद धनबाद के मेयर संजीव सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि करियर मीडिया धनबाद के छात्रों के लिए एक बेहतर मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि यहां छात्रों को शिक्षा और करियर से जुड़ी आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर सही निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संस्थान जिले के युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगा। उद्घाटन पर ऑनर गुलशन झा एवं डायरेक्टर विशाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

## एक नजर

### डीसी के आश्वासन पर टली बीएसएल गेटबंदी, 17 अगस्त को होगी उच्चस्तरीय त्रिपक्षीय वार्ता

**बोकारो।** प्रस्तावित आंदोलन से ठीक पहले जिला प्रशासन और विस्थापित संगठनों के बीच हुई वार्ता का सकारात्मक असर देखने को मिला। उपायुक्त के लिखित आश्वासन के बाद विस्थापित अप्रेंटिस संघ ने 13 जुलाई को प्रस्तावित बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) की संपूर्ण गेटबंदी कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। शनिवार शाम करीब चार बजे उपायुक्त के आवास पर उपायुक्त और विस्थापित अप्रेंटिस संघ के प्रतिनिधियों तथा अन्य विस्थापित नेताओं के बीच बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने लिखित आश्वासन दिया कि 17 अगस्त 2026 को विस्थापितों की मांगों पर उच्चस्तरीय त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी संबंधित पक्ष शामिल होंगे। इसके बाद शाम पांच बजे महुआर स्थित अक्लू राम महतो स्मृति भवन (विस्थापित स्टेडियम) में विस्थापित अप्रेंटिस संघ एवं अन्य विस्थापित संगठनों की आपात बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपायुक्त के आश्वासन, सम्मान और सकारात्मक पहल को देखते हुए 13 जुलाई को प्रस्तावित शांतिपूर्ण गेटबंदी आंदोलन को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। हालांकि संघ ने स्पष्ट किया कि यदि 17 अगस्त की वार्ता में उनकी लंबित मांगों पर ठोस पहल नहीं होती है, तो विस्थापित अप्रेंटिस संघ और अन्य विस्थापित संगठन पुनः बीएसएल की संपूर्ण गेटबंदी कर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित पक्षों की होगी।बैठक में सुनील कुमार, चंद्रकांत कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार महतो, अजय महतो, रघुनाथ महतो, विक्रम कुमार, प्रदीप कुमार, मासूम, संतोष, कामरान, बबलू, छोटेलाल, सागर महली, राजू सहित बड़ी संख्या में विस्थापित प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यूपी से भटककर बोकारो पहुंचा युवक, बालीडीह पुलिस ने परिवार से मिलाया



**बोकारो।** बालीडीह पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश से भटककर बोकारो पहुंचे एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को उसके परिजनों से सकुशल मिला दिया। पुलिस की इस पहल से परिवार में खुशी लौट आई और परिजनों ने बोकारो पुलिस का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, बालीडीह थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी में 19 वर्षीय एक युवक संदिग्ध अवस्था में भटकता मिला। सूचना मिलने पर टाइगर मोबाइल के जवान उसे सुरक्षित बालीडीह थाना लेकर आए। पूछताछ के दौरान युवक अपना नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो जेब से एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर एक मोबाइल नंबर लिखा था। उस नंबर पर संपर्क करने पर विजय गिरी ने बताया कि युवक उसका छोटा भाई रिंकु गिरी है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसने बताया कि रिंकु उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के परसोहिया गांव का रहने वाला है और कई दिनों से लापता था। सूचना मिलने के बाद विजय गिरी बालीडीह थाना पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रिंकु गिरी को उनके सुपुर्द कर दिया। अपने भाई को सुरक्षित पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बालीडीह पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और मानवीय कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार जताया।पुलिस के इस मानवीय प्रयास ने एक बार फिर यह साबित किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद और उन्हें उनके अपनों से मिलाना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नावाडीह।** डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने रविवार को कंजकीरो पंचायत के शिशुटोला में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले 2.250 किमी लंबा उक्त पथ पिपराडीह तालिया मोड़ से कंजकीरो तक बनेगा। इस दौरान विधायक जयराम महतो ने कहा कि पीसीसी सड़क बन जाने से बरसात में भी ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम हो जायेगा। उन्होंने संवेदक से कहा कि सड़क बनाने में कोई कोताही नहीं बरतेंगे। मौके पर कंजकीरो मुखिया ललिता देवी, पंसस रेवतलाल महतो, पूर्व मुखिया डेगलाल महतो, विधायक के निजी सहायक संजय महतो, विधायक प्रतिनिधि खागेन्द्र महतो, सचिन महतो, प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो, दिनेश सिंह, लालमोहन तुरी, योद्धा महतो, श्यामलाल महतो, संतोष महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### आद्रा मंडल में 13 से 19 जुलाई तक रेल परिचालन प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द तो कई के समय और मार्ग में बदलाव

**बोकारो।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 13 जुलाई से 19 जुलाई 2026 तक इंजीनियरिंग, टीआरडी तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा संयुक्त रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते रेल परिचालन पर व्यापक असर पड़ेगा। इस अवधि में कई मेमू ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी, कई ट्रेनों का परिचालन आंशिक मार्ग तक सीमित रहेगा, जबकि कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रस्थान समय में भी बदलाव किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी ट्रेन का स्टेटस अवश्य जांच लेने की अपील की है।रेलवे के अनुसार 68046/68045 आसनसोल-आद्रा- आसनसोल, 68090/68089 आद्रा- मिदनापुर- आद्रा, 68077/68078 आद्रा- भागा- आद्रा, 63594/63593 आसनसोल- पुरुलिया- आसनसोल तथा 68056 टाटानगर-आसनसोल मेमू अलग-अलग तिथियों में पूरी तरह रद्द रहेंगी। वहीं 68056/68060 टाटानगर- आसनसोल- बाराभूम, 63594/63593 आसनसोल- पुरुलिया, 18116/18115 चक्रधरपुर- गोमो, 68055/68056 आसनसोल- टाटानगर, 68060 आसनसोल-बाराभूम तथा 68055 आसनसोल- टाटानगर मेमू ट्रेनों का परिचालन निर्धारित तिथियों पर आंशिक मार्ग तक ही किया जाएगा। इन ट्रेनों के कुछ खंडों में सेवा पूरी तरह बंद रहेगी। इसके अलावा 18035 खड़गपुर- हटिया एक्सप्रेस 13, 16 एवं 17 जुलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से एक घंटे विलंब से रवाना होगी। वहीं 18036 हटिया, खड़गपुर एक्सप्रेस 14 जुलाई को एक घंटे तथा 15 एवं 18 जुलाई को दो घंटे विलंब से हटिया से प्रस्थान करेगी। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि रोलिंग ब्लॉक के दौरान परिचालन व्यवस्था सुचारु रूप से बहाल करने के लिए यह कार्य आवश्यक है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे स्टेशन पहुंचने से पहले रेलवे की आधिकारिक सूचना या ट्रेन का लाइव स्टेटस अवश्य देख लें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# 15 जुलाई को साहिबगंज में होगा व्यापक सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एवं ब्लैकआउट अभ्यास

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में सिविल डिफेंस एयर रेड ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज के सफल आयोजन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जहां बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों के आलोक में 15 जुलाई 2026 दिन बुधवार को जिले में व्यापक स्तर पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एवं एयर रेड ब्लैकआउट अभ्यास आयोजित किया जाएगा। जहां इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी हवाई हमले खतरे अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थिति में नागरिकों की सुरक्षा, प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया तथा विभिन्न एजेंसियों के समन्वय की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है। आगे उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में आपदा एवं आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जागरूक एवं प्रशिक्षित होना आवश्यक है। जहां यह मॉक ड्रिल नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा संकट की घड़ी में सही निर्णय लेने की क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उधर जिले में यह अभ्यास संध्या महाविद्यालय साहिबगंज, प्रखंड कार्यालय परिसर साहिबगंज तथा साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में अपराह्न 4 बजे से अपराह्न 9 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा, जहाँ विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक वातावरण तैयार कर राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। वही बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से मॉक ड्रिल संपन्न कराने के निर्देश दिए। आगे उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान नागरिकों को सायरन प्रणाली, सुरक्षित स्थानों तक निकासी, प्राथमिक उपचार, राहत एवं बचाव कार्य तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी।

**मॉक ड्रिल की प्रमुख गतिविधियाँ :** हवाई हमले की चेतावनी के संकेत स्वरूप सायरन का संचालन।निर्धारित अवधि के लिए ब्लैकआउट अभ्यास, जिसके दौरान नागरिकों से बिजली, इन्वर्टर एवं कृत्रिम प्रकाश स्त्रोतों का उपयोग नहीं करने का अनुरोध किया जाएगा।

चिन्हित सुरक्षित स्थानों तक नागरिकों की निकासी प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास। जिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस तथा स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय सहभागिता।रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु शैडो कंट्रोल रूम की स्थापना। ड्रोन एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से ब्लैकआउट एवं संपूर्ण अभ्यास की निगरानी। संपूर्ण मॉक ड्रिल की वीडियो रिकॉर्डिंग।

चिन्हित स्थल जहां मॉक ड्रिल होगा प्रखंड कार्यालय साहिबगंज ( 4 बजे अपराह्न )संध्या कॉलेज साहिबगंज साहिबगंज रेलवे स्टेशन (8 बजे अपराह्न)जहां उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मॉक ड्रिल के सफल संचालन हेतु जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अभ्यास में सहभागिता कर सकें और आपदा प्रबंधन संबंधी आवश्यक जानकारियों से लाभान्वित हों। इस बैठक में अपर समाहर्ता विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छाताडंगाल में घरों में चोरी करने वाले 5 आरोपियों को बरहरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बरहरवा:** थाना क्षेत्र के छाताडंगाल में बीते दिनों 5 जुलाई 2026 को रानी सुदीप कुजूर के घर में चोरी होने के मामले में पीड़िता महिला के द्वारा केस दर्ज कराई गई थी। जहां बरहरवा थाना क्षेत्र की पुलिस ने घरों में बढ़ती चोरी के मामले में लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को लेकर छापेमारी कर रही थी। जहां शनिवार को बरहरवा थाना क्षेत्र की पुलिस ने छाताडंगाल स्थित रानी सुदीप कुजूर के घर में हुई चोरी मामले में 5 आरोपियों को घर से चुराए गए सामानों से साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। उधर गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों की पहचान पोल्ट्री उर्फ लक्ष्मण यादव उम्र 20 वर्ष पिता विजय यादव, नंदन साह उम्र 24 वर्ष पिता स्व. लालू साह दोनों साकिन रतनपुर, प्रकाश साह उम्र 19 वर्ष पिता झंटू साह, सोहन कुमार यादव उम्र 23 वर्ष पिता स्व. बिरजू यादव एवं राहुल कुमार साह उम्र 18 वर्ष पिता गोपाल साह तीनों साकिन पतना चौक तेलीपाड़ा को खिड़की में लगाने वाला एल्यूमिनियम का फ्रेम, 4 पीस सीलिंग पंखा एवं एसी का कंप्रेसर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जहां गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पुलिसिया पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा कि पांच माह पूर्व रतनपुर स्थित खुशबू कुमारी के बंद घर में भी उनलोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उधर गिरफ्तार किए गए आरोपी नंदन साह के खिलाफ रांगा थाना एवं पोल्ट्री उर्फ लक्ष्मण यादव के खिलाफ बरहरवा थाना में पहले से केस दर्ज है।

## सिविल सर्जन ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, रजिस्टर जांचकर दिए आवश्यक निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का शनिवार देर रात सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और सेवा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जांच की।

उधर सिविल सर्जन ने वार्डों का निरीक्षण करने के बाद ड्यूटी रूम में जाकर उपस्थिति एवं अन्य अभिलेखों के रजिस्टर की जांच की। जहां उन्होंने रजिस्टर का मिलान कर कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली और अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही निरीक्षण के दौरान डॉ. रामदेव पासवान ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी निभाएं, अस्पताल में साफ सफाई बनाए रखें तथा मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। आगे उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उधर देर रात हुए इस औचक निरीक्षण से अस्पताल कर्मियों में सतर्कता देखी गई। जहां निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना बताया गया।

## महाजन पट्टी में खुला जगवार कंपनी का शो रुम



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** शहर के महाजनपट्टी गुड़ बाजार में रविवार को अक्षत ट्रेडिंग कंपनी जगवार शो रुम का विधिवत उद्घाटन माता मीरा देवी ने विधिवत रूप से पूजन करके फीता काटकर किया।

जहां इस कार्यक्रम में राजमहल के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रामानंद साह सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर शो रुम का निरीक्षण करते हुए इस शो रुम में आकर्षक डिजाइन के सावर, नल, बेसिन सहित अन्य उत्पादन को देखा। वही पूर्व विधायक ने कहा कि कंपनी का शो रुम खुलना शहरवासियों के लिए अच्छा संकेत है। जहां शहर के सभी लोग जगवार कंपनी के शो रुम में आकर विजिट करें ये ऑथराइज डीलर है जहां शो रुम का दौरा करके प्रोडक्ट का फायदा उठाएं। इस मौके पर भाजपा नेता गणेश प्रसाद तिवारी, सज्जन पोद्दार, डॉ. विजय कुमार, रामदरश यादव, मो. आफताब, धर्मेंद्र कुमार, सुनील भरतिया, राजीव चौधरी, गोपाल चोखानी, सुनील सिंह, संदीप दीवान, अनिल यादव, बिपिन साह, कन्हैया खुडानिया, अनिल ओझा, केशव तमाखुवाला, जगवार कंपनी के मनीष सिंह व अंकित सिंह, अमित सिंह, शो रुम के मालिक नरेश कुमार पोद्दार, महेंद्र कुमार पोद्दार, अक्षत पोद्दार सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा केंद्र साहिबगंज में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी को दी गई भावभीनी विदाइ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** शिक्षा केंद्र साहिबगंज में रविवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी के सम्मान में भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जहां इस समारोह में शिक्षकों, शिक्षा विभाग के कर्मियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उधर कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरणविद्, शिक्षाविद् एवं मॉडल कॉलेज, राजमहल के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने की। जहां उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संजय कुमार तिवारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वे सौम्य, सरल, कर्मठ एवं सांस्कृतिक विचारधारा से जुड़े अधिकारी हैं।




जहां उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान साहिबगंज में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य किया। वही मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय के शिक्षक मनोहर शर्मा ने संजय कुमार तिवारी को मिलनसार, हंसमुख एवं प्रेरणादाई व्यक्तित्व का धनी बताते हुए उन्हें शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण विदाई गीत ने पूरे वातावरण को भावुक कर दिया। उधर इस समारोह में उपस्थित शिक्षकों, शिक्षा विभाग के कर्मियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने श्री तिवारी को पुष्पगुच्छ, उपहार एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनके प्रति अपना सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया।जहां विदाई संबोधन में संजय कुमार तिवारी ने कहा कि साहिबगंज में बिताया गया उनका कार्यकाल सदैव उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में शामिल रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का स्नेह, सहयोग और आत्मीयता को वे हमेशा अपने साथ लेकर जाएंगे तथा साहिबगंज सदैव उनके स्मृति पटल पर अंकित रहेगा।उधर कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा केंद्र के निदेशक अनिकेत कुमार ने किया। जहां उन्होंने श्री तिवारी के योगदान की सराहना करते हुए उनके भावी कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर शिक्षक शशि रंजन सुमन, झारखंड शिक्षा परियोजना के कर्मचारी वीर प्रकाश सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अभाविप के विद्यार्थी सप्ताह का भव्य समापन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78 वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विद्यार्थी सप्ताह का रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहिबगंज में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। जहां सप्ताह भर नगर के विभिन्न विद्यालयों में भाषण, चित्रकला, वाद विवाद, संगीत तथा कला एवं शिल्प (आर्ट्स एंड क्राफ्ट) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उधर समापन समारोह में प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। उधर समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग के विभाग प्रचारक अजय एवं अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक अनंत कुमार ओझा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वही अभाविप के प्रदेश छात्रा सह प्रमुख निधि सिंह, विभाग संयोजक संजय दत्ता एवं जिला प्रमुख प्रो. चंद्रशेखर प्रामाणिक की विशेष उपस्थिति रही। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने की। उधर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं परिषद गीत के साथ किया गया। जहां इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। उधर मुख्य अतिथि कुमार अजय ने अपने संबोधन में कहा कि ह्वविद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभाव विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण समय है। वही आज भारत को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो ज्ञान के साथ संस्कार, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी परिचय दें। जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्षों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।

वही विद्यार्थी सप्ताह जैसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करते हैं। वही हमें ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो अपने व्यक्तिगत विकास के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाएँ।ह्व वही मुख्य अतिथि अनंत कुमार ओझा ने कहा कि ह्वअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसने अपने 78 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में छात्रहित, शिक्षा सुधार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। वही परिषद केवल छात्र समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व निर्माण और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध विकसित करने का कार्य भी करती है। वही विद्यार्थी सप्ताह जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें उचित मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम हैं। उधर आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी आने वाले समय में समाज और राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे।

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर मंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने कहा कि ह्वविद्यार्थी सप्ताह के अंतर्गत नगर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं को विद्यार्थियों का अभूतपूर्व सहयोग और उत्साह प्राप्त हुआ। जहां परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में ह्यज्ञान, शील और एकताह्व के आदर्शों को विकसित करते हुए उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। जहां आगे भविष्य में भी परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम निरंतर आयोजित करती रहेगी। उधर समारोह के दौरान प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले 150 से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ई कोर्ट प्रोग्राम के संबंध में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक को दी गई ट्रेनिंग




**साहिबगंज:** व्यवहार न्यायालय साहिबगंज में ई कोर्ट फाइलिंग प्रोसेस की जानकारी को लेकर रविवार को एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां मास्टर ट्रेनर अमरेंद्र कुमार मोहंती ने बताया कि झालसा के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित ई कोर्ट प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से ऑनलाइन मुकदमा फाइल करने का समय आ गया है जहां अब सभी को ऑनलाइन ही केस फाइल करना होगा। वही मौके पर राजमहल के मास्टर ट्रेनर विकास कुमार एवं ओम प्रकाश सिंह ने अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक को ई कोर्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम में ई फीलिंग से संबंधित जानकारी दिए। जहां उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ता को अपना मोबाइल फोन में ई कोर्ट फाइलिंग ऐप अपलोड कर अपने अपने नाम से रजिस्ट्रेशन करना होगा तब आप अपने नाम से कोई भी दस्तावेज या केस को ई फाइलिंग के माध्यम से कोर्ट में दाखिल कर सकेंगे। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला अधिवक्ता संघ के सचिव विजय कर्ण, अधिवक्ता देव नारायण यादव, गौतम प्रसाद सिंह उर्फ दारा, मुनिलाल मंडल, लालबाबु यादव, सुनील कुमार, बालमुकुल पंडित, नवीन निर्माण, अरुण कुमार सिन्हा, विवेक कुमार, जितेंद्र मालाकार, सुभाष गुप्ता, बमबम, ज्योति ओझा, राहुल रितेश एवं अन्य शामिल थे। उधर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में संघ के सचिव विजय कुमार कर्ण एवं देव नारायण यादव ने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को कई तरह की जानकारी दी।

### बरहरवा आरपीएफ टीम ने अप फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से अवैध शराब किया जब्त




**बरहरवा:** पश्चिम बंगाल व झारखंड के रास्ते इन दिनों बिहार को जाने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से शराब तस्कर लगातार अवैध शराब तस्करी करने में जुटे रहते हैं जहां विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात आरपीएफ जवानों की सक्रियता से ऐसे शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया जाता है और शराबों की तस्करी करने वाले तस्करों को भी गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया जाता है। जहां शनिवार की देर रात्रि को बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक बी. एन. टुडू तथा ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल आकाशदीप नायक के द्वारा गाड़ी सं. 15733 अप (फरक्का एक्सप्रेस) में अवैध शराब की रोकथाम हेतु चेकिंग की गई। जहां लगभग रात पौने 9 बजे जब अप फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आई तो जनरल कोच संख्या एसईआर 257537 के एक सीट के नीचे एक लावारिस प्लास्टिक का बैग मिला। जहां रेलयात्रियों से बार बार पूछताछ करने पर भी कोई व्यक्ति उक्त बैग पर अपना दावा प्रस्तुत नहीं कर सका। उधर बरामद बैग की तलाशी लेने पर उसमें पश्चिम बंगाल ब्रांड के ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की के 180 मि.ली. के 100 पाउच बरामद हुए। जहां बरामद शराब की कुल मात्रा 18 लीटर तथा कुल अनुमानित मूल्य चौदह हजार रुपए मात्र पाया गया। चूंकि उक्त शराब लावारिस अवस्था में मिली, अतः बीएनएसएस, 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे विधिवत जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा हेतु आरपीएफ पोस्ट, बरहरवा लाया गया और अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग, साहिबगंज को सूचित किया गया है।

### जिला वूशु संघ की बैठक में लिए गए कई निर्णय

साहिबगंजः झारखंड वूशु संघ के निर्देश के आलोक में रविवार को बरहरवा में जिला वूशु संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमें वूशु खेल के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जहां बैठक के दौरान अगले माह में बालिकाओं में खेलो के भागेदारी बढ़ाने, उनका आत्मबल बढ़ाने हेतु खेलो इंडिया अस्मिता वूशु लीग के आयोजन के मद्देनजर खिलाड़ियों को खेलो इंडिया पोर्टल पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने, वूशु खेल के सामग्रियों, संसाधनों की उपलब्धता, प्रशिक्षण आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला वूशु संघ के सचिव सह प्रशिक्षक मृत्युंजय कुमार राय, अध्यक्ष संतोष स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष विवेकानंद प्रमाणिक, ललन कुमार, राजकुमार ओझा, प्रेम लता देवी, संजीव कुमार सिंहा एनिजामुद्दीन, नारायण चंद्र राय, पिंटू कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की संगठनात्मक बैठक हुई आयोजित



**साहिबगंज:** शहर के अभिनव श्री होटल में रविवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सदर प्रखंड साहिबगंज कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मो. शाहजहां की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह, प्रदेश सचिव अरविंद ठाकुर, राष्ट्रीय पार्षद शिवशंकर निराला व डिजिटल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार शामिल हुए। उधर आयोजित बैठक में एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही साथ पत्रकारों की समस्याओं की चर्चा करते हुए संगठन मजबूती पर बल दिया गया। जहां इस मौके पर जिला महासचिव रबनवाज आलम ने पत्रकारों के नैतिकता और अनुशासन पर चर्चा की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार पंकज वर्मा, आलोक कुमार, मुन्ना कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव, आनंद कुमार चौधरी, दीपक कुमार केशरी, सहेंद्र प्रसाद, रंजय पासवान, राजेश कुमार दास, मो. वसीम आलम, सुमन कुमार झा, नवीन कुमार, मनीष कुमार शर्मा, इमरान, चंदन कुमार, मो. हसमुद्दीन, मो. गुलजार समेत अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## संपादकीय

### भारत का सख्त रवैया और पाकिस्तान की बढ़ती बेचैनी

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ जब से सिन्धु जल समझौता रद्द किया है, पाकिस्तान लगातार पूरी दुनिया के समक्ष पीड़ित देश होने का नाटक कर रहा है और हाथ-पांव मार रहा है कि किसी तरह दबाव में आकर भारत सिंधु जल समझौता बहाल कर दे। इसके साथ ही उसके पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी नेता विलावल भुटटो भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देने लगे हैं। भारत के कड़े तेवरों के कारण सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की बैचेनी अब चरम पर पहुंच चुकी है। इस्लामाबाद में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें पाकिस्तानी मंत्रियों और सांसदों ने भारत को धमकी देने का प्रयास किया। पाक उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सिंधु जल संधि सिर्फ पानी बांटने का समझौता नहीं अपितु दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और सहयोग की मजबूत नीव है। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में भारत एक माह में ही चार बार पाकिस्तान को आईना दिख चुका है। बिलावल ने धमकी देते हुए बयान दिया कि अगर पाकिस्तान के पानी को रोकने का प्रयास हुआ तो यह पाकिस्तान के अस्तित्व पर हमला माना जाएगा और यह परमाणु प्रतिक्रिया जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। आज पाकिस्तान सिंधु जल के लिए तरस रहा है और उसका असर वहां की आम जनजीवन पर दिखलाई पड़ने लगा है। इतना होने पर भी पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। वह लगातार भारत के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों को चला रहा है और आतंकियों को संरक्षण दे रहा है। अतः रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी पाकिस्तान को स्पष्ट सन्देश दे दिया है कि अब वह सिंधु जल समझौता पूरी तरह से भूल जाए क्योंकि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता। इस बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह हुआ है कि भारत और पाकिस्तान की तथाकथित 116 बुद्धिजीवी हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर शांतिवार्ता पुनः शुरू करने की वकालत की है जिसे भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से ठुकरा दिया है। एक बार फिर बता दिया है कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता।

## आज का राशिफल

**मेष-** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये-पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**वृष-** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन-** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**कर्क-** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़े के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**सिंह-** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**कन्या-** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**तुला-** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**वृश्चिक-** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु-** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मकर-** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**कुंभ-** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन-** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

## दैनिक पंचांग

**13 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.43 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | सिंह | 07.59 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 10.11 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 12.21 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 14.36 ब.से |
| शुक्र | सिंह में | धनु | 16.52 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.57 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.44 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.16 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.47 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृष | 01.27 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.25 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 194 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 18.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 05.42 बजे तदनन्तर आर्द्रा 02.52 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ध्रुव 16.01 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.40 बजे, शकुनि 18.50 बजे तदनन्तर चतुष्पद 05.01 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $21^{\circ}51'$
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872769
**जूलियन दिन** 2461234.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# मानसून की चुनौती: आखिर स्मार्ट शहर भी क्यों हो रहे हैं बेबस?



योगेश कुमार गोयल



मानसून ने इस वर्ष अपने आगमन के साथ ही देश के बड़े हिस्से में राहत से अधिक आफत का संदेश दिया है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और मध्य प्रदेश तक प्रकृति का रौद्र रूप साफ दिखाई दे रहा है। भारी बारिश, भूस्खलन, बादल फटने और बाढ़ जैसी घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारा बुनियादी ढांचा और प्रशासनिक तैयारी अभी भी इस प्राकृतिक चुनौती का सामना करने में सक्षम नहीं है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में लगातार मूसलाधार बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग-244 कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसी घटनाएं न केवल आवागमन को बाधित करती हैं बल्कि यह भी दिखाती हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और रखरखाव में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है। महाराष्ट्र के पुणे जिले में भूस्खलन की घटना में लोगों की मौत और कई लोगों का रेस्क्यू इस बात का संकेत है कि हम जोखिमों को पहले से भांपने में असफल रहे हैं। महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी स्थिति भयावह है। उल्हास नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है, जिससे वांगणी के पास स्थित कुडसावरे पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया और कई गांवों का संपर्क टूट गया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हर वर्ष की तरह इस बार भी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है लेकिन इस बार स्थिति और भी गंभीर रही है। महज दो दिनों की बारिश में ही सड़कें नदियों में तब्दील हो गई, पेड़ उखड़ गए, पुराने ढांचे ढह गए और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हर साल आने वाली इस स्थिति को हम केवल ह्यप्राकृतिक आपदाह्न कहकर टाल सकते हैं? सच्चाई यह है कि यह केवल प्रकृति का प्रकोप नहीं बल्कि हमारी प्रशासनिक लापरवाही, अनियोजित शहरीकरण और तकनीकी अक्षमता का भी परिणाम है। यदि बारिश से पहले नालों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था और जोखिम वाले क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन समय पर किया जाए तो इन घटनाओं की गंभीरता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मुंबई, पुणे या अन्य महानगरों में जलभराव की समस्या अब अस्थायी नहीं रही बल्कि स्थायी संकट बन चुकी है। इसका मूल कारण है शहरों का अनियोजित विस्तार और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों का अतिक्रमण। जहां कभी पानी के बहाव के प्राकृतिक रास्ते थे, वहां आज कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं। नतीजतन, थोड़ी सी बारिश भी शहरों को जलमग्न कर देती है। यह स्थिति केवल मुंबई तक सीमित नहीं है बल्कि अब देश के अधिकांश शहरों में यही तस्वीर देखने को मिलती है। इस बार मानसून ने रेलवे और सड़क परिवहन को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। मुंबई-पुणे रेल मार्ग पर चट्टानी मलबा गिरने से रेल सेवाएं बाधित हो गई। गुजरात के अमरेली में राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा बह जाना इस बात का संकेत है कि हमारी निर्माण प्रणाली प्राकृतिक आपदाओं के प्रति कितनी संवेदनशील है। यह केवल एक तकनीकी विफलता नहीं बल्कि दीर्घकालिक योजना के अभाव का परिणाम है। यदि हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो विकसित देशों ने इस समस्या से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में ह्यलिडारह्न तकनीक से पहाड़ी क्षेत्रों की निगरानी की जाती है और ह्यरॉकफॉल बैरियर्सह्न के माध्यम से भूस्खलन को रोका जाता है। रेल और सड़क नेटवर्क में सेंसर आधारित प्रणाली खतरे का पूवार्नुमान लगाकर सेवाओं को नियंत्रित करती है। इसके विपरीत, भारत में आज भी अधिकतर व्यवस्थाएं प्रतिक्रियात्मक हैं अर्थात हादसे के बाद ही कार्रवाई होती है। विश्व बैंक के अनुमानों के अनुसार, भारत को हर वर्ष बारिश से जुड़ी आपदाओं के कारण लगभग 80,000 करोड़ से 1,20,000 करोड़ रुपये तक का आर्थिक नुकसान होता है। यह आंकड़ा केवल आर्थिक क्षति का है जबकि मानवीय जीवन की हानि का मूल्यांकन करना संभव ही नहीं है। हर वर्ष सैंकड़ों लोग केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि हम समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठा पाते। यह स्थिति हमें एक महत्वपूर्ण नीति परिवर्तन (‘आपदा के बाद राहत’ से ‘आपदा से पहले तैयारी’ की ओर) की ओर संकेत करती है। इसके लिए सबसे पहले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ‘डिजिटल ड्रेनेज ऑडिट’ को अनिवार्य किया जाना चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि पानी का प्राकृतिक प्रवाह कहां और कैसे होता है। इसके साथ ही ह्यस्पंज सिटीह्न मॉडल को अपनाना आवश्यक है, जिसमें शहरों को इस प्रकार विकसित किया जाता है कि वे वर्षा के पानी को अवशोषित कर सकें। पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों के लिए भूवैज्ञानिकों की सलाह को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। ढ़लानों की मजबूती, जल निकासी के उचित चैनल और वनस्पति संरक्षण जैसे उपाय भूस्खलन की घटनाओं को कम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, रियल-टाइम वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम और अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत करना भी बेहद आवश्यक है। प्रशासनिक स्तर पर भी जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। हर वर्ष मानसून से पहले नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था के लिए बजट आवंटित किया जाता है लेकिन इसका प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देता। यह केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह जाता है। जब तक इस पर सख्ती से निगरानी और पारदर्शिता नहीं लाई जाएगी, तब तक स्थिति में सुधार की उम्मीद करना व्यर्थ होगा। यहां नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अतिक्रमण, कचरा प्रबंधन में लापरवाही और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी भी इस संकट को बढ़ाती है। यदि नागरिक स्तर पर जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित किया जाए तो इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। कुल मिलाकर, हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है लेकिन उसके प्रभाव को कम करना निश्चित रूप से हमारे हाथ में है। इसके लिए आवश्यक है कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक ईमानदारी को एक साथ लेकर चलें। यदि अब भी हमने समय रहते कदम नहीं उठाए तो मानसून हमारे लिए हर वर्ष राहत के बजाय आफत बनकर आता रहेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर एक दीर्घकालिक और ठोस रणनीति तैयार करें, तभी हम इस प्राकृतिक चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण दे सकते हैं।

**(लेखक के निजी विचार)**

# भारत और इण्डोनेशिया के अंतस छंदस एक

**हृदयनारायण दीक्षित**

दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश इण्डोनेशिया है। वह भारत को लेकर पारिवारिक रिश्ते की घोषणा कर चुका है। इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत के साथ इण्डोनेशिया के संबंधों का खूबसूरत उल्लेख किया है। इण्डोनेशिया की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति सुबियांतो ने आगे बढ़कर मोदी की प्रशंसा की। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष प्राचीन है। अपने जन्म स्थान भारत में इस संस्कृति और सभ्यता की जड़ें गहरी हैं। व्यवसायिक व अन्य कारणों से भारत छोड़कर विदेश में रहने वाले भारतीय सभ्यता और संस्कृति को लेकर स्वाभिमान अनुभव करते हैं। 28 करोड़ आबादी वाला इण्डोनेशिया भारतीय संस्कृति से भरा पूरा है। यहां लगभग 10000 उपासना स्थल व मंदिर हैं। श्रीराम इण्डोनेशिया की संस्कृति में छाए हुए हैं। पूरे देश के कोने-कोने में रामकथा होती रहती है। इण्डोनेशिया और भारत के रिश्ते बहुत पुराने हैं। इण्डोनेशिया के लोग अपने अंतःकरण में भारत को अनुभव करते हैं। इण्डोनेशिया की हवाई सेवा का नाम गरुड़ एयरवेज रहा है। भारत में जो उपजिलाधिकारी प्रशासक होते हैं, इण्डोनेशिया में उन्हें महिपाल कहते हैं। इण्डोनेशिया के लोग विजयादशमी, होली आदि भारतीय त्योहारों का आनंद लेते हैं। इण्डोनेशिया में रामलीला होती है और उसके अधिकांश पात्रों का मजहब इस्लाम होता है। इण्डोनेशिया के लोग मानते हैं कि वे धर्म से और मजहब से इस्लामी हैं लेकिन संस्कृति से भारतीय हैं। यही संस्कृति इण्डोनेशिया और भारत का एकात्मक स्वरूप गढ़ती है। प्रधानमंत्री के इस दौरे में स्वाभाविक ही दोनों पक्ष बढ़-चढ़कर एक-दूसरे की आवभगत कर सकते थे लेकिन यहां बात कुछ दूसरी ही थी। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपना डीएनए टेस्ट करवाया और पाया है कि उनका डीएनए भारतीय है। यही कारण है कि वे भारतीय संगीत सुनते समय शरीर को थिरकता हुआ पाते हैं। बात सही भी है। अपनी जड़ों से जुड़ना सबको आनंदित करता है। इण्डोनेशिया की संस्कृति और भारत की संस्कृति की जड़ें एक हैं। इन जड़ों को सींचते रहना सबका दायित्व है। जैसे जड़ से सूखे पेड़ पर फूल नहीं खिलते। उन पर पक्षी गीत नहीं गाते। पाकिस्तान को ही लीजिए पाकिस्तान और भारतीय संस्कृति की जड़ें एक हैं। इस सभ्यता का विकास सिन्धु और सरस्वती नदियों की जड़ों से निकला है। पाकिस्तान अपनी मूल संस्कृति से पृथक है। जिन्ना और मुस्लिम लीग ने भारत को दो देश माना था। मजहब के आधार पर देश बनाने से राष्ट्रीय क्षति हुई है। पाकिस्तानी भूभाग में उदासी रहती है। नदियां उदास होकर बहती हैं। मजहबी कट्टरपंथ के कारण पाकिस्तान आतंकवाद की यूनिवर्सिटी बन चुका है। वे संस्कृति सत्य स्वीकार नहीं करते। यह संस्कृति हजारों वर्ष के साहचर्य से विकसित हुई है। पूर्वजों ने दीर्घकाल के अनुभवों के आधार पर इसे बड़े प्यार से गढ़ा है। दर्शन और विज्ञान ने इस सांस्कृतिक अभियान का नेतृत्व किया है। यहां हजारों वर्ष प्राचीन सांस्कृतिक निरंतरता है। वैदिक काल के पूर्व के समाज में संपूर्ण मनुष्यता के प्रति एक प्रेमपूर्ण प्रवाह है। ऋग्वेद में उसकी झलक मिलती है। फिर उत्तर वैदिक काल में भी वही सांस्कृतिक निरंतरता प्रकट होती है। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कहा है कि, ‘हमारी सभ्यता और संस्कृति पर भारतीय सभ्यता का गहरा प्रभाव है।’ उन्होंने बताया है कि, ‘उनकी भाषा का लगभग पचास प्रतिशत हिस्सा संस्कृत से आया है। हमारे बहुत से नाम संस्कृत में हैं इसलिए हमारे बीच ऐसी स्वाभाविक निकटता है।’ संस्कृति का निर्माण दीर्घकाल में होता है। प्रकृति प्रतिपल नया गढ़ती है। मनुष्य प्रकृति के सत्य, शिव और सुंदर को अंगीकृत करते हैं। ऐसे ही मनुष्य संस्कृति गढ़ते हैं। भारतीय संस्कृति का यह प्रवाह और प्रभाव भौगोलिक नहीं था। यह आयार्ना में भी व्याप्त थी। आयार्ना ही आज ईरान है। यही गांधार में प्रवाहित थी। कौरव वंशी राजा धृतराष्ट्र की पत्नी गांधारी वहीं की थीं। यही गांधार आज का अफगानिस्तान है। यह खोतान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार, श्याम (थाईलैंड), कम्बोडिया, चम्पा और मलेशिया तक व्याप्त रही। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। कभी वह भी हिन्दू सांस्कृतिक क्षेत्र था। इंडोनेशिया आज भी अपनी पुरानी सांस्कृतिक परम्परा से अनुरक्त हैं। फिलीपाइन्स, तिब्बत, बेरूबाड़ी तीन बीघा क्षेत्र तक व्याप्त यही हिन्दू संस्कृति महर्षि और्व के क्षेत्र अरब में भी प्रवाहित थी। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, इटली, ग्रीस, मिस्त्र और आस्ट्रेलिया जैसे राज्य-क्षेत्र भी इस संस्कृति के उपासक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मारीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनीडाड आदि देशों में इसका प्रभाव क्षेत्र सुविदित है। बेशक किन्हीं खास भौगोलिक सीमाओं में ही संस्कृति का विकास होता है। देश, राष्ट्र या राज्य जैसी सीमाएँ संस्कृति बोधक नाम पाती हैं पर दुनिया के सभी क्षेत्रों/देशों/राज्यों की संस्कृति दर्शन, विचार-शैली, काव्य-साहित्य और विभिन्न कलाओं के रूप में ही प्रकट होती है। भारतीय संस्कृति का अध्ययन भी इसी सामग्री के आधार पर किया जाना चाहिए। ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन साहित्य, काव्य, समाजशास्त्र और तत्कालीन समाज-संस्कृति का दर्पण है। समूचा वैदिक साहित्य लोकमंगल की कामना है। इसमें सामाजिक संगठन के साथ-साथ अकरणीय-करणीय के सूत्र भी हैं। यहाँ शरीरविज्ञान, नक्षत्र विज्ञान, जंतुविज्ञान, वनस्पतिशास्त्र, भौतिकी, रासायनिकों का विवेचन है। अणुविज्ञान के विश्लेषण की भी समझदारी है। उपनिषद सृष्टि रचना के आदितत्त्व की खोजबीन करते हैं और इन्हें पूरी मानवता के सत्यखोजी बताते हैं। पुराण लोकजीवन को संगठित करने और प्राचीन ज्ञान से फायदा उठाने के साथ-साथ लगातार सत्यखोजी बने रहने की प्रेरणा देते हैं। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं, इतिहास भी हैं। वे भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में स्वविवेक से जीवन यापन की प्रेरणा देते हैं। प्रकृति प्रसाद है, विकृति विषाद है लेकिन संस्कृति महाप्रसाद है। संस्कृति का निर्माण अचानक नहीं होता। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस में स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति सभी राष्ट्रजनों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, संवेदना, आशा, निराशा, प्रतीति, अनुभूति, धीरज, साहस और संयम मयार्दा का अंतस होती है। भारत की संस्कृति हजारों वर्षों की तप-साधना के बाद बनी। सर जान मार्शल ने भी बताया, ‘अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती पर लम्बा इतिहास होना चाहिए।’ भारतीय संस्कृति दीर्घकालीन तर्क, अनुभव और दर्शन का सुफल है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता, संगठन मजबूती पर भी मंथन

## कोडरमा दौरे पर पहुंचे विधायक सुरेश कुमार बैठा, दो लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा।** कांके विधानसभा के कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार बैठा के कोडरमा आगमन पर जिला परिसदन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आयोजित संगठनात्मक बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी रणनीति तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने पार्टी के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कोडरमा जिला कांग्रेस के संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि मतदाता सूची प्रत्येक नागरिक के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक करने, पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। बैठक के दौरान झुमरी तिलैया निवासी अहमद अंसारी एवं मरकच्चो निवासी जमील आलम ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। विधायक सुरेश कुमार बैठा एवं जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने माला पहनाकर दोनों का पार्टी में स्वागत किया। नेताओं ने विश्वास जताया कि नए सदस्यों के जुड़ने से जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मनोज सहाय ढ्ढपिंकूढ्ढ, चंद्रभूषण साहू, राजनीतिक पासवान, सोनू वारसी, दशरथ पासवान, कासिम अंसारी, पवन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनंत कुमार मेहता, नगर अध्यक्ष संजय सेठ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एक नजर

### ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**कोडरमा।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ, जिला इकाई कोडरमा की ओर से रविवार को जयनगर स्थित सांस्कृतिक भवन में ₹ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनिंदर राम ने की, जबकि संचालन सुमित कुमार एवं मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान पूरे समाज को शिक्षा के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, अनुशासन और संस्कार को जीवन का आधार बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल गोविंद राम ने बताया कि महासंघ प्रत्येक वर्ष मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करता है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। जिला अध्यक्ष मनिंदर राम ने कहा कि समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना है। जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। जिला सचिव प्रकाश रजक ने संविधान में समान अधिकार और अवसर की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर चिंता जताई तथा पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता बताई। शिक्षाविद राम रतन अवध्या ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और अनुशासन अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आज की मेहनत ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है। समारोह में शारदा देवी, ललन आनंदकर, मनोज कुमार, डॉ. संजय, एम. चंद्रा, अंगलाल राम, बासुदेव धोबी, महेश रजक, सुशील कुमार, रामप्रसाद धोबी, उपेंद्र रजक, प्रदीप राम, मनोज रजक, सुनीता देवी, प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, पवन रजक, दीपक कुमार, जनकदेव राम एवं अमर रजक ने शिक्षा, सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती तथा प्रतिभा सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाने पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रविंद्र रजक, दुर्गा प्रसाद राम, सुनील रजक, महेंद्र रजक, हीरामन रजक, रंजन रजक, राजकुमार रजक, त्रिभुवन राम, अर्जुन राम, नरेश रजक, पिंटू रजक, मुखिया अनीता देवी, दशरथ राम, भातु रजक, बैजनाथ रजक, मनोज कुमार, राजेंद्र रजक, रंजीत भारती, दिनेश कुमार रजक, सीताराम रजक, मुनीलाल रजक, प्रेमचंद रजक, त्रिपुरारी रजक, कामेश्वर राम, विनोद बिहारी रजक, संतोष राम, मुन्नी देवी, सोनिया देवी, राधिका देवी, आशा कुमारी, गौरव कुमारी, सरिता देवी, शीला देवी, खुशबू भारती, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### कोडरमा घाटी में टैंकर-हाईवा की टक्कर, चालक घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची,पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी के सतपुलिया के समीप रविवार सुबह टैंकर और हाईवा के बीच हुई भीषण टक्कर में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ देर तक घाटी में लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने तत्परता से हटाकर यातायात सामान्य कराया। घायल चालक की पहचान बिहार के छपरा जिले निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र यादव (पिता जयप्रकाश यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र यादव बोकारो से कच्चा तेल लोड कर टैंकर से नेपाल जा रहे थे। इसी दौरान सतपुलिया के पास एक खाली हाईवा ने टैंकर को ओवरटेक कर अचानक उसके सामने आकर रफ्तार धीमी कर दी। ढलान होने के कारण चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन टैंकर अनियंत्रित होकर पीछे से हाईवा में जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। सूचना मिलते ही कोडरमा पुलिस और सड़क सुरक्षा कर्मी सागर कुमार गिरी मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद सागर कुमार गिरी ने घायल को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के कारण रांचीझ्रपटना मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त टैंकर को सड़क किनारे हटाकर यातायात को पूरी तरह बहाल कराया। गौरतलब है कि कोडरमा घाटी में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, गति सीमा बोर्ड और अन्य ट्रैफिक सुरक्षा उपाय किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

### डाक विभाग कराएगा राखी बनाओ और भेजो प्रतियोगिता

**झुमरीतिलैया।** इस बार रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बहनों को अपने भाई तक राखी पहुंचाने के लिए डाकघर की लंबी कतारों में खड़े होकर परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डाक विभाग इस वर्ष स्कूलों से ही सीधे राखी की स्पीड पोस्ट कराने की एक बेहद खास और अनूठी व्यवस्था करने जा रहा है। इसके साथ ही, नई पीढ़ी के बच्चों को भारतीय संस्कृति, कला और भाई-बहन के अटूट रिश्ते से गहराई से जोड़ने के लिए ह्यह्यराखी बनाओ और भेजोह्लह्ल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। डाक निरीक्षक विकास रंजन ने बताया कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। डाक विभाग की कोशिश है कि दूरी चाहे कितनी भी हो, हर भाई की कलाई पर समय पर बहन का प्यार पहुंचे और इस खूबसूरत परंपरा को स्कूली बच्चे भी करीब से महसूस कर सकें। डाक विभाग की इस विशेष पहल के तहत प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं अपने हाथों से खूबसूरत और रचनात्मक राखी तैयार करेंगी। इसके बाद डाक विभाग की एक विशेष टीम सीधे संबंधित स्कूल पहुंचेगी। वहीं से स्पीड पोस्ट के माध्यम से इन राखियों को उनके भाइयों तक भेजने की प्रक्रिया पूरी करेगी। इस डिजिटल और ऑन-स्पॉट सुविधा से बच्चों और अभिभावकों को अलग से डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी। विभाग का मानना है कि इससे बच्चों में रचनात्मकता बढ़ेगी और भारतीय डाक सेवाओं के प्रति उनका जुड़ाव व समझ मजबूत होगी।

### श्मशान घाट में बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक व चापाकल निर्माण का शिलान्यास



**कोडरमा।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 स्थित सुधा स्वीट्स के सामने श्मशान घाट में बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक तथा चापाकल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सूरज यादव, वार्ड पार्षद अजीत वर्णवाल एवं वार्ड पार्षद रंजीत राम ने संयुक्त रूप से शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सूरज यादव ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर अध्यक्ष साजिद हुसैन के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नगर पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वार्ड पार्षद अजीत वर्णवाल ने कहा कि वार्ड संख्या 14 सहित पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में राजेंद्र पांडेय, आबिद रहमान, प्रदीप पांडेय, रवि राम, नरेंद्र पाल, अमन कुमार, दिनकर कुमार उपस्थित थे।

## कोडरमा में पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा जिले के धार्मिक इतिहास में पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 19 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में झुमरीतिलैया शहर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रविवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित काली मंदिर परिसर में इस्कॉन हजारीबाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. केशव आनंद दास ने बताया कि इस्कॉन द्वारा प्रत्येक वर्ष हजारीबाग, चौपारण सहित विभिन्न स्थानों पर रथ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष पहली बार कोडरमा की पावन धरती पर भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आयोजित की जा रही है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल होने वाला रथ झारखंड के सबसे बड़े एवं आधुनिक तकनीक से लैस रथों में से एक होगा। रथ की ऊंचाई लगभग 40 फीट होगी, जिसे आवश्यकता पड़ने पर 16 फीट तक कम किया जा सकेगा। यह पूरी तरह रिमोट ऑपरेटेड होगा। इसकी चौड़ाई लगभग 12 फीट है तथा आकर्षक सजावट में जापानी सिल्क का उपयोग किया गया है। रथ के शीर्ष पर तीन फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र स्थापित किया गया है, जबकि आगे चार घोड़ों की प्रतिकृति इसे और भव्य स्वरूप प्रदान करेगी। रथ के दोनों ओर 100 से 150 फीट लंबी रस्सियां लगाई जाएंगी, जिन्हें हजारों श्रद्धालु खींचते हुए भगवान की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। आयोजकों के अनुसार रथ यात्रा सुभाष चौक से प्रारंभ होकर झंडा चौक, महाराणा प्रताप चौक, मौसीबाड़ी होते हुए संकट मोचन मंदिर तक पहुंचेगी। पूरे मार्ग में विभिन्न कीर्तन मंडलियां भजन-कीर्तन एवं हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत करेंगी।

## झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ल 'विधि रत्न' सम्मान से सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**झारखंड विधि महाविद्यालय, कोडरमा के समारोह में विधि शिक्षा और अधिवक्ताओं के कल्याण में योगदान के लिए मिला सम्मान**



**कोडरमा,।** झारखंड विधि महाविद्यालय, कोडरमा द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह एवं विधिक सेमिनार में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल को 'विधि रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अधिवक्ताओं के कल्याण तथा विधि शिक्षा के उन्नयन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. चन्द्रभूषण शर्मा, कुलसचिव एवं प्रॉक्टर सिद्धिक रज्जाक, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना के डीन डॉ. अजय कुमार, झारखंड विधि महाविद्यालय के संस्थापक सचिव डी.एन. मिश्रा तथा प्राचार्य डॉ. विकास राय ने संयुक्त रूप से श्री शुक्ल को सम्मानित किया। इस अवसर पर कोडरमा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, सरकारी अधिवक्ता तारकेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, शिक्षाविद एवं विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि राजेश कुमार शुक्ल पिछले साढ़े 14 वर्षों से झारखंड स्टेट बार काउंसिल में वाइस चेयरमैन एवं चेयरमैन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में अधिवक्ताओं के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं तथा राज्य में विधिक शिक्षा को नई दिशा देने का प्रयास किया गया।

वक्ताओं ने विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान अधिवक्ताओं और उनके परिवारों की सहायता, इलाज एवं सहयोग के लिए किए गए उनके कार्यों की सराहना करते हुए इसे अधिवक्ता समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। समारोह के अंत में उनके दीर्घ योगदान के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

## चोरधरा पंचायत के रंका टोला में सांसद ने किया जनसंवाद, सुनी समस्या, समधान का दिया आश्वासन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के कोयलांचल क्षेत्र भ्रमण एवं जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान रविवार को पटेलनगर बैंक मोड़ पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सांसद श्रीश्री शिव शक्ति धाम मंदिर के पुनर्निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। भाजपा भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने सांसद और विधायक को फूल-माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों के साथ अपने नेताओं का अभिनंदन किया। इसी क्रम में बड़कागांव जाते समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का भी पटेल नगर बैंक मोड़ पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। स्वागत समारोह में भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, मंडल मंत्री विनोद सिंह, अशोक कुमार, पंचायत संयोजक उत्तम कुमार, ओम प्रकाश सिंह, अमरेश सिंह, शक्ति केंद्र एवं बूथ पदाधिकारी जनार्दन सिंह, मुन्ना यादव, विनोद कुमार, ललन राय, सूरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। इधर सांसद ने चोरधरा पंचायत के रंका टोला में ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद ने प्रबुद्ध नागरिको को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

**चोरधरा पंचायत के रंका टोला में जनसंवाद, सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

इसके बाद चोरधरा पंचायत के रंका टोला में ग्रामीणों के साथ जनसंवाद एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल ने प्रबुद्ध लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। लोगों ने बताया कि सयाल मोड़ से चैनगडा ओवरब्रिज तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। इस पर सांसद ने मनीष जयसवाल ने तत्काल स्पंज आयरन फैक्ट्री के प्रबंधन से दूरभाष पर वार्ता की। वार्ता के दौरान फैक्ट्री प्रबंधन ने सड़क की मरम्मत कराने और आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

## पति बना हैवान: घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या, शव लेकर नेपाल भागने से पहले दबोचा गया आरोपी

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के भंडरवा स्थित मिटको कॉलोनी में शनिवार शाम घरेलू विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। पत्थर व्यवसायी महावीर यादव के आवास परिसर स्थित स्टाफ क्वार्टर में रह रहे कर्मचारी एवं कथित निजी सुरक्षाकर्मी ने अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या कर दी। मृतका की पहचान 35 वर्षीय रेशमा गजमाई के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति सुनील गजमाई नेपाल के मोरंग जिले का निवासी बताया गया है। जानकारी के अनुसार, वारदात के बाद आरोपी अपनी पत्नी के शव को एंबुलेंस में रखकर बच्चों के साथ नेपाल भागने की फिराक में था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झुमरीतिलैया स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के समीप घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा माना जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

## तिलैया डैम के फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में मॉडर्न पब्लिक स्कूल का स्टाफ पिकनिक, शिक्षकों ने लिया यादगार सफर का आनंद



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**तनावमुक्त माहौल और टीम भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ आयोजन, प्रबंधन ने बताया शिक्षकों का उत्साह ही विद्यालय की सबसे बड़ी ताकत**

**झूमरी तिलैया।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झूमरी तिलैया द्वारा रविवार को विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए तिलैया डैम स्थित एडवेंचर पार्क के फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में भव्य स्टाफ पिकनिक का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों और कर्मचारियों को रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या से राहत देकर उन्हें नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करना था। पिकनिक के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने तिलैया डैम की मनमोहक वादियों के बीच फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सैर की और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। संगीत, नृत्य, मनोरंजक खेलों और सेल्फी के साथ पूरे दिन का माहौल उत्साह और उमंग से भरा रहा। शिक्षकों ने इस यादगार आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक आयोजन शिक्षकों को मानसिक रूप से तरोताजा करते हैं और उन्हें नई ऊर्जा के साथ शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्था की निर्देशिका संगीता शर्मा ने कहा कि विद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी परिवार का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सामंजस्य, टीम भावना और सकारात्मक कार्य संस्कृति को मजबूत करते हैं, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को और प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह स्टाफ पिकनिक सभी कर्मचारियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ और इससे आपसी सहयोग एवं टीमवर्क की भावना को नई मजबूती मिली।

## ताराटांड़ प्रीमियर लीग में जामदार बनी चैंपियन, रोमांचक मुकाबलों से गूंजा मैदान

**12 टीमों ने दिखाया दम, विजेता को 15 हजार और उपविजेता को 10 हजार का पुरस्कार**



**डोमचांच।** प्रखंड के बच्छेडीह गांव स्थित ताराटांड़ मैदान में एक दिवसीय ताराटांड़ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में आसपास की 12 टीमों ने भाग लिया। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि बड़ी संख्या में दर्शकों ने मैचों का आनंद लिया। टूनामेंट का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं कोडरमा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी शालिनी गुप्ता, स्थानीय मुखिया बीना देवी तथा झामुमो प्रखंड सचिव अशरफ अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मुकाबला पहाड़पुर और बेहराडीह के बीच खेला गया। कड़े मुकाबलों के बाद जामदार की टीम ने खिताब अपने नाम किया, जबकि धरमपुर की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में विजेता टीम को 15 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी के बावजूद इस तरह के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर पर पहचान बनाने का सपना लेकर मैदान में उतरते हैं और ऐसे आयोजन उनके लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं। वहीं, मुखिया बीना देवी ने कहा कि युवाओं को नशे और मोबाइल की लत से दूर रखने में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ताराटांड़ प्रीमियर लीग का आयोजन हर वर्ष किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र से अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ सकें। टूनामेंट के दौरान खेल प्रेमियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ मैदान में मौजूद रही और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करती रही।

## 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह कोदवे के रोयांग में किया गया आयोजन

**बच्चों एवं शिक्षकों को किया गया सम्मानित**

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे रोयांग में 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह झारखंड कुरमी महासभा हजारीबाग जिला इकाई द्वारा आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि वेदप्रकाश रंजन प्रोफेसर सह निदेशक क.क.ळ जम्मू,(वैज्ञानिक) विशिष्ट अतिथि महादेव महतो बीडीओ, मनोज मनजीत जिला नियोजन पदाधिकारी, राजेश महतो निदेशक ठ.ए.ढ जमशेदपुर, प्रदेश संरक्षक कुमेश्वर महतो, अध्यक्ष कारीनाथ महतो, उपाध्यक्ष देवकी महतो ने संयुक्त रूप से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया और आप सभी देश के भविष्य है। सभी को सम्मानित किया गया।इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवकी महतो, संचालन संयुक्त सचिव सेवालाल महतो व शिक्षक राजेन्द्र महतो ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव रामटहल महतो,युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव गुलचंद महतो, मंगलदेव महतो, कौलेश्वर महतो, रीमा कुमारी, सकलदेव महतो, मुकेश कुमार महतो ने बच्चों को संबोधित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीता पटेल,दीलिप महतो,सुदय कुमार महतो,केतर महतो, कमलनाथ महतो, सुखदेव महतो, प्रमेश्वर महतो, किशोर सिन्हा, भारती सिन्हा, मालती कुमारी,जयनाथ महतो,करण कुमार महतो, मनोज कुमार, संजय कुमार महतो,सुनिल कुमार महतो, भोला महतो,प्रारस महतो एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बहरागोड़ा में डेढ़ करोड़ रुपये के पन्ना के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बाइक, मोबाइल और नकदी जब्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिले की बहरागोड़ा पुलिस ने कीमती रत्न पन्ना की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब 1.095 किलोग्राम (1095 ग्राम) पन्ना बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम खंडेलवाल ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर बहरागोड़ा बस स्टैंड के समीप कीमती पन्ना की खेप लेकर सौदा करने वाले हैं। सूचना की पुष्टि के बाद घाटशिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और संदिग्ध स्थान पर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही दो मोटरसाइकिलों के पास खड़े तीन युवक भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपित विनय पातर की स्कूटी की डिक्की से सफेद प्लास्टिक में पैक 1.095 किलोग्राम पन्ना बरामद किया गया। इसके अलावा दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के मुराकाटी निवासी विनय पातर, सिद्धेश्वर कालिंदी तथा श्यामासुन्दरपुर निवासी स्नेहाशिश मंगराज के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपित विनय पातर के खिलाफ वर्ष 2018 में गुड़ाबांदा थाना में एक आपराधिक मामला दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही यह पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है कि बरामद पन्ना की खेप कहां से लाई गई थी, इसके पीछे कौन-सा तस्करी नेटवर्क सक्रिय है और इसे किस व्यक्ति या गिरोह तक पहुंचाया जाना था। एसपी शुभम खंडेलवाल ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में खनिज एवं बहुमूल्य रत्नों की अवैध तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा ।इस कार्रवाई में घाटशिला के एसडीपीओ के अलावा बहरागोड़ा थाना के सह थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, रामप्रवेश राय, राहुल कुमार, पंकज कुमार पासवान, ओम शरण तथा अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## युवक पर तलवार से हमला, जांच में जुटी पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** गोलमुरी थाना क्षेत्र के आनंद नगर विकास भवन के समीप शनिवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार तलवार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके हाथ का पंजा बुरी तरह कट गया और पेट में भी चोट आई है। घायल का इलाज कराने के बाद पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान नामदा बस्ती (नानक नगर) निवासी रोहित सिंह के रूप में हुई है। रोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार रात वह वह सिद्धाश्रम मंदिर के पास अपने कुछ दोस्तों के साथ खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान आनंद नगर लाइन नंबर-2 निवासी चंद्र प्रकाश सिंह वहां पहुंचा और बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज करने लगा ।जब रोहित और उसके साथियों ने इसका विरोध किया तो आरोपित आगबबूला हो गया और अपने पास मौजूद धारदार तलवार निकालकर हमला कर दिया। रोहित के अनुसार, आरोपित ने पहले उसकी गर्दन पर वार करने का प्रयास किया। उसने हाथ आगे कर अपनी जान बचाई, जिससे तलवार का वार सीधे उसके हाथ के पंजे पर लगा और गहरा जख्म हो गया। इसके बाद आरोपित ने पेट पर भी हमला किया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के जुटने पर आरोपित मौके से फरार हो गया। घायल युवक किसी तरह गोलमुरी थाना पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने उसके हाथ में गंभीर जख्म होने की पुष्टि की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। गोलमुरी थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ जानलेवा हमले सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में विवाद का कारण आपसी रंजिश प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने गौशाला परिसर में चलाया पौधारोपण व स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से रविवार को गौशाला परिसर में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल के सम्मान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

अभियान के दौरान मंच के सदस्यों ने गौशाला परिसर की साफ-सफाई की तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजक कन्हैया गर्ग और सह-संयोजक आदित्य राज अग्रवाल ने अभियान की तैयारियों से लेकर उसके सफल संचालन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मंच के सलाहकार पुरुषोत्तम शर्मा और प्रमोद नेवटिया ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण और स्वच्छता जैसे सामाजिक अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने मंच द्वारा जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

कार्यक्रम में लीलेश खिरवाल, मुकेश अग्रवाल, गोविन्द मोहता, आशीष चौधरी, ओम केड़िया, प्रशांत मोहता, अजय मोहता और प्रियम चिरानिया सहित बड़ी संख्या में मंच के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

## करंट से मजदूर की मौत पर विधायक और भाजपा नेता ने दोषियों पर की कार्रवाई की मांग

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र के जयपाल कॉलोनी में बालिगुमा पानी टंकी तक राइजिंग पाइपलाइन बिछाने के दौरान शनिवार को करंट लगने से मजदूर चेतन यादव की मौत के मामले में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय और भाजपा नेता विकास सिंह ने घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दोनों नेताओं ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य बिना पर्याप्त तकनीकी अध्ययन और आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किए कराया गया। उनका आरोप है कि कार्य के दौरान बिजली विभाग से समुचित समन्वय और अनुमति नहीं ली गई, जिसके कारण यह दुखद हादसा हुआ।

उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह तय किया जाए कि दुर्घटना के लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरयू राय और विकास सिंह ने कहा कि चेतन यादव गिरिडीह से रोजी-रोटी कमाने के लिए जमशेदपुर आए थे, लेकिन कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। उनका कहना है कि किसी भी विकास कार्य में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि मृतक के आश्रितों को सरकार, संवेदक (ठेकेदार) और संबंधित एजेंसियों की ओर से उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही, जांच में जिन अधिकारियों या अन्य संबंधित लोगों की लापरवाही सामने आए, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## इमेज क्राफ्ट एक्सपो 11 अगस्त से , पोस्टर का हुआ विमोचन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** फोटोग्राफी के क्षेत्र में नई तकनीकों और आधुनिक उपकरणों से स्थानीय फोटोग्राफरों को जोड़ने के उद्देश्य से फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ जमशेदपुर (एफएजे) ने आगामी 'इमेज क्राफ्ट एक्सपो' की तैयारियां शुरू कर दी हैं।रविवार को शहर के होटल केनेलाइट में आयोजित समारोह के दौरान 11, 12 और 13 अगस्त को होने वाले तीन दिवसीय 'इमेज क्राफ्ट एक्सपो' के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। समारोह में 'इमेज क्राफ्ट' के संचालक शंकर दास और पिंकी दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एसोसिएशन की ओर से दोनों अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।इस दौरान बताया गया कि एक्सपो में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से जुड़ी नवीनतम तकनीक, आधुनिक कैमरा उपकरण, एडिटिंग टूल्स तथा उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों के अनुभव साझा किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के पेशेवर और उभरते फोटोग्राफरों को नई जानकारी और कौशल प्राप्त होगा।कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि यह आयोजन जमशेदपुर और आसपास के फोटोग्राफरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

वहीं सचिव दलजीत सिंह ने बताया कि एक्सपो के माध्यम से स्थानीय फोटोग्राफरों को राष्ट्रीय स्तर की तकनीकों और उद्योग के बदलते स्वरूप से परिचित कराया जाएगा, जिससे उन्हें अपने पेशे में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।पोस्टर विमोचन समारोह में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिव शंकर गोराई, उपाध्यक्ष कमलेश, कार्यकारिणी सदस्य रवि कुशवाहा, रंजीत सिंह गाबरी, ओम प्रकाश, नंदू रजक, हरिनारायण, रजनीश सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## द ब्लैकबोर्ड के प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए राज्य के मेधावी छात्र

उज्जवल दुनिया संवाददाता





**रांची :** डंगरा टोली स्थित अग्रणी शिक्षण संस्थान द ब्लैकबोर्ड में झारखंड बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रदीप नरसरिया थे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा, विनय सिंह एवं संस्थान के सभी शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बना दिया।

इस वर्ष झारखंड बोर्ड परीक्षा में द ब्लैकबोर्ड ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए राज्य की मेरिट सूची में अपना दबदबा कायम रखा। संस्थान के 10 विद्यार्थियों ने राज्य के टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया, जबकि 20 विद्यार्थियों ने राज्य की टॉप-15 मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। इसके अतिरिक्त 59 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया।

समारोह में राज्य के टॉपर्स एवं अन्य मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र तथा 51000 रुपये प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट टीवी, ,स्मार्ट वॉच साइकिल सहित कई आकर्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि द ब्लैकबोर्ड का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करना है। द ब्लैकबोर्ड ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम के बल पर सफलता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के शिक्षकों एवं प्रबंधन की सराहना की। समारोह का समापन सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देने के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### चाईबासा में कराटे प्रशिक्षण शिविर एवं ब्लैक बेल्ट डिप्लोमा परीक्षा आयोजित, 150 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा




**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित संत जेवियर स्कूल ऑडिटोरियम में रविवार को जेकेए इंडिया झारखंड की ओर से एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ब्लैक बेल्ट डिप्लोमा परीक्षा का आयोजन किया गया। शिविर में चाईबासा सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लगभग 150 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लेकर उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया और ब्लैक बेल्ट डिप्लोमा परीक्षा में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण एवं परीक्षा का संचालन जेकेए इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर सिहान आनंद रत्ना (ब्लैक बेल्ट सातवीं डॉन, जापान) ने किया। मुंबई से आए सिहान आनंद रत्ना ने खिलाड़ियों को कराटे की उन्नत तकनीकों, आत्मरक्षा के प्रभावी तरीकों तथा प्रतियोगी स्तर की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने अभ्यास के दौरान तकनीकी शुद्धता, अनुशासन और मानसिक एकाग्रता के महत्व पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नियमित प्रशिक्षण शिविर और तकनीकी परीक्षाएं खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के साथ उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम भी है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ सिहान आनंद रत्ना, संत जेवियर बॉयज स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं ऑडिटोरियम निदेशक फादर यूजिन एक्का, जेकेए झारखंड के अध्यक्ष एवं मुख्य कराटे प्रशिक्षक सेंसई पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष इरशाद अली, सहायक सचिव सेंसई डॉ. अमरेश अनीश, समाजसेवी सीताराम सिंह तथा राजेश रंजन तिग्गा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताई गई।

### जाहेरथान में हुई आषाढ़ी पूजा, अच्छी वर्षा व समृद्धि की कामना



डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केन्दुआ पंचायत के गमिराकोचा गांव में आषाढ़ माह के पावन अवसर पर जाहेरथान में पारंपरिक आषाढ़ी पूजा श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुई. पूजा का नेतृत्व नाया (मुख्य पुजारी) हरिपद सरदार तथा कुड़ाम देवरी (सहायक पुजारी) पुरेन सरदार ने किया पूजा-अर्चना के दौरान नाया हरिपद सरदार ने अच्छी वर्षा, बेहतर खेती, क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि, पशुओं के स्वास्थ्य एवं जनकल्याण की कामना की. उन्होंने कहा कि आषाढ़ी पूजा प्रकृति के प्रति श्रद्धा, समर्पण और मानव-प्रकृति के गहरे संबंध का प्रतीक है. प्रकृति ही समस्त जीव-जगत का पालन-पोषण करने वाली शक्ति है और उसके संरक्षण एवं संवर्धन से ही पर्यावरणीय संतुलन तथा जीवन की निरंतरता संभव है. ग्राम प्रधान उमापद सरदार ने बताया कि गांव के पूर्वजों की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष जाहेरथान में आषाढ़ी पूजा आयोजित की जाती है. यह पूजा क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि तथा अच्छी वर्षा की कामना के लिए की जाती है. पूजा में ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पाठा एवं मुर्गा की बलि अर्पित कर इंद्र देव को प्रसन्न करने तथा क्षेत्र में समय पर वर्षा, अच्छी फसल और खुशहाली की प्रार्थना की. इस अवसर पर उपस्थित जदयू के जिला महासचिव बीर सिंह देवगम ने भी ग्रामीणों के साथ पूजा में भाग लेकर गांव की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की. ग्रामीणों ने सरकार से गांव के जाहेरथान की घेराबंदी कराने की मांग भी उठाई. उनका कहना था कि अन्य जाहेरथानों की तरह गमिराकोचा के जाहेरथान का भी संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए. इस अवसर पर हरिपद सरदार, बलराम सरदार, पूरेन सरदार, नेत्रा सरदार, लखिंदर सरदार, निवारण सरदार, वृंदावन सरदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विश्रामपुर विधानसभा के बूथ संख्या-139 पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शत-प्रतिशत पूरा

पलामू : जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप तेजी से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर एन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म का वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या-139 ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है। मतदान केंद्र संख्या-139 की बीएलओ सुमित्रा कुमारी ने अपनी कार्यकुशलता, समर्पण और बेहतर नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए बूथ के सभी 542 मतदाताओं का एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने के साथ-साथ उसका डिजिटाइजेशन भी सफलतापूर्वक पूर्ण कराया ।पुनरीक्षण के दौरान ०2 मतदाता अनुपस्थित, 24 स्थानांतरित, 10 मृत और ०2 डुप्लीकेट मतदाता चिन्हित किए गए। इस उपलब्धि के पीछे विश्रामपुर विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता कुंदन कुमार की सतत मॉनिटरिंग, प्रभावी कार्ययोजना और टीम आधारितइस संबंध में कुंदन कुमार ने रविवार को बताया कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी गति से संचालित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी बीएलओ एवं पूरी टीम के समन्वित प्रयास से यदि कार्य इसी गति से आगे बढ़ता रहा, तो विश्रामपुर विधानसभा राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण करने वाला पहला विधानसभा क्षेत्र बनने की दिशा में अग्रसर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बीएलओ सुमित्रा देवी को बधाई देते हुए कहा कि सफलता केवल लक्ष्य प्राप्त करने में नहीं, बल्कि पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने में है। सुमित्रा कुमारी ने यह सिद्ध किया है कि प्रतिबद्धता और सुनियोजित कार्यप्रणाली से कठिन से कठिन लक्ष्य भी समय पर प्राप्त किए जा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक बीएलओ की सफलता नहीं, बल्कि पूरी टीम के समन्वित प्रयास का परिणाम है।मैं जिले के सभी बीएलओ से अपेक्षा करता हूं कि वे भी इसी समर्पण, सकारात्मक सोच और कार्यसंस्कृति के साथ अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करें।

# जनाजा ले जाने के दौरान दर्दनाक हादसा, हाई टेंशन तार की चपेट में आने से आधा दर्जन घायल

एजेंसी

**भागलपुरः** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र में रविवार को जनाजे ले जाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले जाए जा रहे जनाजे के दौरान हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हबीबपुर के पूर्व मुखिया की पत्नी के इंतकाल के बाद उन्हें सुपुर्द-ए-खाक करने के लिए जनाजा कब्रिस्तान लाया गया था। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। इसी दौरान जनाजे का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गया। तार के संपर्क में आते ही करंट फैल गया, जिससे मौके पर मौजूद आधा दर्जन लोग झुलस गए। हादसे के बाद कब्रिस्तान में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान



बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लग गई है। घायलों में मोहम्मद अल्ताफ उम्र 22 साल, मोहम्मद उमोद उम्र 15 साल, मोहम्मद अफरोज उम्र 38 वर्ष, मोहम्मद खुशहाल उम्र 25 वर्ष, मोहम्मद जब्बार उम्र 40 वर्ष और मोहम्मद शाहबाज उम्र 12 साल शामिल हैं। घटना बिजली विभाग की कथित लापरवाही का परिणाम है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसी जगह 11000 तार लापरवाही स्थिति में लटकता हुआ दिखाई देता है! स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली विभाग के जेई संतोष कुमार को किसी भी तरह की सूचना देने का प्रयास करते हैं। तो वह अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं !घटना के आक्रोश में स्थानीय लोगों ने मामले की स्पष्ट जांच करने दोषियों पर कार्रवाई तथा भविष्य में किसी भी क्षेत्र में ऐसी घटनाएं नहीं हो, इसके लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## बिहार के वैशाली में आपसी विवाद में अर्मी जवान और उसके पिता की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

**वैशाली** :बिहार में वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रजासो गांव में रविवार सुबह रास्ते के विवाद में छुट्टी पर घर आए एक आर्मी जवान और उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस दोहरे हत्याकंड से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के मुताबिक मृतक आर्मी जवान की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो दिल्ली में भारतीय सेना में तैनात था।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले एक रिश्तेदार की बिजली करंट लगने से मौत हो जाने के बाद वह छुट्टी लेकर अपने गांव आया था। इसी दौरान गांव में विवादित जमीन से रास्ते को लेकर उसका अपने चचेरे भाई जगदीश राय से विवाद हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शनिवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच रास्ते को लेकर कहासुनी हुई थी। सूचना मिलने पर बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, यह विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। रविवार की सुबह आरोपी पक्ष ने कथित तौर पर दोबारा हमला कर दिया। आरोप है कि जगदीश राय ने पहले जितेंद्र कुमार और उसके पिता मुनारीक राय पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से मुनारीक राय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल जितेंद्र कुमार को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।,

जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोहरे हत्याकांड की इस वारदात के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला रास्ते के विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद आरोपी और उसके परिवार के सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

## सीवान पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में टॉप-10 अपराधी कौसर साई गिरफ्तार

एजेंसी

**सीवानः** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को मजबूत करने के अभियान के तहत सीवान पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एम.एच. नगर थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल वांछित अपराधी कौसर साई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई और एम.एच. नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पिआउर निवासी अंसार साई के पुत्र कौसर साई को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त महाराजगंज थाना कांड संख्या 294/25 में वांछित था। उसके विरुद्ध बीएनएस, आर्म्स एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट की




विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कौसर साई का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध वर्ष 2019 में हत्या, धमकी, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत तथा वर्ष 2024 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एम.एच. नगर थाना में मामले दर्ज हैं। एसपी पूरन कुमार झा ने कहा कि जिले में फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। छापेमारी में एम.एच. नगर थानाध्यक्ष पुअनि राजीव कुमार पटेल, जिला आसूचना इकाई, सीवान तथा एसटीएफ की संयुक्त टीम थी।

## बजाज फाइनेंस एजेंट बन साइबर ठगी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**नालंदा** : नालंदा साइबर थाना पुलिस ने रविवार को लोन दिलाने के नाम पर लोगों से साइबर ठगी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दोनों आरोपित व्हाट्सएप के माध्यम से खुद को बजाज फाइनेंस का एजेंट बताकर भोले-भाले लोगों से संपर्क करते थे और उन्हें आसान लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे।साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के सरबहदी गांव में छापेमारी की।

इस दौरान रामवरण कुमार (35 वर्ष), पिता सुरेंद्र प्रसाद तथा राजीव प्रसाद (37 वर्ष), पिता रामप्रवेश प्रसाद, दोनों निवासी सरबहदी, थाना मानपुर, जिला नालंदा को गिरफ्तार किया गया है।इस मामले में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 182/26, दिनांक 10 जुलाई 2026 दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से साइबर ठगी में प्रयुक्त छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें तीन स्मार्टफोन और तीन कीपैड मोबाइल शामिल हैं।

बरामद मोबाइलों की जांच कर ठगी के नेटवर्क और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है।इस कार्रवाई में नालंदा साइबर थाना की पुलिस निरीक्षक कुमारी उषा सिन्हा, पुलिस अवर निरीक्षक अबू तालीब अंसारी, सिपाही पुनेश कुमार तथा नालंदा साइबर थाना एवं मानपुर थाना की सशस्त्र पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस पूरे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

## नालंदा के बावन बूटी को पर्यटन और डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने की बनाई गईं रणनीति

एजेंसी

**नालंदा, बिहारशरीफ :** नालंदा की जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने रविवार को बसवन बिगहा, बिहारशरीफ में आयोजित बावन बूटी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बुनकरों, शिल्पकारों, नाबार्ड के अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत हरित पौधा और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि नालंदा की प्रसिद्ध बावन बूटी हस्तशिल्प कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए प्रशासन पर्यटन स्थलों पर बिक्री एवं प्रदर्शन की स्थायी व्यवस्था विकसित करने का प्रयास करेगा।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक उत्पाद के साथ उसकी निर्माण प्रक्रिया, कारीगर की जानकारी, प्रयुक्त सामग्री और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि भी प्रदर्शित होनी चाहिए, ताकि खरीदार उससे भावनात्मक रूप से जुड़ सकें।

डीएम ने प्रत्येक उत्पाद पर क्यूआर कोड लगाने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे खरीदार उत्पाद से जुड़ी सभी जानकारियां आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक एवं वित्तीय सहयोग का भरोसा दिया।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ने बताया कि जीआई (जी आई) टैग मिलने के बाद सभी बुनकरों को उससे जोड़ा जाएगा। साथ ही ऑनलाइन बिक्री और क्षेत्र में धागा उत्पादन इकाई स्थापित करने की संभावनाओं पर भी काम किया जाएगा।

कार्यक्रम में बुनकरों ने मार्केटिंग, स्थायी बाजार, प्रशिक्षण तथा सरकारी संस्थानों और पर्यटन स्थलों पर बावन बूटी उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने की मांग रखी। डीएम ने सभी व्यवहारिक सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बारिश से किसानों की उम्मीदें जगीं, बिचड़ा डालने की तैयारी में जुटे किसान

एजेंसी

**भागलपुर :** बीते दो दिनों की बारिश ने किसानों के मुरझाए चेहरे पर खुशी व दी है। किसानों ने पानी की कमी के कारण अब तक धान का बिचड़ा नहीं डाला था, वे अब अपने खेतों बिचड़ा डालने का काम शुरू कर चुके हैं। वहीं वैसे किसान जिन्हें पानी की सुविधा है, वो अब धान की बुआई में जुट गए हैं।

मौसम विभाग ने भी आगामी 15 जुलाई तक जिले में अच्छी बारिश का पूवार्नुमान जारी किया है। जिससे आने वाले दिनों में कृषि कार्यों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है। रविवार को भी सुबह हल्की बारिश हुई है। मौसम के अनुसार अभी बारिश की संभावना



बनी हुई है। वहीं शनिवार की सुबह से जिले के विभिन्न इलाकों में रुक-रुक कर हो रही रिमझिम बारिश ने न सिर्फ तापमान में गिरावट दर्ज की है, बल्कि कृषि कार्य के लिए माहौल को बेहद अनुकूल बना दिया है। किसान अब बिना समय गंवाए धान की बुआई और बिचड़ा तैयार करने में जुट गए हैं। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि वर्तमान में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है और आने वाले दिनों में भागलपुर में और भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। जुलाई की इस मानसूनी बारिश से सिर्फ किसान ही नहीं, बल्कि जिला कृषि विभाग ने भी बड़ी राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि इस साल अप्रैल से लेकर जून महीने के अंत तक सही तरीके से बारिश नहीं होने के कारण कृषि विभाग की चिंताएं चरम पर थीं। जून बीतने तक जिले के कुछ ही हेक्टेयर खेतों में किसान धान का बिचड़ा डाल पाए थे, जिससे विभाग द्वारा तय किए गए धान की खेती के कुल रकबे को हासिल करना नामुमकिन लग रहा था। लगातार कम बारिश से विभाग को जिले में सूखे की स्थिति उत्पन्न होने का डर सता रहा था, लेकिन जुलाई की इस बारिश ने विभागीय अधिकारियों और अन्नदाताओं के उस डर को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस सिलेंडर से लगी आग,हजारों की संपत्ति जलकर राख



**नवादा :**जिले के कौआकोल बाजार स्थित कोऑपरेटिव बैंक के समीप भोला साव के घर में रविवार को गैस सिलेंडर से जुड़े चूल्हे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया,जिससे किचन में रखा फ्रीज सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घर मे रखे लाखो की सम्पति जल गई।आग बुझाने के दौरान भोला साव के पुत्र जितेन्द्र कुमार आंशिक रूप से झुलस गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समाजसेवी एवं स्थानीय ग्रामीण आयुष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों और अग्निशमन विभाग की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता,तो आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे और एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की तैयारी को लेकर इस्कॉन प्रबंधकारिणी की बैठक सम्पन्न



**बक्सरः** आगामी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के आयोजन को लेकर पड़री स्थित इस्कॉन मंदिर प्रबंधकारिणी समिति की बैठक गोयल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इस्कॉन मंदिर, पड़री, बक्सर के प्रबंधक राजा गोविंद दास ने की। जबकि संचालन शिक्षाविद् सह समाजसेवी एवं इस्कॉन मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य डॉ. रमेश कुमार ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जुलाई, शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की पावन रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली जाएगी। रथ यात्रा का शुभारंभ गोलंबर स्थित हनुमान मंदिर, बक्सर से होगा तथा विभिन्न मार्गों से होते हुए इसका समापन गोयल धर्मशाला में किया जाएगा। यह रथयात्रा पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा भव्य होगा। बैठक के दौरान रथ यात्रा के मार्ग, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सहायता तथा यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति ने नगरवासियों से इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा सहयोग प्रदान करने की अपील की। रथ यात्रा महोत्सव के संरक्षक रोहतास गोयल एवं बबन सिंह ने कहा कि यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से महोत्सव को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। बताया गया कि महोत्सव में बक्सर के विभिन्न मठ-मंदिरों के महंत एवं पूजारियों के साथ-साथ राजनेताओं, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से ओंकार दास, शैलेन्द्र सिंह, विकास यादव, रंजीत कुमार, आकाश कुमार, संतोष कुमार, प्रेम प्रकाश ओझा, जितेन्द्र मिश्रा एवं राहुल कुमार उपस्थित रहे।

### राजगीर में 37वीं क्षेत्रीय ताइक्वांडो एवं मुक्केबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ, 300 खिलाड़ी हुए शामिल



**नालंदा :** राजगीर स्थित तपस्वी जगजीवन सरस्वती विद्या मंदिर हसनपुर में रविवार को भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के तत्वावधान में 37वीं क्षेत्रीय ताइक्वांडो एवं मुक्केबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के कुलपति शिशिर सिन्हा, कुलसचिव रजनी कान्त, विद्या भारती बिहार के सह मंत्री प्रो. डॉ. राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह तथा क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख फणीश्वर नाथ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्राचार्य अनंत कुमार सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया।इस संबंध में फणीश्वर नाथ ने बताया कि वर्ष 2009 से विद्या भारती को एसजीएफआई में भागीदारी की मान्यता प्राप्त है और संगठन के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में विद्या भारती देशभर में पांचवें स्थान पर है। मुख्य अतिथि शिशिर सिन्हा ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। रजनी कान्त ने खेलों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने वाला बताया तथा खिलाड़ियों को बिहार खेल विश्वविद्यालय भ्रमण का आमंत्रण दिया है।

### पुलिस अधीक्षक, बक्सर द्वारा मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित

बक्सरः पुलिस अधीक्षक, बक्सर शुभम आर्य की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभागार/पुलिस कार्यालय में मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित की गई । बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में घटित अपराधों, लंबित कांडों, गंभीर मामलों के अनुसंधान, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान, साइबर अपराध, वाहन चोरी, बैंक सुरक्षा, महिला एवं बाल अपराध, भूमि विवाद, कानून-व्यवस्था तथा आगामी पर्व-त्योहारों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, त्वरित कार्रवाई, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन तथा जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# न्यायालय की भव्यता नहीं, न्याय तक आसान पहुंच अधिक महत्वपूर्ण : मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत

## -मुख्य न्यायाधीश ने मुख्यमंत्री के साथ गुरुग्राम में किया टॉवर ऑफ जस्टिस का लोकार्पण

एजेंसी




**गुरुग्राम।** देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायालयों का वास्तविक महत्व उनकी भव्यता में नहीं, बल्कि इस बात में है कि वे नागरिक और न्याय के बीच की दूरी को कितना कम करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का ह्यटॉवर ऑफ जस्टिसह्न इसी सोच का प्रतीक है और इससे न्यायिक क्षमता बढ़ने के साथ लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।

रविवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने गुरुग्राम में टॉवर ऑफ जस्टिस का उद्घाटन किया तथा वर्चुअल माध्यम से नूंह जिले के तावडू और पुन्हाना में नए न्यायिक परिसरों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा सहित कई न्यायाधीश एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त न्यायिक परिसरों का निर्माण हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता और न्यायिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त न्यायालयों के निर्माण से अधिक मामलों की सुनवाई संभव होगी और विशेष रूप से वाणिज्यिक विवादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) से जुड़े मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता सदैव ऐसी न्याय व्यवस्था का निर्माण होनी चाहिए जो दक्ष भी हो और निष्पक्ष भी। न्याय में गति आवश्यक है, परन्तु वह कभी भी संवैधानिक मूल्यों की कीमत पर प्राप्त नहीं की जा सकती। इस परिसर में आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तथा सुव्यवस्थित ज्यूडिशियल मालखाना जैसी सुविधाएँ भी विकसित की गई हैं। इस परियोजना की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता प्रस्तावित इंटरनेशनल आर्बिटेशन सेंटर है जो उच्च न्यायालय के संरक्षण में संचालित होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसी न्यायपालिका का निर्माण है जो आधुनिक हो, किन्तु मानवीय भी हो, तकनीकी रूप से उन्नत हो, किन्तु संविधान के मूल्यों में दृढ़ता से निहित भी और प्रत्येक वाद के पीछे छिपे मानवीय जीवन को समझने वाली संवेदनशील संस्था भी बनी रहे। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य मामलों का शीघ्र निस्तारण करना तो है ही उसके साथ, हमारा प्रयास यह भी होना चाहिए कि कोई भी नागरिक आर्थिक, सामाजिक अथवा प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण स्वयं को न्याय से वंचित न महसूस करे। उन्होंने कहा कि टावर ऑफ जस्टिस केवल एक भव्य इमारत न रहे, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए निष्पक्ष, प्रभावी और संवेदनशील न्याय का प्रतीक बनेगा।

जस्टिस सूर्यकांत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य ने टॉवर ऑफ जस्टिस निर्माण में अपना योगदान देने वाले श्रमिकों को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका सम्मान किया।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आज का अवसर मेरे लिए विशेष है। जनवरी 2017 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रहते हुए मुझे इस न्यायिक परिसर का भूमि-पूजन करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि

गुरुग्राम कभी मुख्यतः कृषि के लिए जाना जाता था, वह आज उद्योग, नवाचार और निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आज गुरुग्राम की अदालतों में 24,000 से अधिक सिविल डिस्प्यूट, लगभग 1,000 कमर्शियल डिस्प्यूट तथा नेगोशियबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के एक लाख से अधिक मामले लंबित हैं। ये आँकड़े न्याय व्यवस्था पर बढ़ते दायित्व का संकेत हैं। ऐसे समय में यह टॉवर ऑफ जस्टिस केवल एक आधुनिक भवन नहीं है, बल्कि न्याय तक पहुँच को और अधिक प्रभावी बनाने का माध्यम है।

## तरनतारन पुलिस ने पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए गिराई गई 10.9 किलो हेरोइन बरामद की



एजेंसी

### बीएसएफ के साथ संयुक्त तलाशी अभियान में करीब 55 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त

**तरनतारन।** तरनतारन पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराई गई 10 किलो 900 ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद हेरोइन की कीमत करीब 55 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार वल्टोहा पुलिस स्टेशन को देर रात सूचना मिली थी कि गांव लखना के बहकान के पास जसविंदर सिंह पुत्र बाली सिंह के खेतों में ड्रोन के जरिए कुछ पैकेट गिराए गए हैं। इसके बाद वल्टोहा थाने के हेड सब-इंस्पेक्टर विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ गांव लखना पहुंचे और सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की टीम ने खेतों से एक प्लास्टिक बैग और कुछ खुले पैकेट बरामद किए। जब इनका वजन किया गया तो कुल 10 किलो 900 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन को जब्त कर लिया है। वल्टोहा पुलिस स्टेशन में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सीमा पार तस्करी के इस नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में भारत ने सभी 5 स्वर्ण जीते, संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत ने 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (आईपीएचओ) में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी पांच स्वर्ण पदक जीत लिए। कोलंबिया के बुकारामांगा में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने चीन, कजाकिस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया और ताइवान के साथ संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 87 देशों के 381 छात्रों ने भाग लिया। स्वर्ण पदक विजेताओं में पुणे के कनिष्क जैन, इंदौर के ऋद्धेश अनंत बेंदाले, नई दिल्ली के ऋषित गर्ग, मुंबई के श्रेष्ठ सुरैया और अहमदाबाद के स्वरित जोशी शामिल हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) के राष्ट्रीय केंद्र होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई) ने भारतीय टीम को प्रशिक्षित और चयनित किया। एचबीसीएसई देश में राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम का नोडल केंद्र है और विज्ञान एवं गणित के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया, ओरिएंटेशन शिविरों और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने इस उपलब्धि पर छात्रों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में पांच स्वर्ण पदक और संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल करना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि भारतीय छात्रों की प्रतिभा, समर्पण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ एचबीसीएसई-टीआईएफआर के ओलंपियाड कार्यक्रम की उत्कृष्ट तैयारी का प्रमाण है। विभाग ने भारतीय दल के टीम लीडर प्रो. अन्वेष मजूमदार (एचबीसीएसई-टीआईएफआर) और डॉ. लीना जोशी (सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई) के साथ वैज्ञानिक पर्यवेक्षक प्रो. आनंद दासगुप्ता (आईआईएसईआर, कोलकाता) और निशा केलकर (गोगटे-जोगलेकर कॉलेज, रत्नागिरी) तथा एचबीसीएसई के भौतिकी ओलंपियाड दल और मेंटर्स को भी इस सफलता के लिए बधाई दी। एचबीसीएसई के निदेशक प्रो. अर्नब भट्टाचार्य ने कहा कि विज्ञान और गणित ओलंपियाड में भारतीय टीम की लगातार सफलता कई दशकों की सुनियोजित तैयारी, मार्गदर्शन और परमाणु ऊर्जा विभाग के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

## पीयूष गोयल कल से तीन देशों की यात्रा पर, एफटीए और निवेश सहयोग पर चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 13 से 17 जुलाई तक स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे, भारत-ईयू व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे तथा व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियों और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के नेताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को बताया कि गोयल उच्चस्तरीय भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन क्षेत्र की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह दौरा यूरोप के साथ भारत की आर्थिक भागीदारी को और मजबूत करने तथा निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दौरे के पहले चरण में गोयल 13 जुलाई को स्पेन पहुंचेंगे। वहां वह स्पेन के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं अर्थव्यवस्था, व्यापार और व्यवसाय मंत्री कार्लोस कुएर्पो काबायेरो, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री जोर्डी हेरेउ बोहेर तथा विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस बुएनो के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसके अलावा वह भारत-स्पेन बिजनेस राउंडटेबल की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि भाग लेंगे।

स्पेन में आयोजित विभिन्न कारोबारी बैठकों के दौरान ऑटोमोबाइल, अक्षय ऊर्जा, रेलवे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श होगा। स्पेन की कई प्रमुख कंपनियां पहले से भारत में निवेश कर रही हैं, जबकि भारतीय कंपनियां भी स्पेन में अपने कारोबार का विस्तार कर रही हैं। यह यात्रा भारत और स्पेन के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मनाए जा रहे।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों के कई डंप बरामद, सोना, नकदी, हथियार और विस्फोटक जब्त

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने आत्मसमर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर बारसूर थाना क्षेत्र के तोड़मा गांव के जंगल-पहाड़ी इलाके में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के कई डंप बरामद किए हैं। कार्रवाई में 116 ग्राम सोना, दो लाख रुपये नकद, आधुनिक हथियार, बड़ी मात्रा में गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य नक्सली सामग्री जब्त की गई है। बरामद सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 18 लाख रुपये बताया गया है। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ओ इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) जितेंद्र कुमार खूंटे ने की। पुलिस के अनुसार, हाल ही में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नक्सलियों के गुप्त डंप की सटीक जानकारी दी थी। इसके आधार पर संयुक्त टीमों ने तोड़मा के घने जंगलों में सर्च अभियान चलाया, जहां जमीन के नीचे अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में - 116 ग्राम सोने का बिस्कुट (अनुमानित कीमत 16 लाख), 2 लाख नकद, 1 इंसास राइफल एवं 16 इंसास मैगजीन, 4 एके-47 मैगजीन और 68 राउंड, 23 एसएलआर मैगजीन एवं 34 राउंड, 5 बारह बोर बंदूकें और 7 कारतूस, 3 बीजीएल लॉन्चर एवं 1 बीजीएल सेल, 2 कार्बाइन मैगजीन, 303 के 8 राउंड एवं 45 चार्जर, 10 भरमार बंदूकें (टूटी-फूटी), 1 रिवॉल्वर, 1 एयरगन, 6 टिफिन बम, 4 पाइप बम, 122 तीर बम, 1 पैरा बम, 2 देशी हैंड ग्रेनेड, 2 देशी मोर्टार, जिलेटिन, 20 डेटोनेटर, कोडेक्स वायर का बंडल और 14 कुकर बम, नक्सली वर्दी का कपड़ा, दवाइयां, पर्चे-पाम्पलेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई।

## असम में 472.51 करोड़ के मादक पदार्थों के विनष्टीकरण अभियान का शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने खुद चलाया रोड रोलर

एजेंसी



**नलबाड़ी (असम)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को नलबाड़ी जिले के दौलाशाल स्थित 14वीं असम पुलिस बटालियन परिसर में राज्यव्यापी मादक पदार्थ विनष्टीकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत अगले 10 दिनों में 472.51 करोड़ रुपये मूल्य के जब्त मादक पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं रोड रोलर चलाकर असम पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा जब्त अवैध शराब को भी नष्ट किया। कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री जयंत मल्लबरुवा, बरखेत्री के विधायक नारायण डेका सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। राज्य सरकार की नशा विरोधी मुहिम के तहत असम के सभी जिलों में भी इसी प्रकार के मादक पदार्थ विनष्टीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार 'नशामुक्त असम' के लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि असम पुलिस प्रतिवर्ष 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त कर रही है और तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उनके अनुसार, पिछले पांच वर्षों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत लगभग 3,300 मामले दर्ज किए गए हैं तथा 3,227 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

डॉ. सरमा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहल पर विभिन्न राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है। राज्य सरकार भविष्य में भी इस अभियान को और तेज करेगी तथा तस्करी में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखेगी।

दौलाशाल में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए ड्रग इन्सिनरेटर की सहायता से हेरोइन, गांजा, कफ सिरप, टैबलेट, कैप्सूल, अफीम, मॉर्फीन, मेथामफेटामाइन, याबा टैबलेट, कोकीन, पोस्ता के पौधे और पॉपी स्ट्रॉ सहित विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों का पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जाएगा।

इस अवसर पर असम भाजपा ने मुख्यमंत्री की पहल का स्वागत किया। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता ब्रजेन महंत ने इसे राज्य को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम बताया। अभियान के तहत जिन मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जाएगा, उनमें 58.88 किलोग्राम हेरोइन (117.75 करोड़ रुपये), 37,796.34 किलोग्राम गांजा (188.98 करोड़ रुपये), 2,29,449 बोतल कफ सिरप (22.94 करोड़ रुपये), 4,96,712 टैबलेट एवं कैप्सूल (19.88 करोड़ रुपये), 79.77 किलोग्राम अफीम (3.98 करोड़ रुपये), 39.07 किलोग्राम मॉर्फीन (39.07 करोड़ रुपये), 18,70,922 याबा टैबलेट (74.84 करोड़ रुपये), 3.20 किलोग्राम मेथामफेटामाइन (4.80 करोड़ रुपये), 0.05 किलोग्राम कोकीन (23.55 लाख रुपये), 4.62 किलोग्राम पोस्ता के पौधे (2.54 लाख रुपये) तथा 9.49 किलोग्राम पॉपी स्ट्रॉ (1.42 लाख रुपये) शामिल हैं। इन सभी मादक पदार्थों का कुल अनुमानित मूल्य 472.51 करोड़ रुपये है।

## एक नजर

### बलूचिस्तान में 'ऑपरेशन शबान' में 3 और आतंकवादी ढेर, कुल संख्या 67 पहुंची



**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन शबान' लगातार जारी है। रविवार को सुरक्षा बलों ने अभियान के दौरान तीन और आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही इस ऑपरेशन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 67 हो गई, जबकि 5 जुलाई से अबतक विभिन्न अभियानों में कुल 105 आतंकवादी मारे जाने का दावा किया गया है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन व अन्य मीडिया ने सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज के हवाले से बताया कि यह अभियान पाकिस्तान सेना, फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और बलूचिस्तान पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। ऑपरेशन की शुरूआत जियारत जिले के मांगी डैम पुलिस पोस्ट पर हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी। हमले में पहले 9 पुलिसकर्मी मारे गए थे, जबकि 18 अन्य का अपहरण कर बाद में उनकी हत्या कर दी गई। उनके शव जरघून गार के पहाड़ी क्षेत्र से बरामद किए गए थे। सरकारी मीडिया के मुताबिक, अभियान के दौरान हवाई और जमीनी दोनों स्तरों पर कार्रवाई की जा रही है। पाकिस्तान सरकार प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए 'फितना-अल-खवारिज' शब्द का इस्तेमाल करती है। वहीं, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि पाकिस्तान सेना, एफसी और पुलिस की कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने क्वेटा में आयोजित नेशनल एक्शन प्लान की प्रांतीय एपेक्स कमेटी की बैठक में कहा कि देश का नागरिक और सैन्य नेतृत्व आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए सभी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी। बैठक में आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, 5 जुलाई से बलूचिस्तान में हुए आतंकी हमलों और उसके बाद चलाए गए अभियानों में अब तक 42 लोगों की जान जा चुकी है। इनमें चार नागरिक, 27 पुलिसकर्मी और 11 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि ऑपरेशन शबान तब तक जारी रहेगा, जब तक क्षेत्र से सभी आतंकवादियों का सफाया नहीं हो जाता।

### चीन में तूफान 'बावी' का कहर, बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द, रेल सेवाएं प्रभावित

**बीजिंग।** चीन के पूर्वी तट से टकराए टाइफून 'बावी' ने व्यापक तबाही मचाई है। तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण देशभर में हजारों उड़ानें रद्द या विलंबित हो गई हैं, जबकि कई इलाकों में हाईस्पीड रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। हालात को देखते हुए चीनी प्रशासन ने बड़े पैमाने पर आपातकालीन इंतजाम किए हैं। चीन की सरकारी मीडिया शिन्हुआ तथा अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टाइफून 'बावी' शनिवार को पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत में पहुंचा, जिसके बाद दक्षिणी और पूर्वी चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश शुरू हो गई। ट्रैवल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म 'उमेट्रिप' के हवाले से बताया गया है कि रविवार के लिए निर्धारित 2,800 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान का असर शंघाई, नानजिंग, हांग्झू, वुहान, शेनयांग, डालियान और चेंगदू समेत कई बड़े शहरों पर पड़ा है। दक्षिण-पूर्वी फुजियान, झेजियांग, दक्षिणी गुआंग्शी और हैनान के हवाई अड्डों पर भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की गई हैं। वहीं, बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट और बीजिंग डैक्सिंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण कई उड़ानों में देरी हुई। पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत में शंघाई, हांग्झू और चांगझू समेत 45 हवाई अड्डों ने तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। शंघाई पुडोंग और शंघाई होंगकियाओ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की परिचालन क्षमता भी प्रभावित हुई है, जहां लगभग 30 प्रतिशत उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई गई है। रेल यातायात भी इससे अछूता नहीं रहा। कई क्षेत्रों में एहतियात के तौर पर हाईस्पीड ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। इस बीच, चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट और टाइफून के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, झेजियांग, उत्तरी फुजियान, दक्षिणी अनहुई, उत्तर-पूर्वी जियांग्शी, बीजिंग और हेबेई के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। कुछ इलाकों में 250 से 500 मिलीमीटर, जबकि ताइवान के कुछ हिस्सों में 800 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। टाइफून के खतरे को देखते हुए चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने शंघाई, जियांग्सू, अनहुई, जियांग्शी और सिचुआन में बाढ़ एवं टाइफून नियंत्रण के लिए लेवल-4 आपातकालीन प्रतिक्रिया लागू कर दी है। वहीं, जल संसाधन मंत्रालय ने झेजियांग और फुजियान में बाढ़ नियंत्रण के लिए आपातकालीन स्तर को बढ़ाकर लेवल-3 कर दिया है। परिवहन मंत्रालय ने भी भारी बारिश के मद्देनजर उच्च स्तरीय आपातकालीन व्यवस्था लागू की है।

### नेपाल के 23 जिलों में बाढ़ की संभावना, काठमांडू में भी ऑरेंज फ्लड अलर्ट



**काठमांडू।** नेपाल के मौसम विभाग ने रविवार को २३ जिलों में बाढ़ आने की संभावना जताई है। इसके अलावा काठमांडू में ऑरेंज फ्लड अलर्ट भी जारी किया गया है। देश की सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण बाढ़ और अचानक आने वाली बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ पूवार्नुमान प्रभाग ने काठमांडू, भक्तपुर, ललितपुर और काभ्रेपलाञ्चोक जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका अर्थ है कि इन क्षेत्रों की नदियों का जलस्तर चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंचने की संभावना है, जिससे बाढ़ का खतरा अधिक है। प्रभाग के अनुसार, पाँचथर, ताप्लेजुङ, तेथुम, धनकुटा, भोजपुर, सोलुखुम्बु, संखुवासभा, खोटाङ, ओखलढुंगा, उदयपुर, सिन्धुली, दोलखा, रामेछाप, सिन्धुपालचोक, नुवाकोट, रसुवा, धादिङ, मकवानपुर, रौतहट तथा आसपास के जिलों की नदियों का जलस्तर भी काफी बढ़ सकता है, जिससे फ्लैश फ्लड का मध्यम खतरा बना हुआ है। प्रभाग ने प्रभावित जिलों के नदी किनारे रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने तथा मौसम और बाढ़ संबंधी ताजा सूचनाओं पर लगातार नजर रखने की अपील की है। बाढ़ चेतावनी प्रणाली के अनुसार हरा (ग्रीन) रंग का अर्थ है कि नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर से नीचे है और बाढ़ का खतरा कम है। पीला (येलो) संकेत देता है कि जलस्तर चेतावनी स्तर के करीब पहुंच रहा है और बाढ़ का मध्यम जोखिम है। नारंगी (ऑरेंज) अलर्ट का मतलब है कि नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर को पार कर चुका है और बाढ़ का खतरा अधिक है, जबकि लाल (रेड) अलर्ट का अर्थ है कि जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है और गंभीर प्रकार की आशंका है।